वालकिंस गंगा
USFDA स्वीकृत आयुर्वेदिक उपचार
HAIR TRANSPLANT
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
शंकर नगर, रायपुर
9238709001

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com
बिलासपुर, सोमवार 28 जुलाई 2025

## शुभमन ने रचा इतिहास




**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर टेस्ट के पांचवें दिन भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल ने बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। वह विदेशी दौरे पर 700+ रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इस मामले में उन्होंने सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली। दिग्गज बल्लेबाज ने 1971 में वेस्टइंडीज के दौरे पर 774 रन बनाए थे। ऐसा ही कारनामा उन्होंने 1979 में इंग्लैंड दौरे पर किया था।

- गिल ने इस सीरीज में चौथा शतक लगाया
- सर डॉन ब्रैडमैन और सुनील गावस्कर के रिकॉर्ड की बराबरी की
- गिल बतौर कप्तान डेब्यू सीरीज में 4 शतक बनाने वाले पहले खिलाड़ी

### व्यापम ने रविवार को आयोजित की थी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा

# सख्ती ऐसी कि उतारनी पड़ी शर्ट, बनियान पहनकर हल किए पर्चे, विलंब के कारण हजार से अधिक वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि लाइव

रविवार को व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की। इंजीनियर भर्ती परीक्षा में सामने आए नकल प्रकरण के बाद व्यापम सख्त हो गया है। इसका असर यह हुआ कि परीक्षार्थियों को बनियान पहनकर ही पर्चे हल करने पड़े। दरअसल, नए नियमों के अनुसार परीक्षा ▶▶|शेष पेज 6 पर

**केस 1**

छत्तीसगढ़ कॉलेज में 480 परीक्षार्थियों के लिए केंद्र बनाया गया था। इनमें से तीन परीक्षार्थी ऐसे रहे, जिन्होंने बनियान पहनकर परीक्षा दिलाई। व्यापम के नए नियमों के मुताबिक परीक्षा केंद्र में केवल ▶▶|शेष पेज 6 पर

**केस 2**

सर्वाधिक हंगामा टाटीबंध स्थित आदर्श विद्यालय में हुआ। यहां दर्जनभर से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े ही रह गए। अभ्यर्थियों का आरोप है कि उन्होंने समय पर केंद्र पर उपस्थिति ▶▶|शेष पेज 6 पर





**केस 3**

शिवांश इंटरनेशनल स्कूल सहित कई केंद्रों में दर्जनभर से अधिक परीक्षार्थी विलंब से पहुंचने के कारण रोके गए। परीक्षार्थियों का कहना है कि वे तय समय पर पहुंच गए थे, वहीं जिम्मेदार ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### सभी केंद्रों की वीडियोग्राफी

*मुख्य द्वार तय समय पर ही बंद किए गए हैं। सभी केंद्रों की वीडियोग्राफी हुई है। द्वार बंद करने से पूर्व लाउड स्पीकर के जरिए चेतावनी भी जारी की गई।*

*- केदार पटेल*
*सह नियंत्रक, व्यापक*

### हरिद्वार में बड़ा हादसा, सावन के महीने में बड़ी संख्या में जुटे थे श्रद्धालु

# अफवाह का करंट, मनसा देवी मंदिर में मची भगदड़, छह की मौत, 35 घायल

#### सीएम धामी ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के दिए आदेश

#### मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की सहायता

उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर क्षेत्र में रविवार को भगदड़ मच जाने से छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हादसे में करीब 35 घायल हो गए। यह हादसा मंदिर परिसर में उस समय हुआ जब सावन महीने के दौरान रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए इकट्ठा हुए थे। बताया जा रहा है कि अचानक बिजली के करंट की अफवाह फैल गई और भगदड़ मच गई।

एजेंसी ▶▶| हरिद्वार/देहरादून

सावन का महीना होने की वजह से मनसा देवी मंदिर में इन दिनों भारी भीड़ उमड़ी रही है। रविवार सुबह संकरे सीढ़ी मार्ग से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगातार मंदिर की ओर जा रहे थे। तभी भगदड़ मच गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। धामी ने घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि सुबह नौ बजे भगदड़ की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस व अन्य बचाव दल मौके पर पहुंचे तथा बचाव एवं राहत अभियान शुरू किया। उन्होंने ▶▶|शेष पेज 6 पर





#### इनकी हुई मौत

मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी आरुष (12), बिहार के अररिया के निवासी शकल देव (18), उत्तर प्रदेश के रामपुर निवासी विक्की सैनी (18), उत्तराखंड के काशीपुर निवासी विपिन सैनी (18), उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के वकील सिंह और उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की शांति के रूप में हुई है।

#### कौन हैं माता मनसा देवी

*उत्तराखंड का मनसा देवी मंदिर हरिद्वार जिले से 3 किलोमीटर दूर शिवालिक पहाड़ी पर स्थित है। मनसा देवी मंदिर की मान्यता है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से माता से मुरादें मांगता है, उसकी हर जरूरी पूरी होती है। मनसा देवी मंदिर परिसर में ही एक पेड़ है जिसकी शाखाओं पर लोग धागा बांधकर मन्नत मांगते हैं और पूरी होने पर उसे खोलने भी आते हैं। जानकारों का कहना है कि मनसा देवी मंदिर का निर्माण राजा गोला सिंह ने 1811 से 1815 के बीच किया था। लोग तब से अपनी मनोकामना मांगने के लिए मंदिर पहुंचते हैं।*

#### आंखों देखी

**रास्ता संकरा, नहीं मिली बचने की जगह**

रास्ता संकरा होने की वजह से लोगों को बचने की कोई जगह नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बिजली के मीटर के पास शॉर्ट सर्किट हुआ और चिंगारी निकली जिससे लोगों में भय फैल गया और उन्होंने भागना शुरू कर दिया। घायल होने के बाद अस्पताल में भर्ती बिहार के बडियारपुर निवासी अजय कुमार (19) ने बताया कि वह भीड़ के बीच मंदिर की ओर बढ़ रहे थे कि अचानक ही उनके आगे चल रहे लोग भागना शुरू हो गए और फिर गिरने लगे। अजय ने कहा, मैं भी भीड़ में था, भगदड़ में मैं भी गिर गया और मेरा पैर टूट गया।

#### इस साल भगदड़ से मौतें

- **4 जून, 2025 :** आईपीएल में आरसीबी की जीत का जश्न मनाने के लिए भीड़ एकत्र हुई, जिसमें चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास भगदड़ मचने से कम से कम 11 लोग मारे गए।
- **3 मई, 2025 :** गोवा के शिरगाओ गांव में श्री लैराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान तड़के मची भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई।
- **15 फरवरी, 2025 :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत 18 लोगों की मौत हो गई। ये लोग महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे थे।
- **29 जनवरी, 2025 :** 'अमृत स्नान' में भाग लेने के लिए लाखों लोगों की भीड़ जुटने के बाद महाकुंभ के संगम क्षेत्र में मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई ।

### नोटिस का जवाब नहीं देने पर पुलिस की मौजूदगी में तोड़फोड़

# सूदखोर तोमर भाइयों के 'टार्चर रूम' पर गरजा निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सूदखोरी, उगाही तथा ब्लैकमेलिंग के फरार आरोपी हिस्ट्रीशीटर तोमर भाइयों के भाठागांव स्थित दफ्तर को नगर निगम अमले ने रविवार को बुलडोजर से ढहा दिया। दफ्तर ढहाने की कार्रवाई सुबह 9 बजे शुरू की गई। ऑफिस ढहाने के पहले निगम अमले ने वहां बड़ी मात्रा में रखीं धार्मिक पुस्तकों के साथ अन्य सामान जब्त कर अपने कब्जे में लिया, उसके बाद ऑफिस ढहाने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम ने वीरेंद्र तोमर तथा रोहित तोमर के जिस ऑफिस को ढहाया, उसमें रोहित तोमर की पत्नी भावना तथा भतीजे दिव्यांश तोमर के नाम से कथित तौर पर प्रॉपर्टी खरीदी-बिक्री का कार्य किया जा रहा था। नगर निगम जोन-6 के कमिश्नर हितेंद्र यादव के अनुसार, तोमर भाइयों ने उक्त कार्यालय नगर निगम की बगैर अनुमति के बनाया था। इस वजह से कार्यालय को ढहाने की कार्रवाई की गई।


#### ढहाने के पूर्व तीन नोटिस

जोन कमिश्नर के मुताबिक, तोमर भाइयों के जिस कार्यालय को ढहाया गया, वहां उनका निवास भी है। मकान के एक हिस्से में तोमर भाइयों ने ऑफिस बनाया ▶▶|शेष पेज 6 पर



#### बुलडोजर तो चलेगा : अरूण साव

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, हम विपक्ष में थे, तब भी स्पष्ट थे, अब जनसेवा के लिए शासन में हैं, तब भी स्पष्ट हैं...तब माइक से अपराधियों तथा आतताइयों को बोलते थे, आज हमारे नगर निगम का बुलडोजर बोलता है..। विष्णु के सुशासन में एक बात स्पष्ट है, कानून के ऊपर कोई नहीं है, चाहे कितना बड़ा तुर्रम खां हो। तोमर बंधु हो या जिहादी बंधु...आतंक का फन फैलाओगे तो फन कुचलने का हुनर भी 'सुशासन सरकार' को मालूम है...।



#### पांच हजार का ईनाम

कार्यालय ढहाने के समय मौके पर वीरेंद्र तथा रोहित तोमर मौजूद नहीं थे। दोनों जबरन वसूली, मारपीट, आर्म्स एक्ट तथा एक्सटार्सन के ▶▶|शेष पेज 6 पर

#### कार्यालय को बनाया था टार्चर रूम

नगर निगम ने तोमर भाइयों के जिस कार्यालय को ढहाया है, वह नाम के लिए प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस था। पुरानी बस्ती तथा डीडीनगर थाने में जिन लोगों ने तोमर भाइयों के खिलाफ घर बुलाकर मारपीट करने तथा टार्चर करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन लोगों ने अपनी शिकायत में उक्त ऑफिस का उल्लेख किया है। उक्त कार्यालय को तोमर भाई टार्चर रूम के रूप में इस्तेमाल करते थे।

## खबर संक्षेप

### उद्धव को बधाई देने मातोश्री पहुंचे राज

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई एवं शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे से रविवार को मुलाकात की। उन्हें उनके 65वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। राज दादर स्थित अपने आवास 'शिवतीर्थ' से उद्धव के बांद्रा स्थित आवास 'मातोश्री' पहुंचे। उद्धव ने अपनी पार्टी के सांसद संजय राउत के साथ मुंबई स्थित मातोश्री बंगले के प्रवेश द्वार पर अपने चचेरे भाई का स्वागत किया।

### मां ने तीन बेटियों को खाने में दिया जहर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 27 वर्षीय एक महिला को घरेलू समस्याओं से परेशान होकर अपनी तीन नाबालिग बेटियों को जहर देकर मार डालने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। ठाणे जिले के शाहपुर क्षेत्र अंतर्गत असनोली गांव के तालेपाड़ा में रहने वाली गृहिणी संध्या संदीप बेरे ने 'वरन भात' में कथित तौर पर कीटनाशक मिलाया।

### देशभर में लू लगने के 7000 से अधिक मामले

**नई दिल्ली।** देश में इस वर्ष एक मार्च से 24 जून के बीच लू लगने के 7,192 संदिग्ध मामले सामने आए और मात्र 14 मौतें दर्ज की गईं। यह जानकारी 'पीटीआई' को सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त आंकड़े से मिली। देश में 2024 में भीषण गर्मी के कारण लू लगने के लगभग 48,000 मामले और 159 मौतें दर्ज की गई थीं। 2024 का साल 1901 के बाद से भारत में दर्ज किया गया सबसे गर्म वर्ष था।

### मध्यप्रदेश में फार्मेसी काउंसिल की सख्ती

# दवाइयों पर नहीं मिलेगी छूट डिस्काउंट वाला बोर्ड लगाने पर रद्द होंगे रजिस्ट्रेशन!



हरिभूमि न्यूजर ▶▶| भोपाल

भोपाल समेत प्रदेशभर के दवा दुकानों में अक्सर देखा जाता है कि बाहर दवाओं में छूट के बोर्ड लगे होते हैं, लेकिन जब ग्राहक दवा लेने जाते हैं तो कई कंडीशन बताकर गुमराह किया जाता है। अब प्रदेश में दवा छूट का बोर्ड लगाने वाले दवा दुकान मालिकों के खिलाफ फार्मेसी काउंसिल कार्रवाई करेगी। काउंसिल ने राज्यभर के पंजीकृत फार्मासिस्टों और मेडिकल स्टोर मालिकों को चेतावनी दी है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए छूट और रियायतों का प्रचार करने पर रजिस्ट्रेशन कैंसिल किया जाएगा। काउंसिल ने नोटिस जारी कर कहा कि कई मेडिकल स्टोर बोर्ड और सोशल मीडिया के जरिए डिस्काउंट का लालच देकर उपभोक्ताओं को खींच रहे हैं, जो फॉर्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन 2015 के अनुसार अनैतिक और अवैध है। ऐसी गतिविधियों में पकड़े जाने पर फार्मासिस्ट का पंजीकरण रद्द या निलंबित किया जा सकता है।

#### नकली दवाओं की होती है सप्लाई

*भोपाल केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र धाकड़ ने कहा कि देखने में आया है कि इस भारी छूट के चलते कई बार नकली दवाओं की सप्लाई बाजार में होती थी, जो मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ था। नए नियम से पारदर्शिता बढ़ेगी और जिसका सीधा फायदा आम लोगों को होगा। वहीं, जो सामान्य डिस्काउंट पहले मिल रहा था, वह जारी रहेगा। इस आदेश से उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र, पंजाब, गोवा, मणिपुर, छत्तीसगढ़ और अब जम्मू-कश्मीर की तरह मध्यप्रदेश में भी दवा दुकानों पर डिस्काउंट बोर्ड लगाने वाले फार्मासिस्टों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश जारी किया है। यह केमिस्टों के हित में ऐतिहासिक निर्णय है।*

#### अधिनियम 2002 की धारा 4 का उल्लंघन

फार्मेसी काउंसिल द्वारा जारी नोटिस में कहा है कि बड़े कारोबारी आर्थिक ताकत के दम पर इस तरह के विज्ञापन कर छोटे मेडिकल दुकानदारों के साथ अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा कर रहे हैं। यह प्रतिस्पर्धा अधिनियम 2002 की धारा 4 का उल्लंघन है। काउंसिल के अध्यक्ष संजय जैन और रजिस्ट्रार भाव्या त्रिपाठी ने सभी मेडिकल स्टोर्स से कानून का पालन करने और अनैतिक प्रतिस्पर्धा से बचने की अपील की।

# अमरकंटक मार्ग पर गिरा पहाड़ का मलबा, आवागमन अवरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पेंड्रा

- **2 दिनों के बाद भी स्थानीय प्रशासन मलबे को हटाने के लिए नहीं कर रहा पहल**

जिले में पिछले पांच दिनों रुक-रुककर हो रही मूसलाधार बारिश लोगों के लिए मुसीबत बन गई है। फिर एक बार पहाड़ का मलबा रोड पर आने के कारण मध्यप्रदेश को अमरकंटक से जोड़ने वाला सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गया है, जिससे लोग आवागमन को लेकर चिंतित हैं। अमरकंटक जाने वाले ज्वालेश्वर मार्ग पर पहाड़ का मलबा कई जगहों पर सड़क पर आ गया है। पहाड़ी मलबे के कारण आवागमन बाधित हो चुका है।



#### सड़कों पर पानी

गौरेला से पकरिया दुर्गा धारा होकर अमरकंटक मार्ग पर दुर्गा धारा जलप्रपात का बढ़ा हुआ पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे यह मार्ग भी पूरी तरह बाधित है। यातायात बंद होने से सड़कों पर वाहन रुक गए हैं, और अमरकंटक जाने वाले यात्री व श्रद्धालु रास्ते में फंस गए हैं। अब लोग मजबूर होकर लंबी दूरी तय कर अन्य रास्तों से होकर अमरकंटक की ओर जा रहे हैं।

### पुणे में बड़ी कार्रवाई

# ड्रग पार्टी में छापा, पूर्व मंत्री खडसे के दामाद समेत सात गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| पुणे

पुणे पुलिस ने रविवार की तड़के एक अपार्टमेंट में आयोजित की जा रही 'ड्रग पार्टी' में छापा मारकर मादक पदार्थ, हुक्का एवं शराब जब्त की तथा सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों में महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खडसे की बेटी रोहिणी खडसे के पति प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। रोहिणी खडसे विपक्षी राकांपा की महिला शाखा की प्रदेश अध्यक्ष हैं।



#### कोकीन जब्त

छापेमारी और उसके बाद की तलाशी के दौरान पुलिस ने 2.7 ग्राम कोकीन जैसा पदार्थ, 70 ग्राम गांजा जैसा पदार्थ, एक हुक्का, विभिन्न हुक्का फ्लेवर, शराब और बीयर की बोतल जब्त कीं।

#### खडसे ने कहा, कोई राजनीतिक तो नहीं

छापेमारी पर प्रतिक्रिया देते हुए एकनाथ खडसे ने कहा कि इस बात की जांच होनी चाहिए कि क्या पुलिस कार्रवाई के पीछे कोई राजनीतिक मकसद था। शिवसेना (उबाठा) की उपनेता सुषमा अंधारे ने कहा कि यह छापेमारी सरकार के खिलाफ बोलने वालों के लिए एक संदेश है।


### मानसून सत्र : दो मुद्दों पर आमने-सामने होंगे सत्तापक्ष और विपक्ष

# पहलगाम हमले-ऑपरेशन सिंदूर पर छिड़ेगी बहस!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र का पहला सप्ताह हंगामे की भेंट चढ़ने के बाद सोमवार से पहलगाम हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' पर तीखी बहस होने की संभावना है, क्योंकि सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति से जुड़े दो मुद्दों पर आमने-सामने होंगे। भाजपा के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और विपक्षी दलों द्वारा लोकसभा और राज्यसभा में चर्चा के दौरान अपने शीर्ष नेताओं को मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर इन मुद्दों पर सरकार का पक्ष रखेंगे। ऐसे संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय सुरक्षा ▶▶|शेष पेज 6 पर







**16 घंटे की बहस:** दोनों पक्षों ने प्रत्येक सदन में 16 घंटे की बहस पर सहमति व्यक्त की है, जो सामान्यतः तय समय से अधिक होती है। अनुराग ठाकुर, सुधांशु त्रिवेदी और निशिकांत दुबे जैसे मंत्रियों और नेताओं के अलावा, सत्तारूढ़ राजग द्वारा उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों को भी मैदान में उतारे जाने की उम्मीद है, जो ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष रखने के लिए 30 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके हैं।

#### पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा

पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की है। प्रधानमंत्री और सरकार के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर अपने उद्देश्यों में 100 प्रतिशत सफल रहा और इसने भारत के स्वदेशी हथियारों की क्षमता को साबित किया। आतंकी ठिकानों पर भारत के हमले के बाद पाकिस्तान द्वारा हमला किए जाने के कारण दोनों देशों के बीच चार दिन तक संघर्ष चला।

#### विदेश नीति पर राहुल के लगातार हमले

*विपक्षी दल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीछे कथित खुफिया चूक और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच 'संघर्षविराम' में मध्यस्थता के दावे किए जाने के आधार पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहे हैं। राहुल गांधी ने बार-बार सरकार की विदेश नीति पर हमला किया है। उनका दावा है कि भारत को ऑपरेशन सिंदूर में अंतरराष्ट्रीय समर्थन नहीं मिला। वह सत्तारूढ़ गठबंधन पर निशाना साधने के लिए ट्रंप के लगातार मध्यस्थता के दावों का हवाला देते रहे हैं।*

#### राजनाथ बोले

#### संसाधन प्रबंधन से 'ऑपरेशन सिंदूर' सफल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में रविवार को कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाकर भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से मई में शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता में विभिन्न एजेंसियों द्वारा संसाधनों (लॉजिस्टिक) का प्रबंधन एक निर्णायक कारक था।उन्होंने कहा, "दुनिया जिस तेजी से बदल रही है, वह प्रभावी एवं चौंकाने वाली भी है। रक्षा क्षेत्र भी बदल रहा है और युद्ध के तरीकों में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

# मुंबई-हावड़ा चौथी रेल लाइन में आने वाले वृक्षों को मिलेगा जीवनदान

मुंबई-हावड़ा रेल लाइन में चौथी रेल लाइन बिछाने का कार्य तेजी से हो रहा है। इस विकास कार्य में जो भी बड़े पेड़ लाइन की जद में आएंगे, उन्हें काटा नहीं जाएगा। रेलवे ने वन विभाग से मिलकर इन सभी पेड़ों को जड़ सहित उखाड़कर दूसरी जगह लगा रहा है। इस प्रोजेक्ट में भिलाई से लगभग 131 बड़े पेड़ आ रहे हैं। इनमें से 92 पेड़ों को दूसरी जगह लगाया जा चुका है। कुछ में तो दोबारा हरे पत्ते भी निकलने लगे हैं।

## रेलवे और वन विभाग मिलकर सभी बड़े वृक्षों को जड़ सहित शिफ्ट कर रहे दूसरी जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक भिलाई से गुजरने वाले मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग की चौथी लाइन बिछाने के लिए सर्वे का काम पूरा हो चुका है। इसमें काफी बड़े बड़े पेड़ आ रहे थे, जिन्हें पहले काटा जाना था, लेकिन वन विभाग और रेलवे ने इन सभी वृक्षों को दोबारा जीवनदान देने का निर्णय लिया है। अब किसी भी पेड़ को काटा नहीं जाएगा। वन विभाग और भारतीय रेलवे द्वारा प्रसिद्ध पर्यावरणीय संस्था जेडी इंटरप्राइजेस भिलाई के सहयोग से ट्रैक के किनारे लगे पेड़ों को जड़ सहित उखाड़ा जाएगा। इसके बाद उसे मशीनों की मदद से आसपास के सुरक्षित क्षेत्र में फिर से लगाया जा रहा है। कई पेड़ों को पॉवर हाउस रेलवे स्टेशन के निकट सफलतापूर्वक लगाया जा चुका है। यह संस्था भिलाई से रायपुर तक चौथी रेल लाइन में आने वाले पेड़ों को ट्रैक के आसपास ही दूसरी जगह फिर से लगा रही है।

### पेड़ लगाने से पहले किया जा रहा ट्रीटमेंट

पेड़ जड़ से उखाड़कर दूसरी जगह लगा रहे हैं, उनका सर्वाइवल रेट काफी अच्छा है। पेड़ लगाने का काम ट्री सर्जन और जेडी इंटरप्राइजेस की डायरेक्टर डॉ. नेहा बंसोढ़ के सुपरविजन में किया जा रहा है। पेड़ों को उखाड़ने के बाद ग्रीनरी वारियर्स द्वारा सुपेला अंडरब्रिज व वायशेप फ्लाईओवर के निकट उनका पौधोपचार किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें सेक्टर 1 गैराज रोड पर बसंत टाकीज के निकट ट्रैक के किनारे लगाया जा रहा है।



### इन पेड़ों को लगाया गया फिर से

भिलाई में रेल लाइन में आने वाले 2 विशालकाय पीपल सहित 1 आम, 2 जामुन और 4 नीम के पेड़ लगाए जा चुके हैं। इसके साथ ही भिलाई में फ्लाईओवर, प्रियदर्शनी अंडरब्रिज, सुपेला चौक, मौर्या टाकीज, ढिल्लन काम्पलेक्स, भोलेनाथ मंदिर पावरहाउस, खुर्सीपार, भिलाई 3 चरौदा में 131 पेड़ों को हटाकर कुछ दूरी लगाए जाएंगे। संस्था ने 92 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा है।

### हराभरा होने तक पेड़ की देखरेख करेगी संस्था

डॉ. नेहा बंसोढ़ बताती हैं कि अनुबंध के तहत वो 6 महीने तक पेड़ की देखभाल करेंगी। जब वो फिर से हराभरा हो जाएगा, तो उसके भाद उसे वन विभाग को सौंप देंगे। उन्होंने कहा कि ट्री ट्रांसप्लांट यह साइंटिफिक विधि बीमार व्यक्ति को फिर से स्वस्थ करने के लिए किए जाने वाले आपरेशन की तरह है। जब पेड़ को उखाड़ते हैं तो उन्हें शाक लगता है। पेड़ की छंटाई की जाती है। इसके बाद उसकी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए औषधि उपचार करते हैं।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग के सप्लायर पर जीएसटी ने दी दबिश

रायपुर। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति और सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के तहत राज्य जीएसटी विभाग ने रायगढ़ स्थित मेसर्स श्याम सर्जिकल पर कार्रवाई की है। यह फर्म छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और ओडिशा में भी सरकारी अस्पतालों को सर्जिकल और मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करती है। राज्य जीएसटी विभाग की जांच में सामने आया है कि उस व्यवसायी ने स्वास्थ्य विभाग में विगत 4–5 वर्षों में लगभग 48 करोड़ रुपये की आपूर्ति की, जबकि वास्तविक खरीदी केवल 10 करोड़ रुपये की थी।

### गांजा बेचने वालों को पुलिस ने पकड़ा

भिलाई। गांजा अवैध रुप से बेचने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि ऑपरेशन वश्विास अभियान के तहत नशीली दवाईयों , गांजा तस्करी , खरीदी,बेचने वाले सुखे नशे के कारोबार करने वालों पर शिकंजा कसा जा रहा है। आयकर भवन सेक्टर 6 खंडहर के पास गांजा रखकर बेचने वाले दो युवकों को पुलिस ने पकड़ा है।

### विद्युत कनेक्शन के नाम पर जेई ने लिए 15 हजार, वीडियो वायरल



अम्बिकापुर। बलरामपुर जिले में विद्युत कनेक्शन लगवाने के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। कनेक्शन लगाने के नाम पर जेई द्वारा पैसा लेने का वीडियो अब जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में शिकायत के बाद चीफ इंजीनियर ने जेई को निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज भेंडरी में शिकायतकर्ता विनय यादव द्वारा विद्युत कनेक्शन के लिए आवेदन दिया गया था। आरोप है कि आवेदन देने के बाद बलरामपुर विद्युत कार्यालय में पदस्थ जेई शांतनु बर्धन द्वारा 15 हजार रुपए की मांग की गई थी। कई दिनों तक की गई टालमटोल के बाद ग्रामीण ने सीएसईबी के जेई को 15 हजार रुपए की रिश्वत दे दी लेकिन इस दौरान लोगों ने इसका वीडियो भी बना लिया। रूपए लेने का वीडियो अब वायरल हो गया है जिसमें स्पष्ट नजर आ रहा है कि जेई कुर्सी पर बैठकर रुपए गिन रहा है। इस घटना के बाद विभाग में भी हड़कंप मच गया है और विद्युत कनेक्शन के नाम पर पैसों की उगाही किए जाने से विभाग की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में है। वहीं अब वीडियो वायरल होने व विनय यादव द्वारा की गई शिकायत के मुख्य अभियंता यशवंत शैलेन्द्र ने जेई शांतनु बर्धन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

#### की गई है कार्रवाई

शिकायत मिली थी। शिकायत के बाद जेई को निलंबित किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

-यशवंत शैलेन्द्र
चीफ इंजीनियर

## आत्मसमर्पण पॉलिसी में है कई तरह की सुविधाओं का प्रावधान

# समर्पित नक्सलियों के आपराधिक मामले हो जाते हैं वापस, जेल भी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खात्मा के ऐलान को पूरा होने में महज 8 माह का समय बाकी है। ऐसे में पूरे बस्तर संभाग में नक्सलियों के आधार इलाके में दबिश देकर उन्हें समाप्त किया जा रहा है। साथ ही बड़ी संख्या में नक्सलियों का समर्पण भी हो रहा है। 2 दिन पहले बस्तर संभाग के नक्सल जिलों में कुल 66 नक्सलियों ने सरेंडर किया । इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के समर्पण पर हरिभूमि ने पड़ताल की जिसमें सरकार की पुनर्वास नीति में आत्मसमर्पण पॉलिसी का ज्यादा प्रभावशील होना है। इसमें आत्मसमर्पित नक्सलियों के आपराधिक मामलों को वापस लेना या बंद करने का प्रावधान है। जिसमें कुछ शर्तों के साथ उनके आचरण और व्यवहार भी देखा जाता है। समर्पण के बाद नक्सलियों के कैडर के अनुसार अल्प या लंबे समय तक निगरानी रखी जाती है।

खास खबर

आंध्रप्रदेश के समर्पण पॉलिसी में नक्सलियों द्वारा किए गए अपराधों के मामलों को खत्म करने की नीति अपनायी गई । इसलिए बस्तर के नक्सलियों ने आंध्रप्रदेश में बड़ी संख्या में समर्पण किया। छतीसगढ़ के आत्मसमर्पण पॉलिसी में भी इसका प्रावधान है। यह पहल कोर्ट से न होकर राज्य सरकार के द्वारा लागू की गई पुर्नवास नीति में दिए गए प्रावधान के अनुसार की जाती है। अपनी पत्नी के साथ समर्पण करने वाले नक्सली बदरन्ना ने हरिभूमि से कहा कि वह डेढ़ साल और पत्नी छह माह जेल में रहे। समर्पण के बाद हमारे आचरण और काम को देखकर कुछ मजिस्ट्रेट ने भी हमारे व्यवहार के कारण पक्ष में बात कहीं थी। वर्तमान में बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि छतीसगढ़ सरकार भी आंध्रप्रदेश सरकार की आत्मसमर्पण नीति पर अमल कर रही है ।

### सरेंडर के बाद गांव जाना खतरनाक

अधिकांश नक्सली समर्पण के बाद गोपनीय सैनिक, डीआरजी और पुलिस सेवा में काम करने में खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे है। खून खराबे की जिंदगी को छोड़कर शांति पूर्ण जीवन जीने में कई तरह के खतरे रहते है। कई नक्सलियों ने समर्पण के बाद गांव जाकर खेती किसानी का काम अपनाया लेकिन वे नक्सलियों के शिकार बने । इसलिए पुलिस की वर्दी पहनना उनके लिए सुरक्षा का कवच साबित होता है।



**आपराधिक मामले वापसी का प्रावधानः** सरकार की आत्मसमर्पण पालिसी में सरेंडर करने वाले नक्सलियों के आपराधिक प्रकरणों को खत्म करने का प्रावधान है । सरकार की ओर से कोर्ट में आवेदन लगाया जाता है जिससे नक्सली रहते हुए किए गए अपराधों को खत्म किए जाएं । सरेंडर करने वाले पर निगरानी रखते हुए उनके संतोषजनक होने की स्थिति के बाद पहल की जाती है। राज्य की पुनर्वास नीति में नक्सलियों को सरेंडर कर मुख्यधारा में आने पर कई तरह की सहूलियत दी जा रही है । यहीं कारण है कि नक्सली लगातार समर्पण कर रहे है।

-सुंदरराज पी, आईजी बस्तर

### नक्सली स्मारक ध्वस्त, माओवादियों के मंसूबे नाकाम

जगदलपुर। दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले के मालेवाही थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। नक्सली शहीद सप्ताह 28 जुलाई से 3 अगस्त को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों ने पूर्व में मारे गए माओवादियों के नाम पर बनाए गए तीन स्मारकों को ध्वस्त कर दिया। सीआरपीएफ की 195वीं बटालियन और मालेवाही थाना पुलिस बल की संयुक्त टीम कमांडेंट राजीव कुमार व निरीक्षक नरेश सलाम के नेतृत्व में ग्राम कहचेनार की ओर एरिया डॉमिनेशन ड्यूटी पर रवाना हुई थी। सघन सर्चिंग के दौरान टीम को कहचेनार के निकट नक्सलियों द्वारा बनाए गए तीन स्मारक दिखा । इनमें दो लकड़ी से बने थे और एक सीमेंट व पत्थर से बना हुआ था। सुरक्षा बलों ने कुल्हाड़ी और सब्बल की मदद से तीनों को मौके पर ही ध्वस्त कर दिया।

## एसईसीएल चिरमिरी में हादसा

# खदान में मजदूर की दर्दनाक मौत



**डोमनहिल/ कोरिया कॉलरी।** एसईसीएल चिरमिरी क्षेत्र की आर-6 भूमिगत खदान में रविवार को एक भीषण हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान लल्लू प्रसाद निवासी कोरिया कॉलरी के रूप में हुई है। वह प्रथम पाली में कन्वेयर बेल्ट बदलने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक मशीन चालू हो गई और वह चलते बेल्ट की चपेट में आ गया। हादसा इतना भयावह था कि मजदूर का शव कई टुकड़ों में बंट गया, जिसे कर्मचारियों ने प्लास्टिक में लपेटकर रीजनल हॉस्पिटल पहुंचाया। एनसीपीएचआर-5 भूमिगत कोयला खदान में एक दर्दनाक हादसे में एसईसीएल कर्मचारी लल्लू प्रसाद पिता साधारण निवासी कोरिया कॉलरी का था और टेण्डलर मजदूर के रूप में कार्यरत था। मिली जानकारी के अनुसार लल्लू प्रसाद प्रतिदिन की भाँति अपने कार्यस्थल पर पहुंचा था।

### लापरवाही से हुई मौत

प्रत्यक्षदर्शियों और सूत्रों का कहना है कि हादसे के समय बेल्ट और रोलर के पास मजदूर का होना मना है, फिर भी सुरक्षा अधिकारी और कॉलरी प्रबंधन ने लापरवाही बरती। घटना के बाद खदान क्षेत्र में काम करने वाले अन्य मजदूरों में गहरा रोष है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने जताया दुख

घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने गहरा दुख जताते हुए अधिकारियों से उच्च स्तरीय जांच कराए जाने को कहा है।

### जांच होः कमरो

ट्रेड यूनियन काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा- हादसा नहीं, बल्कि सिस्टम की लापरवाही से हुई एक हत्या है।

## राज्य संपरीक्षा विभाग की जांच से सामने आए मामले

# नगरीय निकायों में गबन के 656 मामले, 2 करोड़ 19 लाख से अधिक राशि गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों, नगर निगम, पालिका और नगर पंचायतों में वित्तीय गड़बड़ियों के मामले आडिट में सामने आए हैं। खास बात ये है कि इस तरह के 656 मामले सामने आए हैं। वर्ष 2024 मार्च की स्थिति में 82 लाख के गबन के दो मामले पकड़े जा चुके हैं। इन मामलों में संबंधित अधिकारियों - कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करते हुए उनसे राशि वसूल करने की अनुशंसा की गई है।

राज्य संपरीक्षा विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रतिवेदन अवधि के दौरान यह पाया गया कि इन निकायों को विभिन्न मदों से प्राप्त होने वाली या वसूल की जाने वाली राशि निकाय के लेखे में नहीं लाई गई हैं। संपरीक्षा में यह पाया गया कि निकाय के कोष से आहरित राशि को लेखे में नहीं लिया गया अथवा राशि को विलंब से निकाय निधि में जमा किया, जिससे निकाय को ब्याज की हानि हुई है। ऐसी स्थितियां गबन की श्रेणी में आती हैं तथा इस पर कार्यवाही छत्तीसगढ़ राज्य संपरीक्षा नियम, 1974 के नियम 20 के तहत की जाती है।

### निगम, पालिका, नगर पंचायतों में हुए ये गबन





### वित्तीय अनुशासन के लिए ये सही नहीं

रिपोर्ट में कहा गया है कि निकाय के पदाधिकारियों, कर्मचारियों से वसूली एवं वैधानिक कार्यवाही प्रावधानित है, किंतु कार्यवाही नहीं किए जाने से 31 मार्च 2023 की स्थिति में राज्य के नगरीय निकायों में संपरीक्षा के द्वारा प्रकाश में लाए गए 656 गबन प्रकरणों में कुल राशि 2 करोड़ 19 लाख 47 हजार 791 रुपए निराकरण हेतु शेष थे, जो कि वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से उचित नहीं है।

### पांच साल में सामने आए गबन के मामले


राज्य संपरीक्षा विभाग ने वर्ष 2018-19 से लेकर 2023 तक पांच साल में आडिट किए गए मामलों के संबंध में जानकारी दी है कि इस दौरान निगम, पालिका और नगर पंचायतों में कुल 55 मामले सामने आए हैं। इनमें निगमों में 10, पालिकाओं में 19 और नगर पंचायतों के 26 मामले हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच गबन के दो मामलों में 81 लाख 977 हजार रुपए गायब हुए हैं।

# चीफ जस्टिस ने कहा- न्यायिक कार्य केवल कानून के पालन तक सीमित नहीं

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा रायपुर संभाग के न्यायिक अधिकारियों के लिए रविवार को एक दिवसीय संभागीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में चार जिलों के 126 न्यायिक अधिकारी शामिल हुए। कार्यशाला में प्रकरणों के शीघ्र निराकरण किए जाने, गिरफ्तारी रिमांड और जमानत से संबंधित प्रावधान, अभियुक्त के परीक्षण का उद्देश्य एवं प्रक्रिया तथा हिंदू उत्तराधिकार, अधिकार एवं विरासत से संबंधित कानून का विश्लेशण एवं अध्ययन किया जाना है। सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया। इसके अलावा हाईकोर्ट के कई न्यायधीश सम्मेलन में उपस्थित रहे।

श्री सिन्हा ने न्यायिक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में न्यायपालिका से अपेक्षाएं अत्यधिक बढ़ गई हैं। जनता हमसे निष्पक्षता, गति और संवेदनशीलता की अपेक्षा रखती है। सेमिनार में चर्चा के लिए निर्धारित विषय हमारे आपराधिक और दीवानी न्यायशास्त्र के मूल स्तंभ हैं। इन क्षेत्रों में दक्षता केवल प्रक्रियात्मक अनुपालन का विषय नहीं है, बल्कि निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने, व्यक्तिगत स्वतंत्रताओं की रक्षा करने और न्यायिक प्रक्रिया में सार्वजनिक विश्वास को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण पहलू है।



### नए प्रावधानों से परिचित होना जरूरी

मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल दिया कि हाल ही में अधिनियमित भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) एवं अन्य नए कानूनों के प्रकाश में, न्यायाधीशों के लिए इन प्रावधानों से भली-भांति परिचित होना अत्यंत आवश्यक है, विशेष रूप से जमानत संबंधी प्रावधान से है, ताकि न्यायिक निर्णयों में एकरूपता एवं विधिक शुद्धता सुनिश्चित की जा सके। यदि आरोपी के अधिकारों के प्रतिकूल कोई संभावना हो तो न्यायाधीशों को यह अत्यंत सावधानीपूर्वक देखना चाहिए कि क्या प्रस्तुत किया जा रहा है और क्या नहीं। किसी प्रकरण के तथ्यों और परिस्थितियों में न्यायाधीश की अपनी राय हो सकती है, परंतु वे कानून की सीमाओं तथा सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णयों से बंधे होते हैं।

### प्रशिक्षित, संसाधनयुक्त न्यायपालिका ही जनविश्वास की नींव

मुख्य न्यायाधीश ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि एक प्रशिक्षित और संसाधनयुक्त न्यायपालिका ही जनविश्वास की नींव है। यह कार्यशाला केवल एक शैक्षणिक अभ्यास नहीं है, अपितु यह आत्मनिरीक्षण, ज्ञान विनिमय और संस्थागत अखंडता को मजबूत करने का एक मंच है। मुख्य न्यायाधीश के द्वारा सभी न्यायिक अधिकारियों से इस कार्यशाला का पूर्ण लाभ उठाने एवं सेमिनार में आयोजित सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने के साथ प्राप्त शिक्षा को अपने-अपने न्यायालयों में लागू करने हेतु कहा गया।

### न्यायिक कार्य केवल कानून के पालन तक सीमित नहीं

श्री सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि न्यायिक कार्य केवल कानून के पालन तक सीमित नहीं है, बल्कि उसमें मानवीय संवेदना का समावेश भी आवश्यक है। प्रत्येक फाइल के पीछे एक मानवीय कहानी छिपी होती है, जिसमें दर्द, संघर्ष और आशा समाहित होती है। 'जहां कानून हमारा साधन है, वहीं न्याय हमारा उद्देश्य है'। मुख्य न्यायाधीश ने कार्यशाला की सफलता की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह कार्यशाला रचनात्मक अंतर्दृष्टि, क्रियाशील परिणाम और इस राष्ट्र की जनता की निष्पक्षता, विनम्रता और समर्पण के साथ सेवा करने की एक नई प्रतिबद्धता की ओर ले जाएगी।

### ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने से जिला स्तर पर कार्य ठप

रायपुर। मंत्रालय एवं संचालनालय में ई-ऑफिस को लागू किए जाने के बाद इसे जिला स्तर पर लागू किए जाने की अनुसंशा की गई है। जिला स्तर पर ऑनलाइन काम करने के लिए सुविधाओं की कमी के कारण ई-ऑफिस सिस्टम ठीक ढंग से लागू नहीं हो पा रहा है।

राज्य शासन ने ई-ऑफिस की व्यवस्था 1 जुलाई से प्रारंभ करने के कारण जिला कार्यालयों में कार्य ठप पड़े हुए हैं। मंत्रालय में कर्मचारियों की संख्या कम है, कंप्यूटर आदि की सुविधा उपलब्ध है, इसलिए मंत्रालय संचनालय में ई-ऑफिस संभव है, किंतु जमीनी स्तर पर जिलों में ई-आफिस प्रदेश के समस्त कार्यालय में लागू कर, मेनुउल में पेपर पर काम को बंद करा दिया गया है।

# मेडिकल छात्रा का उत्पीड़न, आरोपी एचओडी डाक्टर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

## हाईकोर्ट ने कहा, आरोप गंभीर प्रकृति के हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने मेडिकल एक पीजी छात्रा डाक्टर के शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे डॉक्टर आशीष सिन्हा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट होता है कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और उनके न्यायिक जांच को प्रभावित करने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की एकलपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई। डॉक्टर आशीष सिन्हा ने अपने वकील के माध्यम से अग्रिम जमानत की याचिका दायर की थी, जिसमें उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए सरकारी सेवा में होने के कारण गिरफ्तारी से करियर बर्बाद होने की दुहाई दी थी। डॉ. आशीष सिन्हा की ओर से प्रस्तुत दलील में कहा गया कि विभागीय विशाखा समिति की रिपोर्ट में उनके खिलाफ कुछ भी नहीं पाया गया, फिर भी उनके खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। यह भी कहा गया कि वह सरकारी सेवा में हैं और यदि उन्हें गिरफ्तार किया गया, तो उनका करियर बर्बाद हो जाएगा। सरकारी वकील अमित वर्मा ने अग्रिम जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि मामला संवेदनशील है।



### फेल करने की धमकी देकर मानसिक दबाव बनाया

एफआइआर के अनुसार, आरोपी डॉक्टर पं. जवाहर लाल नेहरु मेडिकल कॉलेज के एक प्रमुख विभाग के एचओडी हैं, उन्होंने एक महिला पीजी छात्रा पर लगातार गंदी टिप्पणियां कीं और उसे फेल करने की धमकी देकर मानसिक दबाव बनाया। छात्रा ने पहले विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन जब कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो 4 जुलाई 2025 को मजबूरन एफआइआर दर्ज करानी पड़ी।

बिलासपुर
सोमवार, 28 जुलाई 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 25, अंक : 127
पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 4 .00***

**मौसम**
अधि. 28.2
न्यून. 24.8

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



# पीएम मोदी बोले- बिल्हा की महिलाओं ने बदल डाली शहर की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिल्हा



नगर पंचायत बिल्हा ने स्वच्छता के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में पूरे भारतवर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस गौरवशाली उपलब्धि की प्रतिध्वनि 'मन की बात' के राष्ट्रीय मंच तक पहुंची, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में बिल्हा नगर पंचायत की महिलाओं द्वारा किए गए नवाचार और श्रम का उल्लेख करते हुए सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिल्हा की महिलाओं को वेस्ट मैनेजमेंट की ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर



- बिल्हा ने देशभर में बढ़ाया छत्तीसगढ़ का मान, पीएम ने की सराहना
- स्वच्छता में हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में देशभर में प्रथम

## पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण : साय



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि बिल्हा नगर पंचायत ने स्वच्छता के क्षेत्र में जो कीर्तिमान स्थापित किया है, वह सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है। भारत सरकार के स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में देशभर के 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में प्रथम स्थान प्राप्त कर बिल्हा ने न केवल प्रदेश का मान बढ़ाया है, बल्कि यह सिद्ध किया है कि संकल्प, सहभागिता और सेवा भाव से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' कार्यक्रम में बिल्हा ▶▶|शेष पेज 6 पर

## कौशिक ने माना प्रधानमंत्री का आभार



पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विधानसभा बिल्हा अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत बिल्हा के महिलाओं की प्रशंसा करने पर प्रधानमंत्री का आभार माना है। उन्होंने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यक्रम मन की बात में ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं



**श्रीनगर।** प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा कि ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि कश्मीर को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत है।

### हत्या का आरोप, हिरासत में भाई और उसकी बेटियां

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के एक गांव में भूमि विवाद के कारण एक व्यक्ति ने अपनी बेटियों के साथ मिलकर अपने बड़े भाई की कथित रूप से हत्या कर दी। मुख्य आरोपी, उसकी दो बेटियों और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया गया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पगरा गांव में दो भाइयों सुकई चौहान (65) और दुधई चौहान में भूखंड को लेकर विवाद था। जब सुकई शनिवार रात गांव के बाहर शौच के लिए जा रहा था।

### निर्माण स्थल पर ऊंचाई से गिरने से मजदूर की मौत




**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में एक निर्माण स्थल पर काम करते समय कथित तौर पर ऊंचाई से गिरने से 35 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक के शव की शिनाख्त मोहन के रूप में हुई है। वह बाकोली स्थित पाम ग्रीन रिसॉर्ट में निर्माण कार्य में लगा हुआ था, जहां शनिवार को यह घटना हुई।

### छात्र ने तीसरी मंजिल से कूदकर की आत्महत्या

**जयपुर।** छात्र ने कथित तौर पर अपनी कलाई काटकर और अपने घर की तीसरी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। रोहन चौधरी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। रोहन ने शनिवार रात खाना खाया और तीसरी मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चला गया। रात में किसी समय, उसने कथित तौर पर ब्लेड से अपनी कलाई काट ली। अपने घर के पीछे एक पड़ोसी घर की छत पर कूद गया।

### सिर पर जूता रखकर मंगवाई माफी, गिरफ्तार



**शिवपुरी।** सार्वजनिक स्थल पर एक युवक से सिर पर जूता रखकर कथित रूप से माफी मंगवाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह घटना जिले के बैराड़ कस्बे में हुई थी। शिवपुरी के पोहरी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह ने इस घटना की कड़ी निंदा की।

## बोइंग कंपनी का ही था अहमदाबाद में क्रैश हुआ विमान, बाल-बाल बचे 173 यात्री

# अब अमेरिका में टेकऑफ के दौरान बोइंग के विमान का इंजन हुआ फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डेनवर/नई दिल्ली


डेनवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से मियामी के लिए अमेरिकन एयरलाइंस का बोइंग 737 मैक्स 8 विमान रवाना होने वाला था। तभी टेकऑफ के दौरान ही विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ गई। विमान का लैंडिंग गियर फेल होने के कारण टेकऑफ रोकना पड़ा। इस दौरान विमान के पिछले हिस्से में आग लग गई।

यह फ्लाइट मियामी जा रही थी। घटना अमेरिकी समयानुसार दोपहर 2:45 बजे (भारतीय समयानुसार रात 2.15 बजे) हुई। विमान में कुल 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर्स सवार थे। सभी को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। हादसे में 6 लोगों को मामूली चोटें आईं, जिनमें से एक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में अमेरिकी संघीय एविएशन एजेंसी ने जांच के आदेश दिए हैं।

एफएए ने यह जांचने को कहा है कि अचानक लैंडिंग गियर में आग कैसे लग गई। प्रारंभिक जांच में इंजन फेल होने की जानकारी सामने आ रही है। अमेरिकन एयरलाइंस ने पुष्टि की कि विमान के टायर में तकनीकी खराबी थी, जिसकी वजह से इसे सर्विस से हटा लिया गया है। इसकी जांच की जा रही है। वहीं, फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया। पैसेंजर्स को मियामी ले जाने के लिए एक नया विमान तैयार किया गया है।

*अमेरिकन एयरलाइंस के बोइंग विमान का इंजन फेल होने और लैंडिंग गियर में आग लगने से 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर पर आफत आ गई। विमान में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। उड़ान भरने से पहले अचानक पहियों से आग की लपटें निकलने लगी। पायलट और कैबिन क्रू ने सूझबूझ दिखाते हुए इमरजेंसी गेट के जरिए यात्रियों को बाहर निकाला।*

## इमरजेंसी गेट के जरिए यात्रियों को बाहर निकाला



### 6 लोग हुए घायल

ये घटना स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2:45 बजे और भारतीय समयानुसार रात में 2.15 बजे हुई। इस विमान में कुल 173 यात्री और 6 क्रू सदस्य सवार थे। इन सभी को इमरजेंसी स्लाइड के जरिए बाहर निकाला गया। इस हादसे में जिन छह लोगों को मामूली चोटें आई हैं उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अमेरिका की संघीय विमानन प्रशासक एफएएए यानी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन और एयरलाइंस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है।

### सेवा से हटाया गया विमान

अमेरिकन एयरलाइंस ने पुष्टि की है कि शनिवार को हादसे का शिकार हुए विमान के टायर में तकनीकी खराबी थी। एयरलाइंस का कहना है कि इस विमान को फिलहाल सेवा से हटा लिया गया है। वहीं, फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया। प्रभावित यात्रियों को मियामी ले जाने के लिए एक नया विमान तैयार किया गया है।

**अहमदाबाद में क्रैश हुआ था बोइंग विमान :** बीते महीने 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया प्लेन उड़ान के कुछ सेकंड बाद ही क्रैश हो गया था। ये विमान भी बोइंग कंपनी ने ही बनाया था। इस हादसे में 270 लोगों की जान चली गई थी। ये बोइंग 787-8 विमान था। इस हादसे की जांच चल ही रही है।

### इधर, एअर इंडिया को सरकार की चेतावनी

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। टाटा संस और एअर इंडिया के चेयरमैन एन चंद्रशेखर के साथ हुई बैठक में सरकार ने सख्त हिदायत देते हुए दो बड़े संदेश दिए हैं। दरअसल, केंद्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू, सचिव समीर कुमार सिन्हा और डीजीसीए प्रमुख फैज अहमद किदवई ने चंद्रशेखरन से मुलाकात की। इस दौरान सुरक्षा में सुधार के उपायों पर चर्चा की गई, जिस पर चंद्रशेखरन ने सहमति जताई है।

**दो संदेश**

**पहला :** सुरक्षा पर सीधा असर डालने वाले प्रमुख एअर इंडिया डिपार्टमेंट में बैकसीट ड्राइविंग के कल्चर (पर्दे के पीछे फैसले लेने की संस्कृति) को तुरंत खत्म कर देना चाहिए।

**दूसरा :** प्रमुख विभागों में पदों पर बैठे लोगों के पास फैसला लेना का अधिकार होना चाहिए, न कि जब चीजें खराब हों तो उन्हें केवल दोषी ठहराने के लिए। कई मामलों में फैसले कोई और ही ले रहा होता है, जबकि सीट पर कोई और बैठा होता है। यह व्यवस्था बेहद खतरनाक है और इसे तत्काल खत्म कर देना चाहिए।

# मारे गए 4 नक्सलियों पर था 17 लाख का ईनाम



- बासागुड़ा एवं गंगालूर थाना के सरहदी जंगलों में सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया
- एसएलआर, इंसास, 303 रायफल, 12 बोर, बीजीएल लांचर, सिंगल शॉट सहित विस्फोटक सामग्री बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिले के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र में माओवादी कैडर की गतिविधियों की विश्वसनीय सूचना के आधार पर डीआरजी बीजापुर की टीम द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के दौरान 26 जुलाई की शाम पुलिस बल और माओवादियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ होती रही। मुठभेड़ के पश्चात स्थल की तलाशी में 1 एसएलआर, 1 इंसास, एक 303 रायफल, बीजीएल लांचर, ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप

### हथियार समेत सामान बरामद

बताया गया कि मुठभेड़ स्थल से बरामद सामग्रियों में 1 एसएलआर, 3 मैग्जीन 15 जिंदा राउण्ड, 1 इंसास , 3 मैग्जीन 40 जिंदा राउण्ड, एक 303 रायफल 1 मैग्जीन, 16 जिंदा राउण्ड, 1 बीजीएल लांचर (सुरखा) 3 सेल, 1 सिंगल शॉट 315 बोर रायफल, एक 12 बोर बंदूक, 12 जिंदा सेल, एके 47 के 8 जिंदा राउण्ड, बीजीएल सेल छोटा 3, ग्रेनेड 1, नक्सल सामग्री व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री मिले है।

### 425 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. ने बताया कि 2024 में मिली निर्णायक बढ़त को आगे बढ़ाते हुए 2025 में भी बस्तर संभाग में प्रतिबंधित एवं गैरकानूनी सीपीआई (माओवादी) संगठन के विरुद्ध सुरक्षा बलों द्वारा सघन और निरंतर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के तहत पिछले 19 महीनों (जनवरी 2024 से जुलाई 2025) में 425 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किए गए हैं, जो सुरक्षा तंत्र की प्रभावी रणनीति, साहसिक कार्रवाई और जनसमर्थन का प्रतीक है।

# 26 दिनों में बरस गया 448 मिमी पानी, जुलाई लबालब, सिर्फ बेमेतरा और कोंडागांव पीछे


आफत की बारिश...रायपुर में दस साल का रिकार्ड टूटा, कुसमी में 20 सेमी पानी बरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जून के महीने में रूठे रहने वाले मानसून ने जुलाई में प्रदेश में जमकर रहमदिली दिखाई। यहां 26 दिनों में बादल 448 मिमी. तक बरसे, जिससे महीने का कोटा पूरा हुआ और सीजन की बारिश का आंकड़ा 599.6 मिमी. के साथ सामान्य से 16 फीसदी अधिक हो गया। रायपुर जिले में इस बार 429 मिमी. वर्षा हुई, ऐसा पिछले दस साल में नहीं हुआ। जून से जुलाई के बीच हुई बारिश के बाद बेमेतरा और कोंडागांव पिछड़े रह गए, मगर रायपुर समेत 16 जिले औसत ▶▶|शेष पेज 6 पर

हरिभूमि फॉलोअप

**प्रमुख जिलों में हुई वर्षा**

| जिला | अब तक | औसत |
|---|---|---|
| रायपुर | 548.0 | 450.6 |
| बिलासपुर | 641.6 | 465.9 |
| दुर्ग | 507.3 | 462.2 |
| राजनांदगांव | 511.1 | 483.6 |
| बलरामपुर | 929.5 | 420.2 |
| जांजगीर | 834.8 | 471.2 |

### सामान्य असर रहने की उम्मीद

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक, प्रदेश में बारिश अभी सामान्य स्थिति में रहने की उम्मीद है। बनने वाले सिस्टम के प्रभाव से एक-दो स्थानों पर भारी बारिश होने और अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की उम्मीद है। शनिवार की सुबह तक प्रदेश में असर दिखाने वाले बादल रविवार को भी शांत रहे। दिनभर छाए बादल और धूप नहीं निकलने की वजह से वातावरण में ठंडक आ गई है और राज्य का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा चुका है।

### रायपुर में केवल दो बार 46 मिमी. वर्षा

इस बार भारी वर्षा की वजह से रायपुर जिले के नदी-नाले लबालब हो चुके हैं, मगर पिछले दस साल में दो बार ऐसी स्थिति बनी, जब जुलाई के महीने में यहां 46 मिमी. बारिश हुई थी। वर्ष 2015 के बाद 2022 में यही स्थिति बनी थी और किसानों के साथ आम लोगों के चेहरे पर सूखे का संकट नजर आने लगा था। रायपुर जिले में जुलाई के महीने में सबसे अधिक 679.3 मिमी वर्षा वर्ष 2007 में दर्ज की गई थी। पिछले दस साल में मासिक वर्षा 270.9 मिमी. तक वर्ष 2020 में पहुंची थी।

# पंडरिया विधायक भावना ने अमरकंटक से भोरमदेव तक की 151 किमी की कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

पंडरिया विधायक भावना बोहरा और 300 से अधिक कांवड़ियों ने मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक से भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की यात्रा 21 जुलाई को शुरू की। 27 जुलाई को भोरमदेव मंदिर में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के साथ पूर्ण हुई। छत्तीसगढ़वासियों की सुख-समृद्धि एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना हेतु यह कांवड़ यात्रा पंडरिया विधायक भावना बोहरा के नेतृत्व में शुरू की गई। 7 दिनों में घने जंगलों, पर्वतों, बीहड़ रास्तों, उफनती नदियों और घनघोर बारिश को पार करते हुए डोंगरिया महादेव ▶▶|शेष पेज 6 पर

### सीएम विष्णु देव साय ने फोन कर भावना बोहरा और कांवड़ियों का बढ़ाया हौसला



### गौरव व भावनाओं से भरी यात्रा, अविस्मरणीय

भावना बोहरा ने कहा कि यह यह क्षण और मेरे लिए गौरव और भावनाओं से भरा है जो मुझे आजीवन स्मरणीय रहेगा। भगवान भोलेनाथ और मां नर्मदा के आशीर्वाद से और कबीरधाम जिला के शिवभक्तों, कांवड़ यात्रियों के अपार स्नेह, अपनत्व और सहयोग से यह यात्रा आज पूर्ण हुई है जिसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं विधानसभा ▶▶|शेष पेज 6 पर

# आरइंफ्रा और आर पावर पर ईडी की पूरी हुई तलाशी

**नई दिल्ली।** रिलायंस समूह की कंपनियों रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आरइंफ्रा) और रिलायंस पावर (आरपावर) ने रविवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय ने उनके विभिन्न परिसर में तलाशी का काम पूरा कर लिया है। कंपनियां संघीय जांच एजेंसी के साथ सहयोग करना जारी रखेंगी। आरपावर ने स्टॉक एक्सचेंज में दायर अपनी नवीनतम रिपोर्ट में कहा, ईडी की कार्रवाई सभी जगहों पर पूरी हो गई है।



- कंपनी ने कहा- करते रहेंगे सहयोग

### अंबानी का कोई संबंध नहीं

दोनों कंपनियों ने कहा कि अनिल डी. अंबानी आरइंफ्रा और आरपावर के बोर्ड में नहीं हैं, इसलिए आरकॉम या आरएचएफएल के खिलाफ की गई किसी भी कार्रवाई का आरइंफ्रा और आरपावर के शासन, प्रबंधन या संचालन पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## केंद्रीय गृह सचिव बोले- मिलेगा पूरा वेतन और सम्मान

# अभियान के दौरान हुए दिव्यांग तो भी सेवा पर रहेंगे जवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सीएपीएफ के अधिकारी और जवान जो अभियान के दौरान अपने अंग खो देते हैं या किसी स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो जाते हैं, वे सेवा में बने रहेंगे। उन्हें एकमुश्त मूल मौद्रिक पैकेज के अलावा उचित पदोन्नति एवं वेतन मिलेगा। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने रविवार को यह जानकारी दी। मोहन यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 87वें स्थापना दिवस के अवसर पर बल के जवानों को संबोधित कर रहे थे। केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ▶▶|शेष पेज 6 पर

### चुनी हुई इकाइयों में होगी तैनाती

गृह मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि जो जवान और अधिकारी अभियान के दौरान अपने अंग खो देते हैं या शारीरिक रूप से अक्षम हो जाते हैं, उन्हें सेवा से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा, "ऐसे कर्मियों को इन बलों की कुछ चुनी हुई इकाइयों में काम करने के लिए तैनात किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उनकी सेवानिवृत्ति तक उनका वेतन और भत्ते जारी रहें। ऐसे बहादुर कर्मियों का "सम्मान और आदर" सुनिश्चित किया जाएगा।



### इसलिए लिया गया निर्णय

सीएपीएफ अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों सीएपीएफ जवानों को पिछले कुछ वर्षों में ऑपरेशन के दौरान स्थायी चोटें आई हैं, जिनमें अंगों या आंखों की रोशनी का नुकसान शामिल है। हालांकि, ऐसी चोटों के कारण बर्खास्तगी के मामले बहुत कम हैं, लेकिन कई कर्मियों की पदोन्नति रुकी हुई है क्योंकि वे मौजूदा फिटनेस मानकों को पूरा नहीं कर पाते हैं। समिति इन फिटनेस मानदंडों में ढील देने पर विचार करेगी, ताकि प्रभावित कर्मियों को पदोन्नति और अन्य लाभ मिल सके।

### बहादुर कर्मियों का सुनिश्चित किया जाएगा सम्मान

गृह सचिव ने कहा, ऐसा हमारे जवानों को यह आश्वासन देने के लिए किया जा रहा है कि जब वे विपरीत परिस्थितियों का सामना करेंगे, तो एक मजबूत गृह मंत्रालय और भारत सरकार उनका साथ देगी। मोहन ने सीएपीएफ से "उभरते खतरों" के लिए तैयार रहने और यह सुनिश्चित करने को कहा कि वे नयी प्रौद्योगिकी को अपनाएं, जो संचालन और खुफिया जानकारी जुटाने में उनकी "सबसे बड़ी मित्र" है।

चिंतन

# इजरायल का फैसला मानवता के हित में

आखिरकार संयुक्त राष्ट्र के दबाव में इजरायल ने गाजा पट्टी के तीन घनी आबादी वाले वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने का ऐलान किया है। मानवीय सहायता की दिशा में यह अहम कदम है। इजरायल ने यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं को देखते हुए उठाया है। भारत, यूएन, अमेरिका, चीन आदि देश इजरायल से शांति की अपील लगातार कर रहे हैं। लेकिन इजरायल का प्रण वैश्विक आतंकी गुट हमास के खात्मे तक सैन्य एक्शन जारी रखने का है। पिछले 21 महीने से इजरायल की सेना गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ जंग लड़ रही है। इस दौरान गाजा के हालात बद से बदतर होते गए हैं। हमास के आतंकी कुकृत्य के अंजाम गाजापट्टी के निर्दोष नागरिक व बच्चे भुगत रहे हैं। इजरायल की एक ही मांग है कि यदि हमास आत्मसमर्पण कर दे और क्षेत्र को छोड़ दे, तो वह युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार है। हमास ने हजरायल के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साफ है कि जंग रुकने के आसार निकट भविष्य में नहीं हैं। ऐसे में गाजापट्टी में आमलोगों के हालात खराब ही होते जा रहे हैं। जंग जारी रखने के चलते इजरायल को अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा है, हालांकि इजरायली सेना का तर्क है कि वह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ग्लोबल आतंकी गुट हमास ने इजरायल में 7 अक्टूबर 2023 को पिकनिक मना रहे निहत्थे व बेकसूर लोगों पर हमला कर दिया था, जिसमें करीब 1200 लोग शिकार हुए थे। उसके बाद से इजरायल व हमास के बीच लड़ाई जारी है, जिसमें करीब 15 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजराइल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। हाल के दिनों में गाजा से कमजोर बच्चों की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद इजरायल की वैश्विक आलोचना तेज हो गई। अब इजरायल की सेना के मुताबिक, वह गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगीजिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है। गाजा युद्ध से उत्पन्न मानवीय त्रासदी को झेल रहा है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने सहायता प्रतिबंधों में ढील देने के इजरायली कदमों का स्वागत किया है, लेकिन कहा कि गाजा में जरूरतमंद सभी लोगों तक सामान पहुंचाने के लिए व्यापक युद्धविराम की आवश्यकता है। इजराइल ने स्पष्ट किया है कि वह इन तीन क्षेत्रों को छोड़कर अन्य इलाकों में हमास के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 9 लाख बच्चे भूखे हैं और 70 हजार से ज्यादा बच्चे पहले से ही कुपोषण के लक्षण दिखा रहे हैं। गाजा में 127 लोग भुखमरी और कुपोषण के कारण मर चुके हैं। बहुत से बच्चे भूख से बिलख रहे हैं, महिलाएं अपनी आंखों के सामने बच्चे को मरते देखने के लिए मजबूर हैं, तो आतंकी गुट हमास के आकाओं से पूछा जाना चाहिए कि गाजा के लोगों को इस हालात में किसलिए और क्यों पहुंचाया? इजरायल के बेकसूरों को मौत के घाट क्यों उतारा? क्या सांस्कृतिक विचारधारा और कट्टर धार्मिकता का युद्ध आम आदमी की हत्या कर लड़ा जाएगा? इजरायल की लड़ाई हमास से है, इसलिए उसे गाजा के आम नागरिकों को जरा भी क्षति नहीं पहुंचानी चाहिए। हमास, हिज्बुल्ला, अलकायदा, इस्लामिक स्टेट, अल शबाब, हूती, लश्कर, जैश, टीटीपी, तालिबान जैसे आतंकी गुटों को कट्टरता, रसद, धन और हथियार देने वाले मानवता के इनसे बड़े दुश्मन हैं। भारत गाजा में शांति का पक्षधर है।



युद्ध
राजेश जैन

# थाईलैंड-कंबोडिया का संघर्ष खत्म हो

कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है, प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

दक्षिण-पूर्व एशिया एक बार फिर अशांत है। कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं।

इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है, प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। वैसे भी 817 किलोमीटर लंबी थाई-कंबोडिया सीमा पर दशकों से विवाद चला आ रहा है। इसकी जड़ें फ्रांसीसी औपनिवेशिक काल के नक्शों में हैं। 1907 में बने नक्शों को थाईलैंड अब भी विवादित मानता है। कंबोडिया का कहना है कि प्रीह विहेयर और ता मुएन थोम जैसे ऐतिहासिक मंदिर उसके क्षेत्र में आते हैं, वहीं थाईलैंड इन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत मानता है। 2008 से 2011 के बीच इसी विवाद पर हुई झड़पों में 34 लोगों की मौत हो गई थी। 2025 की चिंगारी तब भड़की जब एक कंबोडियाई सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 24 जुलाई को हालात और बिगड़ गए जब ता मुएन थोम मंदिर के पास भारी गोलीबारी और हवाई हमले हुए। अब, जब व्यक्तिगत कटुता, राजनीतिक अस्थिरता और ऐतिहासिक विवाद आपस में गुत्थमगुत्था हो चुके हैं, दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक और गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

यह सैन्य लड़ाई दो राजवंशों के बीच की अदावत का विस्तार भी है। यह सीमा विवाद से लेकर दो राजवंशों के बीच की रंजिश की लड़ाई है। जुलाई की पहली तारीख को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन को टेलीफोन किया था। इस दौरान तत्करलीन प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न ने कंबोडियाई नेता को 'अंकल' कहकर संबोधित किया था। उस टेलीफोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग को हुन सेन ने फेसबुक पर पोस्ट कर दिया, जिसमें पैतोंगतार्न उन्हें अंकल कहकर संबोधित कर रहीं थी और उनके बातचीत के अंदाज से ऐसा लग रहा था कि वो बातचीत को भावनात्मक बनाकर विवाद सुलझाना चाहती थीं। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड सेना को भी नजरअंदाज किया, लेकिन ऑडियो फेसबुक पर आते ही बवाल मच गया। प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न को इस्तीफा देना पड़ा और उनके पिता थाकसिन शिनवात्रा ने सार्वजनिक तौर पर कंबोडियाई नेता हुन सेन से संबंध तोड़ने का ऐलान कर दिया। थाकसिन और हुन सेन, अपने-अपने देश के दिग्गज नेता रहे हैं और उनके बच्चे भी एक ही साल के अंतराल में देश की सत्ता में पहुंच गये। एक वक्त था जब थाईलैंड के थाकसिन और कंबोडिया के हुन सेन की दोस्ती काफी मशहूर थी। माना जाता था कि दोनों देशों के बीच विवाद के बावजूद दोनों की दोस्ती की वजह से लड़ाई नहीं होगी और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनी रहेगी।लेकिन ऑडियो लीक होने के बाद सबकुछ बदल गया। दोनों नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर एक दूसरे के खिलाफ जहर उगले। थाकसिन ने कहा कि वो थाईलैंड सेना को हुन सेन को सबक सिखाने का मौका देना चाहते हैं। जिसपर हुन सेन ने उनके बयान को 'युद्ध की आग भड़काने' वाला बताया। हुन सेन, थाईलैंड की राजनीति में चल रही अस्थिरता का लाभ उठाकर अपने बेटे और वर्तमान



प्रधानमंत्री हुन मानेट की राष्ट्रवादी छवि को मजबूत करना चाहते हैं। वहीं थाकसिन के खिलाफ राजद्रोह का मामला चल रहा है, जिसने उनकी राजनीतिक पकड़ को कमजोर कर दिया है। उनका 2023 में स्वदेश लौटना और मिलिटरी-रॉयल गठजोड़ से समझौता करना भी उनके पारंपरिक समर्थकों में नाराजगी की वजह बना है।थाईलैंड के पूर्व विदेश मंत्री कासित पिरोम्या ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा कि दोनों परिवारों की आकांक्षाएं और धन-संपत्ति का सपना साकार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हुन सेन शायद इसे थाकसिन की नाकामी मानते थे। हुन सेन अपने देश पर पूर्ण नियंत्रण रखते थे और वे अपने वादे को पूरा कर सकते थे, लेकिन थाकसिन पिछले 20 वर्षों से थाई समाज पर अपनी चमक और नियंत्रण खोते जा रहे हैं। इसके अलावा थाकसिन ने हाल ही में कंबोडिया की सीमा से सटे इलाकों में कैसीनो और ऑनलाइन स्कैम हब्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी और खुद एक ऐसे इंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स की योजना की बात की, जो कंबोडियाई कैसीनो उद्योग को चुनौती दे सकता था। यह कदम हुन सेन के लिए सीधा आर्थिक और रणनीतिक खतरा बन गया, जिससे तनाव और गहरा गया। फिलहाल थाईलैंड ने सीमाएं सील कर दी हैं और कंबोडिया ने भी थाईलैंड से आने वाले आयात जैसे फल, सब्जियां, गैस और फिल्मों पर रोक लगा दी है। कंबोडिया पहले से ही चीन के प्रभाव में है। पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन और वर्तमान प्रधानमंत्री हुन मानेट दोनों को चीन का भरोसेमंद साथी माना जाता है।

यही वजह है कि चीन इस पूरे घटनाक्रम में शांत तो है, पर उसकी मौजूदगी हर स्तर पर महसूस की जा सकती है। दक्षिण कंबोडिया में चीन द्वारा विकसित किया गया रीम नौसैनिक अड्डा अमेरिका और भारत जैसे देशों के लिए चिंता का विषय है। माना जाता है कि ऐसे ठिकाने दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक चीन की सामरिक पहुंच बढ़ा सकते हैं। थाईलैंड लंबे समय से अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है और कोबरा गोल्ड जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यासों में अमेरिका के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। लेकिन बीते वर्षों में चीन से उसके आर्थिक और सैन्य रिश्ते भी गहरे हुए हैं। अगर चीन इस टकराव में मध्यस्थ बनता है, तो वह अमेरिका के प्रभाव को तो काफी हद तक कम कर ही सकता है, साथ ही दोनों देशों के साथ व्यापार और निवेश को भी अपनी शर्तों पर आगे बढ़ा सकता है। भारत के लिए यह संघर्ष कई वजहों से चिंता का कारण है। थाईलैंड 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का मुख्य प्रवेश द्वार है, जबकि कंबोडिया 'मेकोंग-गंगा सहयोग' में एक अहम साझेदार। भारत ने दोनों देशों में डिजिटल कनेक्टिविटी, सांस्कृतिक परियोजनाओं और रणनीतिक संवादों पर काम किया है। लेकिन अगर दोनों देशों के बीच यह तनाव लंबा चलता है, तो भारत की कूटनीतिक स्थिति अस्थिर हो सकती है। भारत को संतुलन साधना होगा और दोनों पक्षों से संबंध बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा करनी होगी। भारत को चाहिए कि वह आसियान के साथ संवाद और सहयोग को और मजबूत करे। क्षेत्रीय मंचों का उपयोग करके सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था पर संवाद बढ़ाना भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। कंबोडिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आपात बैठक की मांग की है और मामला फिर से अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अधिकार को नकारते हुए सिर्फ द्विपक्षीय बातचीत पर जोर दिया है। इसके लिए उसने पहले युद्धविराम की शर्त रखी है। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

शिक्षा प्रणाली
सुनील कुमार महला



# भारत के लिए फिनलैंड जैसा शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरी

हाल ही में राजस्थान के झालावाड़ के पिपलोदी गांव में एक सरकारी स्कूल की इमारत का एक हिस्सा गिरने से सात मासूम बच्चों की मौत हो गई, यह बहुत ही दुखद और हृदयविदारक घटना है। वास्तव में झालावाड़ में हुई यह घटना हमारे देश के सरकारी स्कूलों की बदहाली के साथ ही हमारे एजुकेशनल सिस्टम पर गंभीर सवाल भी खड़े करती है। सच तो यह है कि इस हादसे के बाद स्कूल और प्रशासन की भूमिका पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। हादसे के बाद जब बच्चों की मौत हो गई तब शिक्षा मंत्री मदन दिलावर कह रहे हैं कि 2000 स्कूलों को ठीक किया जा रहा है और हादसे के दोषी वे खुद हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या मात्र स्वयं को दोषी ठहराने से इस हृदयविदारक हादसे की भरपाई संभव हो सकती है ? ऐसा भी नहीं है कि जर्जर व खराब हालात वाले स्कूल भवनों के बारे में किसी को जानकारी या सूचनाएं नहीं होती हैं, लेकिन दुखद यह है कि जानकारी होने के बावजूद समय रहते एक्शन नहीं लिया जाता और हादसे हो जाते हैं। आज राजस्थान ही नहीं हमारे देश में हजारों स्कूल ऐसे हैं, जहां स्कूल बिल्डिंग्स को लेकर डर का साया है और बहुत से स्कूल आज भी मरम्मत, रख-रखाव के इंतजार में हैं। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की इमारतें जर्जर हैं, शिक्षकों की कमी है और स्वच्छ पेयजल, शौचालय और बिजली जैसी बुनियादी सुविधाओं तक का अभाव है। यहां पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हमारे देश की नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में स्कूलों के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया है। इसमें सभी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही गई है। आज नई शिक्षा नीति के अनुसार स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर मौजूद नहीं है। इस संदर्भ में हमें फीनलैंड से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बता दें कि दुनिया में सर्वश्रेष्ठ स्कूली शिक्षा प्रणाली फिनलैंड की मानी जाती है। दरअसल, फिनलैंड की शिक्षा प्रणाली में बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) आधुनिक, सुसज्जित और छात्रों की जरूरतों के अनुसार बनाया गया है। इसमें आधुनिक क्लासरूम, खेल के मैदान, पुस्तकालय, और तकनीकी उपकरण जैसे कि कंप्यूटर, टैबलेट आदि, आधुनिक लैब, विशेष आवश्यकता वाले छात्रों के लिए सुविधाएं आदि शामिल हैं। फिनलैंड में शिक्षा प्रणाली में बुनियादी ढांचे के लिए सरकार और स्थानीय प्राधिकरण दोनों मिलकर काम करते हैं, और शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश करते हैं। कुल मिलाकर यह बात कही जा सकती है कि फीनलैंड में यह सुनिश्चित किया जाता है कि सभी स्कूलों में छात्रों को सीखने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध हो। कहना ग़लत नहीं होगा कि जब स्कूलों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध होता है तो छात्र सक्रिय, रचनात्मक और आत्मविश्वास से सीखने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। बहरहाल, यहां यह भी उल्लेखनीय है कि फिनलैंड के अलावा, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, और कनाडा जैसे देशों की शिक्षा प्रणालियों को भी दुनिया में सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि दुनिया बदलने के लिए शिक्षा ही सबसे ताकतवर हथियार है और अच्छी शिक्षा प्रणाली वाले देश अपने छात्रों को उस जरूरी ज्ञान और कौशल से लैस करते हैं, जिनके जरिए वे ना सिर्फ समाज में योगदान दे पाएं, बल्कि आर्थिक तरक्की भी कर पाएं। बहरहाल, भारत एक विकासशील देश है और हम अपने देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने का सपना देख रहे हैं। यह तभी संभव है जब हमारे यहां अपनी शिक्षा प्रणाली को और बेहतर बनाने की ओर कदम उठायेंगे। इसके लिए हमें जमीनी स्तर पर उतर कर पूरी ईमानदारी, इच्छाशक्ति व संकल्प के साथ काम करना होगा। आज जरूरत इस बात की है कि हम हमारे देश के स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर अपना ध्यान केंद्रित करें। वास्तव में होना तो यह चाहिए कि सभी स्कूलों की इमारतों की नियमित व पारदर्शी जांच हो और इसके लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की एक समिति गठित हो जो स्कूल भवनों के स्ट्रक्चर और सिक्योरटी का समय-समय पर आकलन करती रहे। वैसे भी हाल फिलहाल पूरे देश में मानसून का समय चल रहा है, ऐसे समय में हमारे अधिकारियों और प्रशासन को यह चाहिए कि वे देश के तमाम स्कूली और जर्जर सरकारी इमारतों का हाल जानें कि वे किस हालात में हैं और यदि वे ठीक नहीं हैं तो उनके रख-रखाव के लिए कार्रवाई को समय रहते जवाबदेही के साथ अंजाम दिया जाना चाहिए। इसके लिए स्थानीय प्रशासन और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होनी चाहिए और अगर कोई स्कूल असुरक्षित स्थिति में पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व साहित्यकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

## अच्छा काम करने आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

गणेश चतुर्थी उत्सव की तैयारी



महाराष्ट्र के नागपुर में रविवार को गणेश चतुर्थी उत्सव से पहले एक कार्यशाला में भगवान गणेश की मूर्ति की जाँच करता एक कलाकार।

आज की पाती

### बेईमानी का धन

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। *- प्रखर जैन, राजनांदगांव*

करंट अफेयर

## सिंगापुर में तेलुगु पढ़ाए जाने का सीएम नायडू का आह्वान



आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को सिंगापुर के स्कूलों में तेलुगु को दूसरी भाषा के रूप में पढ़ाए जाने का आह्वान किया। नायडू ने यहां प्रवासी भारतीयों के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया। वह आंध्र प्रदेश को एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में प्रदर्शित करने के लिए पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सिंगापुर में हैं। मुख्यमंत्री ने दुनियाभर की बहुराष्ट्रीय कंपनियों के तेलुगु मूल के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) की विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए सीएक्सओ (मुख्य अनुभव अधिकारी) क्लब का भी उद्घाटन किया। एक सामुदायिक नेता के अनुसार, सिंगापुर में तेलुगु मूल के लगभग 40,000 लोग हैं। नायडू यहां 'वन वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल डिजिटल कैंपस' में लगभग 2,000 प्रवासी सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। सिंगापुर में तमिल चार आधिकारिक भाषाओं में से एक है (तीन अन्य-मलय, अंग्रेजी और मंदारिन हैं)। इसके अलावा, हिंदी और पंजाबी भी सिंगापुर के स्कूलों में मातृभाषा के रूप में पढ़ाई जाने वाली भाषाओं में शामिल हैं। भारतीय उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, अपने भाषण में, मुख्यमंत्री नायडू ने सिंगापुर के स्कूलों में तेलुगु पढ़ाए जाने का आह्वान किया।

ऑफ बीट

## क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है



हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है—जहां वजन एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता।

ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, भारत रत्न, 'मिसाइल मैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। भारत को परमाणु सम्पन्न बनाने में उनका अतुलनीय योगदान अविस्मरणीय है।

-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### जनहानि अत्यंत दुखद



हरिद्वार स्थित श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मां मनसा देवी से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। ॐ शांति।

- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हार्दिक बधाई



पेरिस, फ्रांस में आयोजित 55वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2025 में इंदौर के रिद्धेश बेंडाले एवं जबलपुर के स्नेहिल झा को स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। दोनों की यह सफलता मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने वाली है।

- डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे



दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले सैकड़ों ग़रीब परिवार के छोटे-छोटे घरों को भाजपा सरकार ने बेरहमी से उजाड़ दिया। हम इन उजाड़े गए परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# मन की बात में बोले मोदी- बच्चों में अंतरिक्ष को लेकर एक नई जिज्ञासा पैदा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत के बच्चों में अंतरिक्ष के प्रति एक नयी जिज्ञासा जागी है। मोदी ने साथ ही कहा कि देश में केवल अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं। प्रधानमंत्री ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि 2047 में विकसित भारत का रास्ता आत्मनिर्भरता से होकर गुजरता है और 'वोकल फॉर लोकल' 'आत्मनिर्भर भारत' का सबसे मजबूत आधार है। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों में, चाहे वह खेल हो, विज्ञान हो या संस्कृति, बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। मोदी ने इस दौरान ज्ञान भारतम मिशन की शुरुआत की घोषणा की। मिशन का उद्देश्य पूरे भारत में प्राचीन पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण करना है।

### ज्ञान भारतम मिशन की शुरुआत

ज्ञान भारतम मिशन का उद्देश्य पूरे भारत में एक करोड़ से ज्यादा पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण, संरक्षण और उन तक अधिक से अधिक लोगों की पहुंच बनाना है।मोदी ने कहा, हमारे प्राचीन ज्ञान के विस्तार के विचार से प्रेरित होकर भारत सरकार ने इस वर्ष के बजट में एक ऐतिहासिक पहल 'ज्ञान भारतम मिशन' की घोषणा की थी। अब इसकी शुरुआत की जा रही है। इस पहल की घोषणा इस साल के केंद्रीय बजट में पहली बार की गई थी।

### पूर्व नक्सली बंदूक छोड़ मुख्यधारा में शामिल हुए

पीएम मोदी ने झारखंड के गुमला जिले के पूर्व नक्सलियों के उल्लेखनीय परिवर्तन की प्रशंसा की। उन्होंने पूर्व नक्सली ओम प्रकाश साहू की प्रेरक कहानी सुनायी, जो हिंसा का रास्ता छोड़कर एक सफल मछली पालक और कभी नक्सलवाद से प्रभावित रहे बसिया ब्लॉक में बदलाव के उत्प्रेरक बने।



### चंद्रयान-3 का जिक्र

*'इंस्पायर मानक योजना' का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस अभियान का नाम तो सुना ही होगा। यह बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया विचार लेकर आता है। अब तक लाखों बच्चे इससे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान-3 के बाद इनकी संख्या दोगुनी हो गई है।*

### कोई आइडिया है तो नमो ऐप पर भेजें

*राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि अगले महीने, 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है। आप इसे कैसे मनाएंगे? क्या आपके पास कोई नया आइडिया है? अगर है तो मुझे नमो ऐप पर संदेश जरूर भेजें। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि 21वीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले, हमारे छात्रों ने इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में पदक जीते।*

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

पीएम मोदी ने ओडिशा के क्योंझर में हो रहे एक अद्भुत काम के बारे में बताया। वहां 'राधा कृष्ण संकीर्तन' नामक एक समूह है। भक्ति के साथ, यह समूह पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने वाले मंत्रों का भी जाप करता है। इस कदम के पीछे प्रेरणा प्रमिला प्रधान हैं। उनके समूह ने कई गांवों का दौरा किया और जंगल की आग के बारे में जागरूकता फैलाई।

### पक्षियों के बारे में जानने का आग्रह

पीएम मोदी ने लोगों से अपने आसपास के पक्षियों के बारे में जानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर मैं आपके आसपास के पक्षियों के बारे में पूछूं, तो आप कहेंगे कि आप 4-5 प्रजातियां देखते हैं, लेकिन हमें अपने आसपास के पक्षियों के बारे में जानने की जरूरत है।

### युवाओं से पीएम मोदी की खास अपील

पीएम मोदी ने युवाओं को 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भरता' और 'वोकल फॉर लोकल' के माध्यम से ही हम इस सपने को पूरा कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से स्थानीय उत्पादों को खरीदने और स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करने का आग्रह किया।

### स्वदेशी आंदोलन का जिक्र

पीएम मोदी ने 'मन की बात' में स्वदेशी आंदोलन की बात की। उन्होंने कहा कि 7 अगस्त 1905 को एक नई क्रांति शुरू हुई। स्वदेशी आंदोलन ने स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हथकरघों में नई ऊर्जा का संचार किया।

## खबर संक्षेप

### कोविंद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मौजूदा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति भवन ने मुलाकात की तस्वीर 'एक्स' पर एक पोस्ट में साझा करते हुए लिखा, ''भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।'' कोविंद ने 'एक साथ चुनाव' संबंधी एक उच्च-स्तरीय समिति का भी नेतृत्व किया।

### कमरे में पाए गए पति-पत्नी के शव, जांच शुरू

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में रविवार को संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे के अंदर पति-पत्नी के शव पाये गये। पुलिस ने पति की मां को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि देवा कोतवाली क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी रोहित (27) और उसकी 26 वर्षीय पत्नी मुन्नी के शव आज उनके कमरे में पाये गये। मुन्नी का शव साड़ी से लगे फांसी के फंदे से लटकता पाया गया। वहीं, रोहित का शव जमीन पर पड़ा मिला। उनकी शादी छह साल पहले हुई थी। दोनों का चार साल का एक बेटा भी है। कोतवाली प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है।

### 260 करोड़ के फर्जी बिलिंग में दो गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** लुधियाना के केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अधिकारियों ने मंडी गोबिंदगढ़ में कई स्थानों पर छापेमारी कर लगभग 260 करोड़ रुपए के फर्जी बिलिंग घोटाले में लिप्त एक गिरोह का भंडाफोड़ कर दो लोगों को गिरफ्तार किया। यह गिरोह लौह और इस्पात क्षेत्र में पांच कंपनियों के जरिये फर्जी आईटीसी लेने और पास करने में लिप्त था। बयान के अनुसार इससे राजकोष को लगभग 47 करोड़ रुपये के जीएसटी नुकसान का अनुमान है। फिलहाल, जांच जारी है। इस नेटवर्क के पूरे दायरे और अन्य संलिप्त इकाइयों की पहचान की जा रही है।

### मेट्रो में सोने के बिस्कुट चुराने वाले गिरफ्तार तीन लाख बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो की चलती ट्रेन से 141 ग्राम से अधिक वजन के सोने के बिस्कुट चुराने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से चोरी के सोने के बिस्कुट की बिक्री से कथित तौर पर अर्जित राशि यानी तीन लाख रुपये बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि 11 जुलाई को अमित संतरा नामक यात्री के बैग ये बहादुरगढ़ और शादीपुर स्टेशन के बीच यात्रा करते समय सोने के बिस्कुट चोरी हो गए थे। पुलिस ने डाबरी निवासी संदिग्ध सोनू चंद व जय प्रकाश नामक दो लोगों को पकड़कर माल बरामद किया।

## बिहार में एसआईआर का पहला चरण पूरा, 7 करोड़ से ज्यादा फॉर्म हुए जमा

# बिहार के 65 लाख से अधिक वोटर्स पर लटकी तलवार, चुनाव आयोग ने कहा- हटाए जाएंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के चल रहे विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के पहले चरण के बाद चुनाव आयोग ने जो आंकड़े जारी किए है, उसके तहत बिहार की मतदाता सूची से 65 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम हटना तय है। यह इसलिए है, क्योंकि इनमें से 22 लाख मतदाता मृत हैं, जबकि 35 लाख से अधिक मतदाता स्थाई रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं या उनका कहीं कोई पता नहीं चल पा रहा है। वहीं, सात लाख मतदाता ऐसे भी पाए गए हैं, जो दो जगहों से पंजीकृत हैं। इसके साथ ही करीब 1.2 लाख मतदाता ऐसे हैं, जिन्होंने तय समय-सीमा के भीतर गणना फॉर्म भर कर वापस जमा नहीं किए हैं।

### क्या है एसआईआर

चुनाव आयोग मतदाता सूची में 3 तरह से सुधार करता है। एक समरी रिवीजन, दूसरा गहन पुनरीक्षण और तीसरा विशेष संशोधन। गहन पुनरीक्षण एक तरह से नई मतदाता सूची बनाने का काम है। इसके लिए घर-घर जाकर लोगों की गणना की जाती है, फिर निर्धारित दस्तावेजों के निरीक्षण के बाद उनका नाम मतदाता सूची में शामिल या हटाया जाता है। विपक्ष का कहना है कि ये गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक मतदाताओं का वोट काटने की साजिश है।

### 99.98 मतदाताओं तक पहुंचा चुनाव आयोग

चुनाव आयोग ने इस अभियान में बिहार के 99.98 प्रतिशत मतदाताओं तक पहुंचने का दावा दिया है। साथ ही गणना फॉर्म से जुड़ी इस मुहिम को सफल बनाने का श्रेय राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी व निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, सहायक निर्वाचन पंजीयन अधिकारी, बीएलओ, बीएलए और वॉलंटियर्स आदि को दिया है।




### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर को

इस प्रक्रिया के तहत अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 30 सितंबर को होगा। चुनाव आयोग ने इसके साथ ही सभी राजनीतिक दलों और आम मतदाताओं से कहा है कि यदि एक अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची को लेकर उन्हें कोई आपत्ति है या किसी का नाम गलती से जुड़ या हट गया है तो वह उसे लेकर अपने विधानसभा क्षेत्र के संबंधित मतदाता पंजीयन अधिकारी के पास एक सितंबर तक फॉर्म भरकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। उसे ठीक किया जाएगा।

### 22 लाख मृत मतदाताओं के नाम आए सामने

आयोग के मुताबिक, बिहार में एसआईआर के तहत लगभग 22 लाख मृत मतदाताओं के नामों की पहचान की गई है। साथ ही करीब 7 लाख मतदाता ऐसे हैं, जो विभिन्न स्थानों पर पंजीकृत पाए गए हैं, जबकि 35 लाख मतदाता या तो स्थायी रूप से पलायन कर गए हैं या उनका कोई पता नहीं चल पाया है। आयोग का कहना है कि अभी 1.2 लाख मतदाताओं के गणना फॉर्म जमा नहीं हुए हैं, जो 1 अगस्त तक हो जाएगा।

### राजनीतिक पार्टियों को सौंपी गई सूची

जिन मतदाताओं ने फॉर्म नहीं भरा, जिनकी मृत्यु हो गई या जो पलायन कर गए हैं, उनकी सूची 20 जुलाई को आयोग 12 राजनीतिक दलों को सौंप चुका हैं। बहुजन समाज पार्टी, भाजपा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोक समता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), नेशनल पीपुल्स पार्टी, आम आदमी पार्टी की आपत्ति के बाद मसौदा मतदाता सूची 1 अगस्त को जारी होगी।

### राजनीतिक पार्टियों ने लगाए थे 1.60 लाख बीएलओ

बिहार में एसआईआर के लिए 38 जिला निर्वाचन अधिकारी, 243 ईआरओ, 2,976 एईआरओ, 77,895 मतदान केन्द्रों पर तैनात बीएलओ, स्वयंसेवकों, सभी 12 राजनीतिक दलों, उनके 38 जिला अध्यक्षों और उनके द्वारा नामित 1.60 लाख बीएलओ काम में लगे थे। एसआईआर में सबसे अधिक 53,338 बीएलओ भाजपा, 47,506 आरजेडी, 36,550 जेडीयू और 17,549 कांग्रेस ने लगाए थे।

# 14,000 पुरुष बने महिला 'लाडकी बहिन योजना' के ठगे 21 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'लाडकी बहिन योजना' में करोड़ों का घोटाला सामने आया है। पता चला है कि महिलाओं के लिए बनी इस योजना का लाभ 14,298 पुरुषों ने फर्जी पहचान के जरिए उठा लिया है। इन पुरुषों ने महिला बनकर राज्य सरकार से लगभग 21.44 करोड़ रुपये अपने खातों में जमा करा लिए हैं। घोटाला सामने आने के बाद महाराष्ट्र की राजनीति गरमा गई है।

इससे पहले ऑडिट में खुलासा हुआ था कि 7.97 लाख महिलाओं ने एक ही परिवार से तीसरे सदस्य के रूप में नामांकन करा लिया, जबकि योजना में एक परिवार की अधिकतम 2 महिलाओं को ही लाभ मिल सकता है। इससे सरकार को 1,196 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। अन्य मामलों में 65 साल से ज्यादा उम्र की 2.87 लाख महिलाओं और 4 पहिया वाहन वाले परिवारों की 1.62 लाख महिलाओं द्वारा पंजीयन कराने के मामले सामने आए थे।

### महाराष्ट्र की सियासत गरमाई



### ऑडिट में पता चला ऐसे हुआ घोटाला


महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए गए ऑडिट में पता चला है कि 14,298 पुरुषों को योजना के तहत पैसे मिल रहे थे। इससे सरकारी खजाने को 21.44 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इन पुरुषों ने ऑनलाइन पंजीकरण प्रणाली में हेरफेर कर खुद को महिला लाभार्थी के रूप में पंजीकृत करा लिया था।

**उपमुख्यमंत्री बोले- पूरा पैसा वसूला जाएगा :** मामला सामने आने के बाद महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि लाडकी बहिन योजना का धोखाधड़ी से हिस्सा बनने वाले पुरुषों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी और उन्हें दी गई राशि वसूल की जाएगी।

### क्या है 'लाडकी बहिन योजना'?

'लाडकी बहिन योजना' के तहत 21 से 65 साल की उन महिलाओं को हर महीने 1,500 रुपये दिए जाते हैं, जिनके परिवार की सालाना आय 2.5 लाख रुपये से कम है। इस योजना की शुरुआत महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले महायुति सरकार ने की थी। दरअसल, दूसरे राज्यों में भी इस तरह की योजनाएं चलाई जा रही हैं। इसे देखते हुए भी महाराष्ट्र सरकार ने इसकी शुरुआत की थी।

# थाईलैंड-कंबोडिया के बीच चौथे दिन भी गोलीबारी, 30 मरे



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच लगातार चौथे दिन सीमा विवाद को लेकर झड़प जारी है। संघर्ष विराम की अपीलों के बावजूद दोनों देश एक-दूसरे पर गोलीबारी कर रहे हैं। आज सुबह से कई सीमावर्ती इलाकों में तोपों की आवाजें गूंजती रहीं। इस बीच संघर्ष में अमेरिका की भी एंट्री हो गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देश युद्धविराम पर सहमत हैं और शांति चाहते हैं। कंबोडियाई प्रधानमंत्री हुन मानेट ने एक बयान में कहा, हम संघर्ष समाप्त करने के राष्ट्रपति ट्रंप के आह्वान का स्वागत करते हैं। हमारे विदेश मंत्री बैंकॉक में समन्वय के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात करेंगे।

- **ट्रंप बोले- दोनों देश युद्धविराम पर सहमत**

**थाईलैंड ने कहा-युद्धविराम के लिए द्विपक्षीय वार्ता चाहते हैं :** थाइलैंड ने कहा, कार्यवाहक प्रधानमंत्री फुमथम वेचायाचाई ने राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की और अनुरोध किया कि थाईलैंड-कंबोडिया में तत्काल युद्धविराम पर सहमत हों।

### आज फिर भड़का संघर्ष

रिपोर्ट्स के मुताबिक, आज तड़के कंबोडिया के सम्रोंग शहर में तोपों के चलने की आवाज लगातार आ रही है। यह शहर सीमा से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित है। थाई अखबार खोसोद ने बताया कि कंबोडियाई सैनिकों ने पहले सुरिन प्रांत में ता क्वाई मंदिर के पास थाई सैनिकों को निशाना बनाया। कंबोडियाई सेना ने सीमा से लगे थाईलैंड के सुरिन प्रांत में भी थाई सैनिकों पर गोलीबारी की है।

### युद्ध में अब तक 30 से ज्यादा मौतें

कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि युद्ध में उसके 13 लोगों की मौत हुई है और 71 घायल हुए हैं। इनमें 8 नागरिक और 5 सैनिक शामिल हैं। वहीं, थाईलैंड ने कहा कि उसके भी 20 लोग मारे गए हैं। इनमें 14 नागरिक और 6 सैनिक शामिल हैं।

### ट्रंप बोले- दोनों देश शांति चाहते हैं

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैंने अभी-अभी थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री से बात की है और यह बहुत अच्छी बातचीत रही। कंबोडिया की तरह थाईलैंड भी तत्काल युद्धविराम और शांति चाहता है। अब मैं यह संदेश कंबोडिया के प्रधानमंत्री को वापस भेजूंगा। दोनों पक्षों से बात करने के बाद युद्धविराम, शांति और समृद्धि स्वाभाविक प्रतीत होती है। थाइलैंड के विदेश मंत्रालय ने भी दोनों नेताओं की बातचीत पर बयान जारी किया है।

*तेलंगाना में हादसा*

# सरकारी स्कूल का खाना खाने से 60 छात्राएं बीमार

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में एक सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय की 60 से अधिक छात्राओं को रात का खाना खाने के बाद उल्टी और अन्य लक्षणों की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को बाद में छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उय्यालवाड़ा स्थित आवासीय विद्यालय में शनिवार रात भोजन करने के बाद 64 छात्र बीमार पड़ गए और उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा उनकी हालत स्थिर है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि छात्रों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द के लक्षणों के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया और उनमें से 50 को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होंने बताया कि छात्रों ने जब दही खाने के समय वह पूरी तरह से फर्मेंटेड नहीं था और प्रारंभिक रिपोर्ट के मुताबिक, छात्रों के बीमार पड़ने का कारण यही माना जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि घटना की जांच की जाएगी।

- **दस्त और उल्टी के बाद अस्पताल में भर्ती**



# तेजस्वी महुआ लड़े तो हम राघोपुर से लड़ जाएंगे; तेज ने बढ़ाई लालू की टेंशन

## हरी नहीं अब पीली टोपी में दिखेंगे तेज प्रताप यादव

एजेंसी ▶▶| पटना

पार्टी और परिवार से दूर चल रहे तेज प्रताप अब राजद चीफ लालू यादव की टेंशन बढ़ाने लगे हैं। बिहार चुनाव से पहले सियासी हलचल तेज हो गई है। लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने बड़ा ऐलान करते हुए नया संगठन 'टीम तेज प्रताप यादव' बनाने की घोषणा की है। हमेशा हरी टोपी में दिखने वाले तेज प्रताब इस दौरान पीली टोपी में दिखे। एक इंटरव्यू में सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि अगर तेजस्वी महुआ से लड़ेंगे, तो हम भी राघोपुर से लड़ जाएंगे। दरअसल तेजस्वी के दो सीटों से चुनाव लड़ने की चर्चा है। जिसमें राघोपुर और महुआ शामिल है। लालू यादव के बड़े बेटे और पूर्व मंत्री तेज प्रताप वैशाली की महुआ विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके हैं।

### जैसा माहौल बनेगा तब का तब देखा जाएगा

इस बीच एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में तेज प्रताप ने कहा कि तेज प्रताप ने कहा कि अगर तेजस्वी महुआ से लड़ेंगे, तो हम भी राघोपुर से लड़ जाएंगे। जब इस तरह का माहौल बनेगा, तब का तब देखा जाएगा। महुआ सीट पर तेज प्रताप ने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो वहां की जनता राजद प्रत्याशी को हराकर भेजेगी। उन्होंने कहा कि महुआ की जनता सब देख रही है। वहां मेडिकल कॉलेज किसकी वजह से बना है।



### तेजप्रताप महुआ से ही चुनाव जीते हैं

आपको बता दें साल 2015 में पहली बार तेज प्रताप महुआ से ही चुनाव जीते थे। हालांकि 2020 के चुनाव में समस्तीपुर जिले के हसनपुर से लड़े और जीते। अभी महुआ से राजद के मुकेश रौशन विधायक हैं। वहीं तेजस्वी यादव ने 2015 में राघोपुर सीट से अपना पहला चुनाव जीता था। उन्होने बीजेपी के सतीश कुमार को मात दी थी। वहीं 2020 में भी तेजस्वी राघोपुर से ही विधायक चुने गए थे। लगातार दो बार तेजस्वी इस सीट से जीतते आए हैं।

## 27 साल पुराने केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने दी पति को राहत

# 'खाना न बनाने को लेकर ताने देना क्रूरता नहीं'

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने हाल ही में 27 साल पुराने केस में पति को बड़ी राहत दी है। अदालत ने शख्स को बरी करते हुए कहा कि किसी महिला के रंग रूप और खाना न बनाने को लेकर तंज कसना इस हद तक क्रूरता नहीं मानी जा सकती कि उस पर प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा लगाई जाए। जस्टिस श्रीराम मोडक की पीठ ने कहा कि पति की ओर से अपनी पत्नी को उसके गहरे रंग को लेकर और ससुर की ओर से उसके खाना पकाने के तरीके को लेकर ताने देना भले ही प्रताड़ना हो सकता है लेकिन यह इतना गंभीर नहीं कि उसे आपराधिक दायरे में लाया जा सके।



### गायब हो गई थी पत्नी

महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक गांव में शादी के पांच साल बाद सदाशिव की पत्नी प्रेमा अपनी ससुराल से जनवरी 1998 में गायब हो गई थी। बाद में उसका शव कुएं से बरामद हुआ था। प्रेमा के घरवालों की शिकायत पुलिस ने पति सदाशिव और उसके पिता पर केस दर्ज किया था। ट्रायल कोर्ट ने सदाशिव के पिता को छोड़ दिया, लेकिन क्रूरता के आरोप में एक साल और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में पांच साल की सजा दी। उस वक्त सदाशिव 23 साल का था और चरवाहे का काम करता था। उसने उसी साल सजा के खिलाफ अपील की थी।

### कोर्ट ने क्या कहा

*केस की सुनवाई के दौरान जस्टिस एसएम मोडक की सिंगल जज बेंच पाया किया कि उत्पीड़न के आरोप पति द्वारा अपनी पत्नी के काले रंग का मजाक उड़ाने और फिर से शादी करने की धमकी देने तक सीमित थे। वहीं, ससुर पर आरोप था कि उसने बहू के खाना पकाने के कौशल की आलोचना की। कोर्ट ने कहाकि इन्हें वैवाहिक जीवन के झगड़े कहा जा सकता है। ये घरेलू झगड़े हैं। यह ऐसा भी नहीं था कि इससे आत्महत्या को उकसावा मिले।*

### कोर्ट ने कहा- कोई सीधा संबंध नहीं

*कोर्ट ने कहा, 'अभियोजन पक्ष कथित उत्पीड़न और आत्महत्या के बीच सीधा संबंध स्थापित करने में विफल रहा। अदालत ने कहा, 'उत्पीड़न हुआ था, लेकिन यह उस तरह का उत्पीड़न नहीं था जिसके आधार पर आपराधिक कानून लागू किया जा सके। अदालत ने आगे कहा कि आत्महत्या के लिए उकसाने के तहत दोषसिद्धि के लिए उकसाने और आत्महत्या दोनों को स्वतंत्र रूप से साबित किया जाना चाहिए।*

# टीसीएस करने जा रहा 12,000 कर्मचारियों की छंटनी, एआई बनी बड़ी वजह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) छंटनी करने जा रही है। कंपनी अपने पूरे वर्क फोर्स का 2 प्रतिशत (करीब 12000) कर्मचारियों को निकाल सकती है। टीसीएस की तरफ से यह छंटनी अगले साल की जा सकती है।


- टेक्नोलॉजी की वजह से हो रहे बदलाव के लिए कंपनी अपने को कर रही तैयार

टेक्नोलॉजी की वजह से हो रहे बदलाव में अपने आपको तत्पर और भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए यह प्रयास हो रहे हैं। 'एआई और ऑपरेटिंग मॉडल में नई टेक्नोलॉजी की तरफ शिफ्ट कर रहे हैं। हम काम करने के अपने तरीक को बदल रहे हैं। हमें अपने आपको तत्पर रखना होगा।' उन्होंने कहा कि हम बड़े स्तर पर एआई का प्रयोग कर रहे हैं। साथ ही हम स्किल्स का मूल्यांकन भी कर रहे हैं जिनकी हमें भविष्य में जरूरत पड़ेगी।

## कंपनी पूरे वर्क फोर्स के दो प्रतिशत कर्मचारियों को निकाल सकती है

### छह लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत

*टीसीएस में जून के अंत तक 6,13,000 कर्मचारी थे। इस हिसाब से देखें तो 2 प्रतिशत करीब 12000 कर्मचारियों के बराबर होगा। बता दें, के. कृतिवासन ने कहा, 'यह एक कठिन फैसला है। लेकिन मजबूत टीसीएस के लिए हमें यह फैसला लेना होगा।' टीसीएस ने अभी कुछ हफ्ते पहले ही कर्मचारियों की बेंच नीति में बदलाव किया था। नए नियम के तहत कर्मचारियों को कम से कम 225 दिन बिल योग्य रखने होंगे। वहीं, बेंच समय 35 दिन से कम रखना होगा।*




### नई पॉलिसी

नई पॉलिसी के तहत कर्मचारियों को एक साल में कम से कम 225 बिलेबल डेज मेंटेन करने होंगे। इसका मतलब है कि उन्हें कम से कम 225 बिजनेस डेज ऐसे प्रोजेक्ट पर रहना होगा, जिससे कंपनी को रेवेन्यू मिलेगा।साथ ही बेंच पर रहने की अवधि अब 35 दिन तक सीमित रहेगी। प्रोजेक्ट से दूरी के टाइम को बेंच होल्डिंग टाइम कहा जाता है।

### सीईओ ने अब तक का सबसे कठिन फैसला बताया

के. कृतिवासन कहते हैं, 'हमने अपने सहयोगियों के करियर ग्रोथ में बड़ा निवेश किया है। लेकिन फिर भी हम पा रहे हैं कि कई भूमिकाओं की जरूरत भविष्य में नहीं पड़ेगी। ग्लोबल वर्कफोर्स के 2 प्रतिशत हिस्से पर इसका असर पड़ेगा। बतौर सीईओ यह मेरे लिए अब तक का सबसे कठिन फैसला होगा।' बता दें, के. कृतिवासन ने कहा कि मिडिल और सीनियर लेवल के कर्मचारियों पर इस फैसले का असर पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### मांग से तेल-तिलहन की कीमतों में आया सुधार



**नई दिल्ली।** त्योहारों का मौसम नजदीक आने के बीच मांग सुधरने के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा बिनौला तेल के दाम मामूली सुधार दर्शाते बंद हुए। मूंगफली तेल के भाव पूर्व सप्ताह के बंद स्तर पर स्थिर बने रहे।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस को सबसे ज्यादा नुकसान




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2.22 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में गिरावट के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 294.64 अंक या 0.36 प्रतिशत नीचे आया।

### रेपोनो का एसएमई आईपीओ 28 से 30 जुलाई तक रहेगा खुला

**नई दिल्ली।** वेयरहाउसिंग और लिक्विड टर्मिनल समाधान प्रदाता रेपोनो ने अपने 26.6 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम्‌ के लिए 91-96 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 28 जुलाई यानी सोमवार को खुलेगा। रेपोनो लिमिटेड ने बयान में कहा कि आईपीओ 30 जुलाई को बंद होगा।

### लोढ़ा डेवलपर्स आवासीय योजना करेगी शुरू



**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी लोढ़ा डेवलपर्स लिमिटेड आवास बाजार में वृद्धि संभावनाओं को लेकर आशान्वित है और वहउपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने के लिए अगले मार्च तक 17,000 करोड़ रुपये की आवासीय परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रही है। कोविड महामारी के बाद देखी जा रही आवासीय संपत्तियों की उच्च मांग आगे भी बनी रहेगी।

### एनडीटीवी का घाटा जून तिमाही में बढ़कर 70.31 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की मीडिया कंपनी एनडीटीवी का चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 70.31 करोड़ रुपये हो गया। नयी दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) ने इस तिमाही नतीजे की सूचना दी। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध घाटा 47.11 करोड़ रुपये रहा था।

### विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 695.49 अरब डॉलर आया



**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 1.18 अरब डॉलर घटकर 695.49 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 3.06 अरब डॉलर घटकर 696.67 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 के अंत में 704.88 अरब डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। जारी आंकड़ों के अनुसार, 18 जुलाई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.20 अरब डॉलर घटकर 587.61 अरब डॉलर रही।

## भारत ने एफटीए के तहत कई ब्रिटिश वस्तुओं पर शुल्क रियायतें दी

# भारत ने ब्रिटेन के पेस्ट्री, पालतू पशुओं के भोजन व सौंदर्य प्रसाधन पर शुल्क में राहत की पेशकश की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने हाल ही में हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के तहत पेस्ट्री, पालतू पशुओं के भोजन, सौंदर्य प्रसाधन और माइक्रोवेव ओवन सहित कई ब्रिटिश वस्तुओं पर शुल्क में रियायतें दी हैं, जबकि घरेलू हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को इससे बाहर रखा है।

पिछले बृहस्पतिवार को हस्ताक्षरित व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) केक, प्रोटीन कॉन्संट्रेट, पशुओं के भोजन, साबुन, शेविंग क्रीम, डिटर्जेंट, और एयर कंडीशनर (एसी) व वाशिंग मशीन जैसे घरेलू उपकरणों जैसे ब्रिटिश उत्पादों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है।

### ब्रिटिश कंपनियों से प्रतिस्पर्धा के लिए पर्याप्त समय

हालांकि, ये रियायतें विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से दी जा रही हैं ताकि भारतीय उद्योग को ब्रिटिश कंपनियों से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार होने का पर्याप्त समय मिल सके।यह समझौता लगभग एक वर्ष में लागू होगा क्योंकि इसके लिए ब्रिटिश संसद की मंजूरी आवश्यक है।

**घरेलू हितों की रक्षा के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को बाहर रखा** > **भारत को ब्रिटिश उत्पादों तक शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है** > **ये रियायतें विभिन्न क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से दी जा रही हैं**

### कच्चे माल में चरणबद्ध रियायतें शामिल

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, "इस समझौते में विभिन्न क्षेत्रों- चॉकलेट और उपभोक्ता उपकरणों से लेकर औद्योगिक कच्चे माल तक में चरणबद्ध रियायतें शामिल हैं, जबकि रणनीतिक रूप से चाय, कॉफी और सोने जैसी संवेदनशील वस्तुओं को इससे बाहर रखा गया है। भारत कॉफी और चाय पर 110 प्रतिशत का भारी शुल्क लगाता है।

### पेस्ट्री, केक पर लगता है 33 फीसदी कर

पेस्ट्री, केक और प्रोटीन कॉन्संट्रेट जैसे स्नैक आइटम, जिन पर क्रमशः 33 प्रतिशत और 44 प्रतिशत कर लगता है, 10 साल की अवधि में शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। प्रसंस्कृत खाद्य श्रेणी में, पालतू जानवरों के भोजन, जिन पर वर्तमान में 22 प्रतिशत कर लगता है, को सात वर्षों के भीतर पूर्ण शुल्क समाप्ति का लाभ मिलेगा।





### 90 फीसदी वस्तुओं पर आयात शुल्क समाप्त होगा

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार, भारत ने ब्रिटेन से आयातित लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करने या समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताई है।

### शुल्क को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना

इन वस्तुओं को सीईटीए के तहत किसी भी शुल्क राहत से बाहर रखा गया है, जो घरेलू किसानों और खाद्य प्रसंस्करणकर्ताओं की सुरक्षा के भारत के प्रयासों को दर्शाता है। शुल्क को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की योजना अलग-अलग समय-सीमाओं में बनाई गई है। उदाहरण के लिए, चॉकलेट, जिस पर वर्तमान में 33 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है, पर अगले सात वर्षों में समान वार्षिक कटौती के साथ यह शुल्क शून्य हो जाएगा।

### रासायनिक निर्यात को बढ़ावा मिलेगा

*केमेक्सिल ने रविवार को कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) देश के रासायनिक निर्यात और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने में मदद करेगा। इस समझौते से रसायन क्षेत्र की कई उत्पाद श्रेणियों को ब्रिटेन में शुल्क मुक्त पहुंच मिलेगी। रसायन निर्यातकों के संगठन केमेक्सिल ने कहा कि व्यापार समझौते के तहत रसायन क्षेत्रों की 1,000 से अधिक शुल्क लाइन या उत्पाद श्रेणियों को ब्रिटेन के बाजार में शून्य शुल्क पहुंच दी गई है।*

## अमेरिकी बाजार से उत्पाद वापस मंगा रही तीन भारतीय कंपनियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- विनिमार्ण संबंधी समस्यों व उत्पाद मिश्रण है कारण
- सन फार्मा, ल्यूपिन और डॉ. रेड्डीज मंगा रही दवाएं

घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा, ल्यूपिन और डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज विनिर्माण संबंधी समस्याओं और उत्पाद मिश्रण के कारण अमेरिकी बाजार से अपनी दवाएं वापस ले रही हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने यह जानकारी दी है। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन की नवीनतम प्रवर्तन रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज अमेरिका में एक जेनेरिक दवा की 5,448 बोतलें वापस मंगा रही है।प्रिंसटन स्थित सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज इंक लिस्डेक्सामफेटामाइन डाइमेसिलेट कैप्सूल (60 मिलीग्राम) के प्रभावित लॉट को वापस मंगा रही है। इसने कहा कि दवा कंपनी ने इस साल 16 जून को अमेरिका में इस दवा के लिए वापसी प्रक्रिया शुरू की है। मुंबई की एक अन्य दवा निर्माता कंपनी ल्यूपिन उच्च रक्तचाप के इलाज में इस्तेमाल होने वाली एक जेनेरिक संयोजन दवा की 58,968 बोतलें वापस मंगा रही है।

### ओमेप्राजोल की दवा वापस मंगा रही

अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज ओमेप्राजोल विलंबित-रिलीज कैप्सूल की 1,476 बोतलें वापस मंगा रही है। इस दवा का उपयोग पेट संबंधी कुछ समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। यूएसएफडीए ने बताया कि प्रिंसटन स्थित डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, इंक. ने 30 जून, 2025 को इस दवा को वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की है।

# सोना बीते 6 साल में 200 प्रतिशत उछला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- अगले पांच साल में 1.40 लाख तक पहुंच सकता है
- साल 2019 में सोने की कीमत 30,000 रुपए प्रति 10 ग्राम थी

सोने की कीमत में हाल के दिनों में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। पिछले छह वर्षों में अगर देखों तो इस पीली धातु की कीमतों में 200 प्रतिशत का उछाल आया है।

साल 2019 के मई के महीने में जहां प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 30,000 रुपये थी। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अब ये 2025 के जून में बढ़कर एक लाख रुपये के भी पार कर चुकी है। सोने ने इस साल भी जबरदस्त रिटर्न दिया है। दरअसल, एमसीएक्स पर सोने का भाव 2019 के मई में प्रति 10 ग्राम 32,000 रुपए था जो इस समय बढ़कर प्रति 10 ग्राम 97,800 रुपए हो चुका है। यानी छह साल के दौरान 200 प्रतिशत का निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। इन छह वर्षों में सोने ने अन्य निवेश विकल्पों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। इस साल एमसीएक्स पर सोना करीब 30 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। जबकि अगर चांदी की बात करें तो उसकी कीमत भी 35 प्रतिशत ऊपर गई है।

### सोने में उछाल के कारण

दरअसल, सोने की कीमतों में इस उछाल की बड़ी वजह कोरोना महामारी से लेकर भूराजनीतिक तनाव, मौद्रिक नीतियों में ढिलाई और वैश्विक वित्तीय बाजार में अनिश्चितता की स्थिति रही है। अगले पांच वर्षों में सोने की कीमत एक लाख पैतीस हजार से लेकर एक लाख चालीस हजार प्रति 10 ग्राम के बीच जा सकती है। दूसरी ओर एक रिपोर्ट में बाजार के जानकार के हवाले से बताया गया है कि अगले पांच वर्षों के दौरान सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिल सकती है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि अगर यही रफ्तार बनी रही तो अगले पांच वर्षों के दौरान सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 2,25,000 रुपए पर पहुंच सकती है।

## माइंडस्पेस रीट ने मैक सॉफ्टटेक में किया 100 प्रतिशत अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट ने 512 करोड़ रुपये में मैक सॉफ्टटेक प्राइवेट लि. (एमएसटीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में यह कहा। मैक सॉफ्टटेक की हैदराबाद में 'क्यू सिटी' के नाम से 8.1 लाख वर्ग फुट की वाणिज्यिक संपत्ति है। इस अधिग्रहण के साथ माइंडस्पेस बिजनेस पार्क्स रीट (एमरीट) हैदराबाद के वित्तीय जिले में प्रवेश कर गयी है। के रहेजा कॉर्प समूह प्रायोजित एमरीट के पास देश के चार प्रमुख कार्यालय बाजारों...मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे, हैदराबाद और चेन्नई में उच्च-गुणवत्ता वाले ग्रेड ए कार्यालय हैं। कंपनी का यह रणनीतिक अधिग्रहण माइंडस्पेस रीट का अपने पोर्टफोलियो पार्क्स के बाहर पहला तृतीय पक्ष परिसंपत्ति का अधिग्रहण है।

**आरबीआई के ताजा बुलेटिन में कहा गया**

# कुछ सरकारी बैंकों की बचत जमा दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा बुलेटिन के अनुसार 2011 में विनियमन मुक्त होने के बाद से सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों (पीएसबी) की बचत जमा दरें ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर हैं।

पीएसबी और निजी क्षेत्र के बैंकों, दोनों की नई जमाओं के लिए भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। आरबीआई के जुलाई बुलेटिन में प्रकाशित एक लेख में कहा गया है, ''इस समय सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों की बचत जमा दरें 2011 में विनियमन मुक्त होने के बाद से ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर हैं। आरबीआई ने अक्टूबर, 2011 में बचत बैंक जमा ब्याज दर को विनियमन मुक्त कर दिया था, और बैंकों को अपनी इच्छानुसार ब्याज दर निर्धारित करने की अनुमति दी थी।




*दो प्रतिशत तक कम हुई : इसके साथ ही कोष की सीमांत लागत आधारित ऋण दर में 0.1 प्रतिशत की कमी की गई। ऐसे में वाणिज्यिक बैंकों के नए और बकाया रुपया ऋणों पर भारित औसत कर्ज दरें फरवरी-मई, 2025 के दौरान क्रमशः 0.26 प्रतिशत और 0.18 प्रतिशत कम हुईं। इस अवधि में नई और बकाया जमाओं पर भारित औसत घरेलू सावधि जमा दरें क्रमशः 0.51 प्रतिशत और दो प्रतिशत तक कम हुईं।*

## बैंक ऑफ बड़ौदा का लाभ बढ़कर 4541 करोड़ रुपए...




**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 1.9 प्रतिशत बढ़कर 4,541 करोड़ रुपये हो गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने एक साल पहले इसी तिमाही में 4,458 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। बैंक ने एक बयान में कहा कि 2025-26 की अप्रैल-जून तिमाही में उसका परिचालन लाभ सालाना आधार पर 15 प्रतिशत बढ़कर 8,236 करोड़ रुपये हो गया। बैंक ने कहा, 'परिचालन लाभ में वृद्धि को वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में गैर-ब्याज आय के 88 प्रतिशत बढ़कर 4,675 करोड़ रुपये होने से समर्थन मिला।' हालांकि, बैंक ऑफ बड़ौदा की शुद्ध ब्याज आय 1.4 प्रतिशत घटकर 11,435 करोड़ रुपये रह गई।

# फेड के फैसले और तिमाही नतीजों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



- बाजार में रह सकता है काफी उतार-चढ़ाव
- वैश्विक बाजारों के रुझानों की भी होगी महत्वपूर्ण भूमिका

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। जानकारों का मानना है कि कई बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजे, फेडरल रिजर्व के ब्याज पर फैसले और विदेश पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर इस हफ्ते बाजार की दिशा तय हो सकती है। इसके साथ ही, मासिक वाहन बिक्री के जारी किए जाने वाले आंकड़े, व्यापक आर्थिक आंकड़ों की घोषणा और वैश्विक बाजार के रुझानों की भी भारतीय बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है।

### यूएस टैरिफ पर नजर

बाजार का फोकस एक अगस्त से लागू होने वाले अमेरिकी टैरिफ की समय-सीमा और थाइलैंड-कंबोडिया के बीच भूराजनीतिक तनाव पर भी होगी। गौरतलब है कि एक अगस्त को भारत समेत दर्जनों ऐसे देश हैं, जिनके ऊपर अमेरिकी प्रशासन की तरफ से जवाब शुल्क पर लगी रोक की अवधि खत्म हो रही है। ब्रोकिंग फर्म रेलिगेयर लिमिटेड के सीनियर वाइस चीफ अजित मिश्रा का कहना है कि नए महीने की शुरुआत कई अहम आर्थिक आंकड़ों के साथ होगी, जिनमें एक अगस्त को औद्योगिक उत्पादन और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई के आंकड़े आएंगे। इसके साथ ही, जुलाई के महीने में डेरिवेटिव अनुबंधों के निपटान की वजह से भी बाजार में उतार-चढ़ाव दिख सकता है।

### वित्तीय तिमाही नतीजे पर निगाहें

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के सीनिर टेक्निकल एनालिस्ट प्रवेश गौड़ का कहना है कि आगे की ओर देखते हुए, अब सभी की निगाहें कई प्रमुख कंपनियों के पहली तिमाही की नतीजों पर टिकी हैं. इस हफ्ते भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोल इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति सुजुकी और आईटीसी जैसी प्रमुख कंपनियां अपने तिमाही नतीजों की घोषणा करेंगी। इन कंपनियों के प्रदर्शन से यह तय होगा कि बाजार को निकट भविष्य में समर्थन मिलेगा या यह निचले स्तर पर कारोबार करेगा।

## नकली उत्पाद की बिक्री पर लगेगी रोक

# अब क्यूआर कोड के साथ बिकेगी कोल्हापुरी चप्पल

एजेंसी ▶▶| कोल्हापुर

भारत के सबसे प्रतिष्ठित पारंपरिक शिल्प में से एक कोल्हापुरी चप्पल, न केवल घरेलू फैशन जगत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी नए सिरे से लोकप्रिय हो रही है। एक इतालवी ब्रांड प्रादा पर इस चप्पल के दुरुपयोग का आरोप लगा है।

अपनी जटिल कारीगरी और सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध और भौगोलिक संकेतक (जीआई) के दर्जे वाली यह हस्तनिर्मित चमड़े की सैंडल को अब क्यूआर कोड के रूप में सुरक्षा और प्रामाणिकता की एक अतिरिक्त परत के साथ उपलब्ध है। इसका श्रेय हालिया प्रौद्योगिकी और कानूनी नवोन्मेषण को जाता है।

**इतालवी ब्रांड प्रादा पर इस चप्पल के दुरुपयोग का लगा आरोप**

### प्रादा ने स्वीकारी गलती

हाल ही में, इटली के लक्जरी फैशन ब्रांड प्रादा के नए कलेक्शन में कोल्हापुरी चप्पल जैसे दिखने वाले फुटवियर को शामिल किए जाने पर कारीगरों ने जीआई अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए विरोध जताया था। इस विवाद के बाद प्रादा ने स्वीकार किया था कि उसके पुरुषों के 2026 फैशन शो में प्रदर्शित सैंडल पारंपरिक भारतीय दस्तकारी वाले फुटवियर से प्रेरित थी।



### 12 वीं शताब्दी से चली आ रही परंपरा

12वीं शताब्दी से चली आ रही यह चप्पल मुख्य रूप से महाराष्ट्र के कोल्हापुर, सांगली और सोलापुर जिलों में तैयार की जाती रही है। प्राकृतिक रूप से टैन किए गए चमड़े और हाथ से बुनी हुई पट्टियों से बना इनके विशिष्ट डिजाइन को कारीगरों की पीढ़ियों द्वारा संरक्षित किया है।

### उद्देश्य जालसाजी से निपटना

इस डिजिटल पहल का उद्देश्य जालसाजी से निपटना और प्रत्येक उत्पाद के पीछे कारीगर या स्वयं सहायता समूह की पहचान को उजागर करना है। कोड स्कैन करके खरीदार कारीगर या उत्पादन इकाई का नाम और स्थान, महाराष्ट्र में निर्माण के जिले, शिल्प तकनीक और प्रयुक्त कच्चे माल, जीआई प्रमाणन की वैधता और स्थिति जैसी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कर्नाटक सरकार ने 2029 में दिया जीआई दर्जा

शाहू महाराज ने इन चप्पलों के उपयोग को प्रोत्साहित किया, जिससे ग्रामीण शिल्प को एक सम्मानित कुटीर उद्योग के रूप में विकसित करने में मदद मिली। इस सांस्कृतिक विरासत की रक्षा और कारीगरों को उचित मान्यता सुनिश्चित करने के लिए, महाराष्ट्र और कर्नाटक सरकारों ने संयुक्त रूप से 2019 में इसके लिए जीआई दर्जा हासिल किया। लिडकॉम ने बयान में कहा कि प्रत्येक जोड़ी चप्पल के लिए क्यूआर-कोडे वाला प्रमाणन शुरू किया है।

# चार दिनों में बदले हालात, राज्य के आठ बांध लबालब, कुछ से छोड़ा जा रहा पानी

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

सावन में हुई तेज बारिश के कारण पूरे प्रदेश के नदी-नाले उफान पर हैं। महानदी, शिवनाथ और सहायक नदियों में पानी बढ़ने के साथ ही प्रदेश के आठ बांध लबालब हो चुके हैं। राज्य के प्रमुख बांधों में 62.68 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। बिलासपुर स्थित खारंग बांध, दुर्ग जिले का खपरी जलाशय, मुंगेली जिले का मनियारी, कबीरधाम जिले का छीरपानी, बिलासपुर का घोंघा जलाशय, रायगढ़ जिले का खम्हारपाकुट, दुर्ग जिले का खपरी, राजनांदगांव का रूसे, कोरिया जिले का झुमका जलाशय लबालब हो गया है। राज्य के कुल 46 प्रमुख जलाशयों में से राजनांदगांव जिले के धारा जलाशय में 99.02 प्रतिशत और पिपरिया नाला में 94 प्रतिशत से अधिक, जबकि कर्रा नाला, बेहराखार जलाशय में 92 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है। धमतरी जिले में पिछले पांच दिनों से हो रही बारिश से बांधों के जलस्तर में धीरे-धीरे बढ़ोतरी हो रही है। चार दिनों से हो रही बारिश से बांधों की स्थिति में सुधार आया है। 20 जुलाई तक गंगरेल बांध का जल 53.46 प्रतिशत था, 27 जुलाई को जलस्तर बढ़कर 62.87 प्रतिशत हो गया। गंगरेल बांध के केचमेंट एरिया में हो रही बारिश से बांध में 1935 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। इसी तरह माडमसिल्ली बांध का जलस्तर 369.22 मीटर है। अब तक यहां 35.23 प्रतिशत पानी भर गया है। सोंढूर बांध में 33.20 प्रतिशत पानी भर गया है। दुधावा बांध में 29 प्रतिशत पानी भर गया है। केचमेंट एरिया में 265 क्यूसेक पानी की आवक है। दुधावा में पानी की आवक कमजोर है। रूद्री बैरॉज का वाटर लेवल 322.66 मीटर है। यहां 71 प्रतिशत पानी भरा हुआ है।

### खारंग, खपरी, मनियारी, घोंघा, छीरपानी, झुमका और खम्हारपाकुट, रूसे छलके



### मनियारी छलका, छोड़ा जा रहा पानी

लगातार बारिश के चलते मनियारी जलाशय लबालब हो गया। जलाशय में 75 फीट से अधिक जल संचय हो चुका है। सिचाई विभाग ने वेस्ट वियर से 2.4 फीट पानी मनियारी नदी में दर्ज किया है। मनियारी जलाशय के ऊपरी हिस्से से पानी का तेज बहाव आ रहा है, जिसके चलते जलाशय में 101 प्रतिशत पानी का भराव हो गया है। वहीं मैकल श्रृंखला पर्वत के तलहटी क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर हैं। राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूस गेट के माध्यम से जलनिकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो, झुमका, घोंघा, रूसे और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### चार दिनों में जलाशयों के जलस्तर में 16 प्रतिशत तक वृद्धि

पिछले चार दिनों से हो रही बारिश से प्रदेश के सभी जिलों में स्थित जलाशयों के जलस्तर पर वृद्धि 7 से 16 प्रतिशत तक रही है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि केचमेंट एरिया में तेज बारिश ने बांधों को सराबोर कर दिया है। मिनीमाता बांगो बांध में अब तक चार दिन में करीब 16 प्रतिशत अधिक जलभराव हुआ है। 24 जुलाई को यहां 56 प्रतिशत पानी भरा था, वह रविवार तक 70 प्रतिशत से अधिक हो गया है। सिकासार बांध में 61 प्रतिशत, कोडार डेम में 50.62 प्रतिशत, केलो डेम में 45.62 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा-भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 35 प्रतिशत से भी कम, गोंदली बांध में 42.44 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 65.45 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 30.73 प्रतिशत, परलकोट डेम में 65.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 70.38 प्रतिशत जलभराव है।

## खबर संक्षेप

### 170 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**रायपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेट्रीज ऑफ इंडिया के रायपुर चैप्टर द्वारा पंडरी स्थित एक निजी होटल में आयोजित सीजी स्टेट एनुअल स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस-2025 ऐतिहासिक सफलता के साथ समापन हुआ। इस वर्ष का विषय लक्ष्य- भविष्य के गवर्नेंस प्रोफेशनल्स को सशक्त बनाना रहा। इस सम्मेलन में 170 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में अनुभवी प्रोफेशनल्स द्वारा लिए गए प्रेरणादायक सत्रों, करियर मार्गदर्शन, एग्जाम प्रिपरेशन, क्विज प्रतियोगिता व मनोरंजक गतिविधियों ने विद्यार्थियों को नई दिशा दी। आईसीएसआई रायपुर चैप्टर के अध्यक्ष सीएस शुभम काकानी ने बताया कि यह अब तक की सबसे बड़ी और प्रभावशाली स्टूडेंट्स कॉन्फ्रेंस रही, जिसने विद्यार्थियों में नई ऊर्जा और स्पष्ट लक्ष्य का संचार किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों, वक्ताओं और स्वयंसेवकों का आभार प्रकट किया।

### सेफटेक इंस्टिट्यूट का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

**रायपुर।** सेफटेक इंस्टिट्यूट ग्रुप ऑफ एजुकेशन सोसायटी लोधीपारा के तत्वधान में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को डिजीटल युग में सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा एक माह का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा, जिसमें 21 वर्ष से 35 वर्ष तक की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण 1 अगस्त से 30 अगस्त तक दिया जाएगा, जिसके रजिस्ट्रेशन का अंतिम तारीख 31 जुलाई है। वहीं रजिस्ट्रेशन फार्म प्रतिदिन 10 बजे से 12 बजे तक संस्था के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।

### विद्युत मंडल पेंशनर्स एसो. का 1 अगस्त को स्थापना दिवस

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन का 1 अगस्त को 24वां स्थापना दिवस आयोजित होने जा रहा है। इस संबंध में उपसचिव मथुरा प्रसाद पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में विवेक गनोदवाले, अजय कुमार सिंह, सूर्यप्रकाश शुक्ला आदि शिरकत करेंगे।

### राज्य स्तरीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# सीएम साय बोले- धर्मांतरण कानून को और शक्तिशाली बनाने लाएंगे विधेयक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

राजधानी रायपुर में राज्य स्तरीय हिंदू राष्ट्र अधिवेशन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रदेश में धर्मांतरण को लेकर कानून जरूर है, लेकिन हमारी सरकार इस कानून को और शक्तिशाली बनाने जा रही है। विधानसभा के अगले सत्र में धर्मांतरण को लेकर विधेयक लाएंगे।

शदाणी दरबार में रविवार को हिंदू राष्ट्र अधिवेशन का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय शामिल हुए। उन्होंने धर्मांतरण के संबंध में कहा, विधानसभा में धर्मांतरण को लेकर जो नया प्रस्ताव लाया जाएगा, उसमें कुछ ऐसे बदलाव किए जाएंगे, जिससे प्रदेश में धर्मांतरण के मामले में सख्त से सख्त कार्रवाई का कानून बन सके।



सीएम श्री साय ने कहा, हमारी सरकार सनातन को मजबूत कर रही है। राजिम कुंभ फिर शुरू किया गया। गो-पालन को बढ़ावा दे रहे हैं। गो-वंश की रक्षा के लिए कई बड़े कदम उठाए गए हैं। सड़कों में मवेशी न रहें, इसको लेकर निर्देश दिए हैं। गोशाला का अनुदान बढ़ाया गया है। प्रदेश में मंदिरों के निर्माण पर जोर दिया जा रहा है। 48 मंदिरों के जीर्णोद्धार की स्वीकृति दी गई है।

अधिवेशन में धर्मांतरण पर कठोर रोक, लव जिहाद विरोधी कानून की त्वरित मांग, बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई और धर्म-संस्कृति की रक्षा हेतु जागरूकता पर जोर दिया गया। हिंदू जनजागृति समिति और पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में यह अधिवेशन रायपुर शदाणी दरबार तीर्थ में किया गया। इसमें प्रदेश के दर्जनों संगठनों के दो सौ से ज्यादा प्रतिनिधि, संत, धर्मनिष्ठ नागरिक, वकील और व्यापारी शामिल हुए। हिंदू जनजागृति समिति के छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र संगठक सुनील घनवट, उदय शदाणी, भाजपा नेता प्रबल प्रताप जूदेव, हिंदू रक्षा सेना के कमल बिस्वाल और भारत रक्षा मंच के अशोक गुप्ता ने अपनी बात रखी। वक्ताओं ने कहा, प्रदेश में तेजी से हो रहे धर्मांतरण, गोहत्या, लव जिहाद, बांग्लादेशी घुसपैठ और जनसंख्या परिवर्तन जैसे गंभीर विषयों पर संगठित विरोध और ठोस रणनीति के उद्देश्य से यह अधिवेशन आयोजित किया गया है।

# संसाधन नहीं तो काम नहीं, तहसीलदार नायब तहसीलदारों का आज से आंदोलन

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

**17 सूत्रीय मांगों को लेकर हुए लामबंद, छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले प्रदर्शन**

प्रदेश भर के सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार संसाधन नहीं तो काम नहीं के नारे के साथ अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर 28 जुलाई से चरणबद्ध आंदोलन के तहत धरना-प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले यह आंदोलन होगा। जिसकी शुरुआत सोमवार को जिलास्तर पर सामूहिक अवकाश लेकर धरना-प्रदर्शन से होगी।

प्रदेश के सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की स्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति और नायब तहसीलदार के पद को राजपत्रित करने सहित 17 सूत्रीय मांगों को लेकर तहसीलदार और नायब तहसीलदार 28 जुलाई से आंदोलन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले यह आंदोलन संसाधन नहीं तो काम नहीं की तर्ज पर होगा। आंदोलन का समापन 30 जुलाई को प्रदेश स्तरीय आंदोलन के रूप में होगा।

संघ के प्रांताध्यक्ष कृष्ण कुमार लहरे ने बताया कि पूर्व में भी विभाग एवं शासन को समय-समय पर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया है। विशेष रूप से तहसील कार्यालयों में पदस्थ तहसीलदारों के संसाधनों में भारी कमी, मानवीय संसाधन, तकनीकी सुविधा, सुरक्षा, शासकीय वाहन एवं प्रशासनिक सहयोग की अनुपलब्धता से कार्य निष्पादन से आ रही परेशानी से अवगत कराया गया। संघ द्वारा विभिन्न अवसरों पर ज्ञापन देकर मांगों के संबंध में शासन का ध्यान आकर्षित कराया गया है। इसके बाद भी लंबे समय से मांगों की अनदेखी की जा रही है। इसके विरोध में चरणबद्ध आंदोलन 28 जुलाई को जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन के साथ किया जाएगा। 29 जुलाई को संभाग स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। मांग पूरी नहीं होने पर 30 जुलाई को सामूहिक अवकाश लेकर राजधानी में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। आंदोलन के चौथे चरण में शासन द्वारा मांगों के संबंध में पहल नहीं किए जाने पर अनिश्चिकालीन कार्य बहिष्हार का निर्णय लिया जा सकता है।

# नए जिला और मंडल अध्यक्ष बनाने कांग्रेस ने शुरू की कवायद

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

- सभी जिलों, ब्लॉक में प्रभारियों की नियुक्ति


छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में आगामी सितंबर माह तक सभी जिलों में नए अध्यक्ष बनाने को लेकर संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। सभी 34 संगठन जिलों में नाम सुझाने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई है। संगठन को मजबूती देने एआईसीसी ने प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश प्रभारी को तय समय में कार्यवाही पूरी करने कहा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक में यह तय किया गया कि जिला, ब्लॉक और मंडल स्तर पर नियुक्तियां दो माह में पूरी कर ली जाएं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिलों में प्रभारियों की नियुक्ति के साथ ही ब्लॉक प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। नियुक्ति के साथ ही इन क्षेत्रों में सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बारे में सुझाव दिए जाएंगे। सुझाव के आधार पर एआईसीसी की सहमति से इन नामों को सहमति मिलेगी। बताया जाता है कि 30 सितंबर तक सभी नियुक्तियों को पूरी करना है। सभी प्रभारियों को उसके पहले अपने प्रभार जिले का दौरा कर वहां के वरिष्ठ कांग्रेसियों के साथ बैठक कर वहां की स्थिति का आकलन करने कहा गया है। ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा। नियुक्तियों में गुजरात फॉर्मूला लागू होगा। सभी नियुक्तियों में एससी-एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण रहेगा। बताया गया है कि कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अब नए सिरे से होगी। कांग्रेस के 41 संगठन जिलों में अध्यक्ष बनाए जाएंगे। पूर्व में तीन माह पूर्व 13 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। नए निर्देश के बाद अब सभी जगहों पर नए जिला अध्यक्ष बनाए जाने के संकेत हैं। बताया जाता है कि संगठन में अध्यक्ष के अलावा ब्लॉक अध्यक्षों को नए सिरे से नियुक्त किया जाएगा। 305 ब्लॉक कांग्रेस संगठन में हैं। वहीं मंडल स्तर पर भी 1200 लोगों की नियुक्ति होगी। इसके अलावा राज्य स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाएगा। बताया गया है कि जिला कार्यकारिणी का गठन इस दौरान कर लिया जाएगा। दीपक बैज के पीसीसी अध्यक्ष बनने के बाद विधानसभा और लोकसभा को देखते हुए संगठन में नई नियुक्ति नहीं हो पाई थी। पुरानी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से ही काम चलाया जा रहा था। कांग्रेस आलाकमान को जिला अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी का गठन करने कई बार सूची दी गई, पर उस सूची को अनुमति नहीं मिली।

### मिनीमाता स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान के लिए बांटी गई जिम्मेदारियां

रायपुर। छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद व गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 53 वीं पुण्यतिथि 11 अगस्त को स्मृति दिवस के रूप में मनाई जाएगी। इसी दिन सतनामी समाज की उत्कृष्ट महिलाओं तथा प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को न्यू राजेंद्रनगर नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक हुई, जहां कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर विभिन्न कार्यों के लिए कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी बांटकर आमंत्रण कार्ड का वितरण किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खंडे, महासचिव डॉ. जेआर सोनी एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम दिवस 11 अगस्त को सुबह 9 बजे पंडरी बस स्टैंड स्थित माताजी की प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद 11 बजे से राज्यस्तरीय मुख्य आयोजन सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हाल में आयोजित होगा, जहां माताजी की कृतित्व एवं व्यक्तित्व को यादकर समाज में प्रेरणादाई व उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं व 10वी-12वी बोर्ड के प्रतिभावन बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।


## राशिफल


**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।


**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।


**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।


**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।



**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।



**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।


**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।


**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।


**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

# भारतीय बौद्ध महासभा ने महाबोधि, महावीर मुक्ति आंदोलन के समर्थन में निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

**देवेंद्र नगर बुद्ध विहार से आंबेडकर प्रतिमा तक रैली, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री के नाम राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन**

भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर द्वारा आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के आव्हान पर बोधगया बिहार के महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में रविवार को राजधानी में रैली निकाली गई। यह रैली राजधानी के देवेंद्र नगर बुद्ध विहार से होकर आंबेडकर चौक स्थित संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर समाप्त हुई, जहां वक्ताओं ने रैली को संबोधित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और बिहार के मुख्यमंत्री के नाम राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया।

महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में रविवार को धरना एवं महारैली का आयोजन किया गया। बोधगया के महाबोधि महाविहार को गैर बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया गया। भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के अध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने कहा कि बौद्ध अनुयायियों की मांग है कि बीटीएमसी एक्ट 1949 को निरस्त किया जाए। महारैली में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के कार्यकर्ता, वार्ड समिति के कार्यकर्ता, समता सैनिक दल के कार्यकर्ता और सभी बौद्ध अनुयायी संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भूपेश ने भाजयुमो अध्यक्ष भगत का किया समर्थन, भाजपा का पलटवार


हरिभूमि न्यूजः रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजयुमो अध्यक्ष रवि भगत का खुलकर समर्थन किया है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधा है। इसके जवाब में भाजपा ने पलटवार किया है। पूर्व सीएम ने फेसबुक पर लिखा कि रवि भगत छत्तीसगढ़ भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनको भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी से निष्कासित करने की धमकी सिर्फ इसलिए दी जा रही है, क्योंकि वे अडाणी संचार विभाग के एक प्रवक्ता, जो कि मंत्री भी हैं, उससे लगातार सवाल पूछ रहे हैं। डीएमएफ और सीएसआर में जो भ्रष्टाचार चल रहा है, उसे ढंकने की कोशिश की जा रही है। रवि भगत की विचारधारा अलग हो सकती है, लेकिन अपनी मेहनत से राजनीति में आगे बढ़े एक आदिवासी युवा को दबाकर, धमकाकर भाजपा यह संदेश देना चाहती है कि कोई भी न अडाणी के लोगों से न ही सवाल पूछेगा और न ही भ्रष्टाचार पर सवाल उठाएगा। आदिवासी को वनवासी कहने वाली आरएसएस और भाजपा का यही मूल चरित्र है, सबको समझना होगा।

**कवासी की सुध नहीं ले रहे भूपेश : अनुराग**

इस पर प्रदेश भाजपा सह मीडिया प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने अपने बयान में पूर्व सीएम भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा, प्रदेश का मुखिया एक आदिवासी है, जिसे अपमानित करने का कोई भी मौका आप नहीं छोड़ते हैं।

## शब्द पहेली - 5941



**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5940 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख्र | र | ■ | वा |
| ब | व्व | क | ■ | ■ | बी | यी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| रा | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | इ | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5951

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5950 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### सख्ती ऐसी कि...

केंद्र में सिर्फ हल्के रंग के कपड़े ही मान्य हैं। इसके अलावा नियमतः मुख्य द्वार परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व ही बंद कर किए गए। परीक्षा सुबह 11 बजे से 1 बजे तक चली। मुख्य द्वार 10.30 बजे बंद कर दिए गए थे। कई सेंटर में विलंब से पहुंचे अभ्यर्थियों ने बवाल भी किया।

आबकारी आरक्षक के लिए 2.70 लाख ने आवेदन किया था। इनमें से 80 प्रतिशत परीक्षा दिलाने पहुंचे। अभ्यर्थियों की संख्या को देखते हुए प्रदेशभर में 880 केंद्र बनाए गए थे। प्रत्येक केंद्र में 1-2 परीक्षार्थी ऐसे रहे, जो तय वक्त पर नहीं पहुंचे सकें। अनुमान के मुताबिक, प्रदेशभर में हजार के लगभग अभ्यर्थी विलंब से पहुंचने के कारण परीक्षा नहीं दिला पाए।

**बढ़ाया गया था समय -**

सैकड़ों की संख्या में छात्रों के तय समय से विलंब से पहुंचने पर व्यापम का कहना है कि सुरक्षा कड़ी किए जाने के कारण जांच में अधिक वक्त लगता है। इस कारण प्रवेशपत्र में ही इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए थे। छात्रों को दिक्कत ना हो इसलिए 10 बजे होने वाली परीक्षा का समय बढ़ाकर 11 बजे कर दिया गया है। परीक्षार्थियों को चीजों को लेकर सचेत रहना चाहिए।

### केस-1...

हल्के रंग के कपड़े पहनने की अनुमति है। इन परीक्षार्थियों ने अपेक्षाकृत गहरे रंग के कपड़े पहने थे। ऐसे में इन्हें अंदर जाने से रोका गया। कोई अन्य विकल्प ना मिलने पर तीनों अभ्यर्थियों ने अपनी शर्ट ही उतार दी। बातचीत में अभ्यर्थियों ने कहा कि वे कई महीनों से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। ऐसे में सिर्फ कपड़े के कारण परीक्षा नहीं छोड़ सकते थे।

### केस-2...

दर्ज की, लेकिन कपड़ों के रंग, डिजाइन और मामूली नियमों का बहाना बनाकर उन्हें परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया गया।

### केस-3...

अधिकारियों का कहना है कि तय समय पर ही मुख्य द्वार बंद किए गए हैं। इस तरह की स्थिति लगभग पूरे प्रदेश में निर्मित हुई।

### अफवाह का करंट,...

बताया कि करीब 35 श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से छह श्रद्धालुओं की मौत की पुष्टि हो गई है। डोभाल ने बताया कि अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है जिनमें से कुछ की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। उन्होंने बताया कि मंदिर से करीब 100 मीटर नीचे सीढ़ियों के पास अचानक बिजली के करंट की अफवाह फैल गई और प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि संभवतः इसी वजह से भगदड़ हुई। हालांकि, उन्होंने घटना की विस्तृत जांच की बात कही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) से मिली जानकारी के अनुसार, हादसे का शिकार हुए श्रद्धालु उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा तथा दिल्ली के निवासी हैं। हरिद्वार के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि घटनास्थल बिजली के कई तार टूटे मिले हैं जिससे प्रतीत होता है कि भीड़ की वजह से खुद लोगों ने तार पकड़ कर ऊपर चढ़ने की कोशिश की होगी। प्रदेश के आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि हादसे में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिन्हें बेहतर उपचार के लिए ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रेफर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मनसा देवी में हुई घटना की जानकारी के लिए राज्य सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। धामी ने हरिद्वार के जिलाधिकारी को घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिया और कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जा रही है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर जाने के मार्ग पर भगदड़ मचने के कारण लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की सहायता कर रहा है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर बी सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही अस्पताल में इलाज के प्रबंध शुरू कर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि घायलों को हर संभव उपचार दिया जा रहा है जबकि पांच घायलों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें ऋषिकेश-एम्स भेज दिया गया है। उधर, हादसे के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी ने कहा कि मंदिर परिसर में सुबह से ही लोगों की भारी भीड़ थी मगर मंदिर में सभी इंतजाम दुरुस्त थे और किसी श्रद्धालु को कोई दिक्कत नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मंदिर के रास्ते में कुछ लोग गिर पड़े जिसके बाद भगदड़ मच गयी।

महंत रविंद्र पुरी ने बताया कि फिलहाल मंदिर को श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए बंद कर दिया गया है और मंदिर परिसर को पूरी तरह से खाली करा लिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थिति सामान्य होने पर मंदिर को फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया जाएगा।

**राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने जताया शोक -**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर के मार्ग में मची भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु होने का समाचार बहुत पीड़ादायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, उत्तराखंड के हरिद्वार में मनसा देवी मंदिर जाने के मार्ग पर भगदड़ मचने के कारण लोगों की मौत से बहुत दुखी हूं। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

### ढहाने के पूर्व...

था। ऑफिस ढहाने के पूर्व तोमर भाइयों को 15 दिन पूर्व क्रमशः 9, 19 तथा 26 जुलाई को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। तीनों नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर कार्यालय ढहाने की कार्रवाई की गई।

**सुशासन है तो चक्र सुदर्शन भी है : विजय शर्मा -**

तोमर भाइयों के कार्यालय पर बुलडोजर कार्रवाई के संबंध में गृहमंत्री विजय शर्मा ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है, विष्णुदेव साय सरकार में 'सुशासन है तो चक्र सुदर्शन भी है' किसी मंत्री-मुख्यमंत्रीजी के साथ फोटो खिंचवाने से कोई कानून से बड़ा नहीं हो जाता। अपराधी तोमर ने अनेक लोगों को पीड़ा पहुंचाई है।

### पांच हजार...

मामले में दो माह से फरार चल रहे हैं। दोनों भाइयों का पता बताने वाले के लिए एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने पांच हजार रुपए ईनाम की घोषणा की है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस उनके छिपने के सभी संभावित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई भी कर चुकी है। बावजूद इसके दोनों भाई अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं।

### पहलगाम हमले-...

पर अपनी सरकार के 'मजबूत' रुख के ट्रैक रिकॉर्ड से अवगत कराने के लिए हस्तक्षेप कर सकते हैं। दोनों सदनों में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव तथा अन्य नेताओं के साथ मिलकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल सकते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने 25 जुलाई को कहा था कि सत्र का पहला सप्ताह लगभग व्यर्थ चला गया था तथा विपक्ष ने सोमवार को लोकसभा में और उसके बाद मंगलवार को राज्यसभा में इन दोनों मुद्दों पर चर्चा शुरू करने पर सहमति जताई है।

### पीएम मोदी बोले-...

ट्रेनिंग दी गई और उन्होंने मिलकर शहर की तस्वीर बदल डाली। यह उल्लेख पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है, जिसने स्वच्छता को न केवल शासकीय योजना के रूप में, बल्कि सामुदायिक आंदोलन के रूप में अपनाया है। नगर पंचायत बिल्हा की आबादी लगभग 15,000 है, जहां 28 स्वच्छता दीदियां कार्यरत हैं। ये दीदियां नगर के 15 वार्डों में घर-घर जाकर ई-रिक्शा के माध्यम से कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं और फिर कचरे को SLRM सेंटर में ले जाकर गीला और सूखा कचरा पृथक करती हैं। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है और सूखे कचरे को बेचकर ये महिलाएँ आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। इसके अतिरिक्त बिल्हा नगर में 10 विशेष स्वच्छता कमांडो भी नियुक्त किए गए हैं जो ट्रैक्टर और ऑटो टिपर के माध्यम से पूरे शहर में घूमकर कचरा सफाई और जन-जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। बिल्हा नगर पंचायत द्वारा जन-जागरूकता अभियान, मुनादी, और घरों-दुकानों से सीधे कचरा संग्रहण जैसे कदमों से आज नगरवासी कचरे को पृथक कर ई-रिक्शा में देने के लिए प्रेरित हो चुके हैं। मुक्तिधाम, तालाब, गार्डन, सामुदायिक भवन आदि में सामूहिक सफाई अभियान भी समय-समय पर चलाए जाते हैं। इस सफलता का श्रेय सभी सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, नगर पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों और सकारात्मक सोच वाले जनप्रतिनिधियों को जाता है, जो निरंतर निरीक्षण और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं।

**अन्य निकायों को मिलेगी प्रेरणाः साव -**

उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि बिल्हा नगर पंचायत ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2024–25 में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ का मान पूरे देश में बढ़ाया है। यह सफलता हमारे नगरीय निकायों की प्रतिबद्धता, कार्यशैली और जनभागीदारी का जीवंत उदाहरण है। यह उपलब्धि प्रदेश के अन्य नगर निकायों को भी नई प्रेरणा देगी और हम सब मिलकर स्वच्छता में छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### धरमलाल ने माना...

विधानसभा बिल्हा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत केवाछी के आश्रित ग्राम ढोड़की के स्व-सहायता समूह के बहनों के द्वारा ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत घर-घर से कचरा इकट्ठा कर उससे प्लास्टिक एवं अनावश्यक चीजों को अलग करके उससे खाद्य बनाया और उन खाद्यों को विक्रय किया।

### अन्य निकायों को...

अन्य नगर निकायों को भी नई प्रेरणा देगी और हम सब मिलकर स्वच्छता में छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों में बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

### मारे गए 4 नक्सलियों...

सिंगल शॉट सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री एवं नक्सल संबंधी अन्य सामान बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि मृत माओवादी की पहचान हुई हैं जिनमें हुंगा, एसीएम, प्लाटून नम्बर 10 दक्षिण सब जोनल ब्यूरो पर 5 लाख का ईनाम, लक्खे, एसीएम, प्लाटून नम्बर 30, दक्षिण सब जोनल ब्यूरो पर 5 लाख का ईनाम, भीमे, एसीएम, दक्षिण सब जोनल ब्यूरो पर 5 लाख का ईनाम तथा निहाल ऊर्फ राहुल, पार्टी सदस्य संतोष, ब्यूरो कम्युनिकेशन टीम हेड का गार्ड दक्षिण सब जोनल ब्यूरो पर 2 लाख का ईनाम घोषित था।

**बारिश में भी हौसला बरकरार** -पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि मानसून की कठिन परिस्थितियां, लगातार वर्षा, दुर्गम जंगल, पहाड़ी इलाके और जोखिमभरे रास्ते भी सुरक्षा बलों के जोश और प्रतिबद्धता को डिगा नहीं पाई हैं। सभी बल कठिन भौगोलिक और मौसमी चुनौतियों के बावजूद पूरे समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे।

### पंडरिया विधायक भावना...

एवं भोरमदेव मंदिर में शिवजी के जलाभिषेक के साथ पूरी हुई। सभी अवरोधों को पंडरिया विधायक भावना बोहरा और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे कांवड़ियों ने पार किया और मन में एक पवित्र संकल्प एवं भगवान भोलेनाथ के प्रति अपार आस्था के साथ निकली इस यात्रा में हर दिन एक नई उर्जा,उल्लास एवं उत्साह दिखाई दिया। 151 किलोमीटर की यात्रा पूर्ण कर भावना बोहरा और उनके साथ सभी कांवड़ियों ने यह जरुर साबित किया है कि यदि दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति के साथ मन में भक्ति और आस्था से आप अपने हर लक्ष्य और संकल्पों को पूरा कर सकते हैं। यह यात्रा छत्तीसगढ़ में अपने आप में एक मिसाल होगी यह पहला अवसर है कि एक महिला जनप्रतिनिधि ने प्रदेश व प्रदेशवासियों की मंगलकामना के लिए 151 किलोमीटर की कठिन यात्रा की और नारी शक्ति का एक सन्देश भी दिया है।

यात्रा के अंतिम दिन पंडरिया विधायक भावना बोहरा और कांवड़ यात्रियों ने सुबह 7 बजे बोड़ला से अपनी यात्रा प्रारंभ की। दोपहर 12 बजे भोरमदेव मंदिर पहुंची। इस दौरान बोड़ला, में हजारों की संख्या में शिवभक्तों, सामाजिक व हिन्दू संगठनों, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने पुष्पवर्षा करके उनका भव्य स्वागत किया। हर हर महादेव और बोल बम के नारों के साथ पूरा कवर्धा शिवभक्ति में लीन और भगवामय हो गया। इस दौरान भोरमदेव मंदिर में लगभग 5000 से अधिक शिवभक्तों ने मंदिर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया ढोल-बाजो और भक्तिमय गीतों, पुष्पवर्षा से भावना बोहरा और उनके साथ पधारे कांवड़ यात्रियों का सभी ने अभिनंदन किया। यह पहला अवसर होगा जब भोरमदेव मंदिर में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ पहुंची जहां लोगों ने खुले दिल से भावना बोहरा और उनके साथ कदम मिलाकर चलने वाले कांवड़ियों की अमरकंटक से भोरमदेव तक कांवड़ यात्रा की प्रशंसा की।

यह कांवड़ यात्रा मां नर्मदा मंदिर अमरकंटक से प्रारम्भ होकर लम्हनी, वन ग्राम महामाई, खुड़िया,गौरकांपा, पंडरिया, मोहतरा, पांडातराई, डोंगरिया महादेव,बोड़ला होते हुए भोरमदेव मंदिर में पूर्ण हुई। इस दौरान भोरमदेव मंदिर में भंडारा एवं महाप्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया जिसमें 5000 से अधिक शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने भी भोरमदेव मंदिर में दर्शन करने हेतु पधारे श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों का अभिनंदन किया और प्रसाद वितरण किया।

### गौरव व भावनाओं...

अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भी आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने यात्रा के दौरान फोन पर बातचीत करके हम सभी का हौसला बढ़ाया और मंगलमय यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। यह मेरे लिए परम गौरव का क्षण है, छत्तीसगढ़वासियों की सुख-शांति और प्रदेश की समृद्धि हेतु जो संकल्प एवं कामना लेकर 21 जुलाई से हमने यह यात्रा प्रारंभ की और लगभग 300 से अधिक कांवड़ यात्रियों ने पुण्य यात्रा में मेरे साथ हर कदम पर अपनी सहभागिता निभाई उसके प्रति सभी का आभार व्यक्त करती हूं।

### 26 दिनों में...

से अधिक वर्षा की श्रेणी में शामिल हो गए। मानसून इस बार भी प्रदेश में अपनी सामान्य तिथि में सक्रिय हुआ, मगर जून का महीना कम वर्षा के साथ बीता था। 30 जून की स्थिति में प्रदेश में कुल 151 मिमी. बारिश हो चुकी थी, वहीं रायपुर जिले को भी 119 मिमी. वर्षा से संतोष करना पड़ा था। जून बीतते तक बलरामपुर अपनी औसत बारिश की सीमा लांघ चुका था। इसके बाद की जुलाई में मानसून प्रदेश पर मेहरबान हुआ और समय-समय पर सक्रिय होने वाले सिस्टम से विभिन्न इलाकों में मूसलाधार बारिश हुई तथा बीते 26 दिनों के भीतर प्रदेश के सारे नदी-नाले लबालब हो गए हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने अब तक प्रदेश में 448.6 मिमी. वर्षा हुई है, जिसे मिलाकर सीजन का आंकड़ा 599.6 मिमी. तक पहुंच चुका है। रायपुर जिले में भी मानसून ने व्यापक प्रभाव दिखाया और यहां 429 मिमी. बारिश के साथ कुल आंकड़ा 548 मिमी. तक पहुंचा, जो औसत 450.6 मिमी. से 22 फीसदी अधिक है। बेमेतरा में 480. मिमी. की तुलना में 38 फीसदी कम 299.8 और कोंडागांव में 514 मिमी. औसत की तुलना में 409 मिमी. यानी 20 फीसदी कम बारिश हुई है।

### अभियान के दौरान...

सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अधिकारियों की एक समिति गठित की गई है। उम्मीद है कि अगले कुछ महीनों में समिति अपनी सिफारिशों और योजना को लागू करने के तौर-तरीकों को अंतिम रूप दे देगी। अधिकारी ने कहा कि पिछले दशकों में अभियानों के दौरान आईईडी विस्फोट या इसी तरह की अन्य घटनाओं के कारण सैकड़ों सीएपीएफ कर्मी अपने पैर, हाथ या आंखें खो चुके हैं और स्थायी दिव्यांगता का शिकार हो चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि हालांकि ऐसे मामले बहुत कम हैं, जहां किसी जवान या अधिकारी को ऐसी चोटों के कारण सेवा से हटाया गया हो, लेकिन कई जवानों को पदोन्नति नहीं मिलने के कारण परेशानी उठानी पड़ती है, क्योंकि वे संबंधित फिटनेस मानदंडों को पूरा करने में विफल रहते हैं। उन्होंने कहा कि समिति अपने मानदंडों में ढील देने के लिए काम करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि अंग-भंग या किसी अन्य स्थायी दिव्यांगता से पीड़ित अधिकारियों और जवानों को उनकी पदोन्नति और सुविधाएं मिलें, जो उन्हें अन्यथा मिलतीं।

Vrinda Multispeciality Hospital
Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
24 घंटे आपात चिकित्सा
उपलब्ध सुविधाएं
• जनरल मेडिसीन • छाती रोग • हृदय रोग • सांस एवं फेफड़ा रोग
• दंत रोग • डायबिटीज • त्वचा रोग • प्रसूति एवं स्त्री रोग • बच्चों के रोग
• जोड़ एवं हड्डी रोग • आंख, कान, गला रोग • जनरल सर्जरी • ऑन्कोलॉजी विभाग • यूरोलॉजी • फिजियोथेरेपी
• सोनोग्राफी • डिजिटल एक्स-रे • सीटी स्कैन • क्रिटिकल केयर यूनिट • आईसीयू • ट्रॉमा केयर
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) 8962566221, 07714916125, 7223065604

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग
• Hearing Aids सुनाई मशीन
• Dental/ दंत रोग
• मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी
• चक्कर, खर्राटे

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें।
ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
HMS देखकर खरीदें
सीला मलहम
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखे
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100, 9754263022

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** कम्प्यूटर ऑपरेटर जो बिलिंग का काम एवं कम्प्यूटर चलाना जानता हो एवं एक और लड़के की मेडिकल दुकान में काम करने के लिए आवश्यकता है संपर्क करें:- 8319774327, 74898 74508 (38325)

**आवश्यकता है-** साड़ी, रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा जींस, बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 9827916580, 8889993188 (38322)

**आवश्यकता है-** घरेलु कार्यो खाना बनाने और बच्चियों को देखरेख के लिए महिला केयर टेकर चाहिए कार्य समय सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक संपर्क करें गंगा नगर बिलासपुर 7879192209, 99079 50407 (38307)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित हॉटल में कार्य करने हेतु रिसेपेशनिस्ट (रात/ दिन)- 1, वेटर- 1, सुपरवाईजर- 1, ड्राइवर- 1 की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- हॉटल रोहित जूनी लाइन गोल बाजार बिलासपुर 7869919506 (38318)

**आवश्यकता है-** ऑटो पार्ट्स दुकान में काम करने के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- गोल बाजार बिलासपुर 96910 61066 (38320)

**आवश्यकता है-** यश सुपर बाजार में कम्प्यूटर आपरेटर एवं सेल्स के लिए लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है पता- रिंग रोड नं.-2, महाराणा प्रताप चौक, भारतीय नगर चौक, व्यापार विहार रोड बिलासपुर 9329941444 (38324)

**आवश्यकता है-** गर्ल्स हॉस्टल में कार्य हेतु वार्डन (महिला) ड्राइवर, मेस कर्मचारी सिक्युरिटी गार्ड की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गायत्री गर्ल्स हॉस्टल पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर 9755996699, 7000390346 (38323)

**आवश्यकता है-** राजकिशोर नगर स्थित रियल स्टेट ऑफिस हेतु टेलीकॉलर (युवती)-2 एवं सेल्स एक्जीक्युटिव-3 (युवक) की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें 7566635955, 9713185566 (38303)

**आवश्यकता है-** Philips, Ahuja ऑथोराइज्ड टीवी, डीजे शोरूम में युवक एवं स्टोर मैनेजर की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन 8000 से 10000 सम्पर्क करें- कपूर चन्द & सन्स सदर बाजार करोना चौक बिलासपुर 96850 05500 (38316)

**आवश्यकता है-** घरेलू कार चलाने के लिये अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है ड्राइविंग लाइसेन्स के साथ सम्पर्क करें- 9827902221 (38312)

**आवश्यकता है-** स्किन क्लिनिक में (1) स्किन कार्य सहायिका (2) रिसेप्शनिस्ट (3) फेशियल कार्य करने के लिए आवश्यकता है संपर्क करें 7697312555 (38308)

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित संस्थान में कार्य करने हेतु एकाउंटेंट टैली ऑपरेटर (फीमेल) की आवश्यकता है। वेतन- 9000 से 12000 प्रतिमाह सम्पर्क करें- 95754 88884 (38317)

**आवश्यकता है-**जैसवाल नेको इस्पात पावर प्लांट सिलतरा रायपुर हेतु 5वीं पास शिक्षित अशिक्षित गैंगमैन लड़के, वेतन 18000 रहना फ्री ST, SC, OBC को वरीयता, लोकल बिलासपुर गार्ड वेतन 10000 से 14000 पता- एक्समैन सिक्युरिटी सर्विस हेमू नगर 9754713125, 98276 18359, 6263900911, 9755667206 (38287)

**आवश्यकता है-** मेस में पोहा मटर, समोसा मटर, भजिया, इडली, डोसा एवं चायनीज आईटम बनाने के लिए कुक की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मंगला बिलासपुर छत्तीसगढ़ 9755655055 (625)

**आवश्यकता है-** कपड़े दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क करें- सुबह 10बजे के बाद संजय किड्स जोन काली मन्दिर के पास मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 83055 50000 (38313)

**आवश्यकता है-**बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर, रायगढ़ अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़ जिलों में सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर गनमैन की आवश्यकता है। PF, ESI, मेडिकल, आवास सुविधा फ्री सम्पर्क करें- सिद्धी विनायक सिक्यूरिटी राजेन्द्र नगर बिलासपुर 9111175190 9098318675 (38141)

**आवश्यकता है-** वेटर/ कर्मचारी सफाई हेतु 1 पद आवश्यकता है वेतन 10000 बिजली मिस्त्री, नल मिस्त्री अनुभवी ही सम्पर्क करें- बाहरी को रहना खाना निशुल्क प्रबंधक अग्रवाल लॉज गोल बाजार बिलासपुर 98279 40898, 9406390898 (35306)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़के एवं लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- मनीष इलेक्ट्रीकल्स B-9 मायानन्द परिसर तेलीपारा बिलासपुर, 9329440777, 9109302793, 89822 47455 (35305)

**आवश्यकता है-**औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षागार्ड वेतन 14000 सुपरवाइजर वेतन 16000 फील्ड ऑफिसर वेतन 15000 आवास फ्री PF+ ESIC सम्पर्क करें- Alert SGS Private Limited, भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा रायपुर, छ.ग. 77470 00019, 7746000016, 7747000016, 77460 00019 (074)

**आवश्यकता है-** बिलासपुर व्यापार विहार तेलीपारा पुराना बस स्टैण्ड सरकंडा कोनी सिरगिट्टी परसदा तिफरा हेतु सुरक्षा गार्ड चाहिए वेतन 8000 से 9000 आवास मुफ्त सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- 9993336942, 95893 16942 (38311)

**आवश्यकता है-** सफाई कर्मचारी नियुक्ति : चंदखुरी रायपुर कुत्तों के अस्पताल में स्वीपर का झाड़ू लगाना, बर्तन, कपड़े धोने का काम है वेतन रू. 10,000/- खाने रहने की सुविधा.नशेड़ी संपर्क न करें- 7225888800 (6987)

**आवश्यकता है-**होटल में काम करने हेतु एक सुपरवाइजर एक मिस्त्री सादा खाना बनाने, तीन लड़के रुम सर्विस हेतु अनुभवी एक बाई बर्तन झाडू पोछा हेतु चाहिए पता- होटल राज, दयालबन्द, बिलासपुर (38286)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु लड़के की आवश्यकता है मोटर साईकिल चलाना आना चाहिए मिले 11 से 3 बजे तक (लोकल लड़को को प्राथमिकता), ऑफिस- सरकार मिनरल्स, बजरंग चौक मेनरोड तालापारा 93005 16198 (195)

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने हेतु 18 से 22 वर्ष के 10 मेहनती लड़के चाहिए (time 10am - 7pm) ही सम्पर्क करें:- साइंस कॉलेज के पास, सरकंडा बिलासपुर 9074741377 (194)

**आवश्यकता है-** Fraud call से सावधान Airtel 5-G कंपनी घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के लड़कियों गृहणियां कमाए ( 15000-45000)/- महिना लैपटॉप + मोबाइल मुफ्त Name, Address,Qualification,Call/ WhatsApp करें- 07903284986 (1069)

**आवश्यकता है-**ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है उम्र 18 से 25 जो बाहर रहकर कार्य करे, रहना फ्री, सैलरी 10000+ कमीशन+ बोनस सम्पर्क करें- मुंगेली नाका चौक बिलासपुर 8085106943 (191)

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष के अविवाहित लड़कों की अवश्यकता है। योग्यता 10 वी 12वी स्नातक पास सैलरी 10,000 रहना फ्री ज्वाइनिंग के बाद कमाए 15,000 से 20,000 स्थानः म.प. उज्जैन 9630773028 9691233111 (361)

**आवश्यकता है-** अर्जेंट भर्ती वनसुरक्षा को जिलानुसार लड़के लड़कियों की आवश्यकता पद संख्या-940 वन रक्षक फील्ड ऑफिसर माली वनसिपाही सैलरी (24500+52500 ) पढ़ाई 8वी से स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आवेदन करने के लिए आधारकार्ड मार्कशीट फोटो व्हाट्सएप करे (सचिन शर्मा)-9915947081 (1071)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ से बाहर ऑफिस कार्य हेतु अविवाहित युवकों की अतिशीघ्र आवश्यकता है योग्यता 10वी, 12वी, स्नातक वेतन 10000 (रहना फ्री) ट्रेनिंग के बाद कमाए 20-25 हजार मो. 73897 69528 (6754)

**आवश्यकता है-** Ambition Marketing में सेल्स एक्जीक्यूटिव- 3, लीडर- 2, ट्रेनर- 2 लड़के, लड़कियों की। वेतन 10000 से 15000 पता- शॉप नं. FS-16, प्रथम तल सीएलसी प्लाजा मंगला चौक बिलासपुर 7999594790, 7806 007192 (3175)

## बेचना है

**बेचना है-** बिलासपुर नगर निगम अन्तर्गत TNC स्वीकृत कालोनी में प्लाट बेचना है (1) मोपका घी कुण्ड तालाब के बगल में श्री जेपी विहार कालोनी में 1000 वर्गफुट (2) मंगला दीनदयाल कालोनी के पीछे 1100 वर्गफुट (3) रतनपुर मुख्य मार्ग में बिरकोना मोपका बाइपास रोड पर बालाजी सिटी कालोनी में 1250 वर्गफुट (4) हेमू नगर जीनत ग्रीन विहार कालोनी के पास 1000 वर्गफुट। नामांतरण फ्री, डायरेक्ट मालिक से बैठक, कोई ब्रोकरेज शुल्क नहीं सम्पर्क- 9893266152 (38309)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**बेचना है-**बंगालीपारा सरकंडा बिलासपुर गली नम्बर 5 में स्थित निर्माणाधीन मकान बेचना है साइज 40×50=2000 वर्गफुट सम्पर्क करें- 9981368106 राजू सोनी- 9893629506 (38292)

**बेचना है-** बिलासपुर के प्राइम लोकेशन मुंगेली रोड ग्रीन गार्डन के पीछे शुभम विहार शिक्षक कॉलोनी फुल फर्निश्ड 2850 वर्गफुट में बना उत्तर मुखी डुप्लेक्स 4BHK मकान बेचना है। सम्पर्क करें- 62625 25232 (38321)

**बेचना है-** कमर्शियल प्लॉट मसानगंज मेनरोड पर डबल रोड पुराना बना, 3 मंजिल बना हुआ मकान मिश्रा पुस्तकालय से मध्य नगरी चौक के बीच में साइज 26×50= 1292sq जमीन है शीघ्र बेचना है संपर्कः- 9827973444 (196)

**बेचना है-** कमर्शियल जमीन बिलासपुर से कोटा मेन रोड में पीपरतराई गांव में (39 डिसमिल) 105x165=17325 वर्गफुट जमीन शीघ्र बेचना है संपर्क करें 9074644163, 8109495355 (38302)

**बेचना है-** लगरा में RTO ऑफिस के आगे मेन रोड से 200 मीटर की दूरी पर 4800 वर्गफीट प्लॉट एवं चिल्हाटी में 2000 वर्गफुट प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 7828539364, 8770382324 (38314)

**बेचना है-** भरनी (बिलासपुर) में 4 से 5 डिसमिल आवासीय जमीन बेचना है लेने वाले व्यक्ति सीधे सम्पर्क करें- 7415401834, 62696 79746 (35304)

आपके सपनों का आशियाना
जल्द होगा आपका...
पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड
सब कुछ है यहां

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# पहले गेम में हम्पी और दिव्या के बीच भिड़ंत, 1-1 पर ड्रॉ, शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष



एजेंसी ▶▶ बातुमी (जॉर्जिया)

फिडे महिला वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल दिव्या और हम्पी के बीच 26 जुलाई से शुरू हुआ। फाइनल में दो क्लासिकल गेम होंगे पहले गेम 26 को खेला गया, जो कि ड्रॉ रहा। वहीं अब दूसरा गेम रविवार को खेला जा रहा है। बता दें कि, क्लासिकल फॉर्मेट में हर खिलाड़ी को पहले 40 चालों के लिए 90 मिनट मिलेंगे।

### दिव्या का बेहतरीन प्रदर्शन

दिव्या देशमुख और दिग्गज कोनेरू हम्पी के बीच फिडे महिला वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। इस दौरान शनिवार को फाइनल के पहले गेम में दिव्या ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हम्पी को बराबरी पर रोका। विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी का इस ड्रॉ के बावजूद पलड़ा भारी होगा क्योंकि वह काले मोहरों से खेल रही थी। दो-गेम के इस मिनी मैच में क्लासिकल शतरंज नियमों के तहत दूसरे और अंतिम गेम में हम्पी सफेद मोहरों से खेलेंगी।

### हम्पी ने शुरुआत में बनाया दबाव

वहीं ये मुकाबला भी अगर बराबरी पर खत्म होगा तो विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि के गेम खेले जाएंगे। शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला लेकिन दोनों अपने मौकों को भुनाने में सफल नहीं हुए। दिव्या पर हम्पी ने शुरुआत में दबाव बनाया लेकिन नागपुर की इस खिलाड़ी ने जल्द ही वापसी की और कम्प्यूटर के अनुसार 14वें चाल के बाद दिव्या का पलड़ा भारी था। हालांकि, हम्पी ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मैच पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी।



### पहली चाल से 30 सेकंड को इंक्रीमेंट

फाइनल में दो क्लासिकल गेम होंगे पहले गेम 26 को खेला गया जो कि ड्रॉ रहा। वहीं अब दूसरा गेम 27 जुलाई, रविवार को हुआ। बता दें कि, क्लासिकल फॉर्मेट में हर खिलाड़ी को पहले 40 चालों के लिए 90 मिनट मिलेंगे। इसके बाद बाकी के गेम के लिए अतिरिक्त 30 मिनट दिए जाएंगे, जिसमें पहली चाल से 30 सेकंड को इंक्रीमेंट होगा।

### इंक्रीमेंट के साथ होंगे दो रैपिड गेम

साथ ही अगर फिर भी क्लासिकल खेल में विजेता का फैसला नहीं होता है तो मैच टाई-ब्रेक की एक सीरीज के रूप में चलता रहेगा। सबसे पहले 10 मिनट प्लस 10 सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ दो रैपिड गेम होंगे। इसके बाद फिर भी टाई रहता है तो 5 मिनट प्लस 3-सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ दो पांच मिनट के गेम होंगे। ऐसे में जरूरत हो तो 3 मिनट प्लस 2-सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ दो ब्लिट्ज गेम होंगे। बाद भी अगर मैच ड्रॉ रहता है तो खिलाड़ी तब तक 3+2 ब्लिट्ज गेम खेलना जारी रखेंगे तब तक कोई विजेता सामने नहीं आ जाता।

## खबर संक्षेप



### स्कॉटिश ओपन: 48वें स्थान पर पहुंची दीक्षा

**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद 11 स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता 24 साल की दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी और एक बोगी से एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक इससे पहले कट हासिल करने में नाकाम रहीं।

### जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी जीत सकते हैं ओलंपिक में पदक : बिलकिस



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बिलकिस मीर का मानना है कि बर्फ से ढकी ढलानें, ग्लेशियर से निकलने वाली नदियां और खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को देखते हुए शीतकालीन खेलों और जलक्रीड़ा में राज्य के खिलाड़ियों के पास देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता है। पेरिस ओलंपिक (2024) में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय महिला मीर ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर और देश को पोडियम के शीर्ष स्थान पर देखना चाहती हैं और इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगी। जल क्रीड़ा खिलाड़ी मीर ने कहा, 'मेरा सपना है कि जम्मू-कश्मीर और देश को वैश्विक मंच पर शीर्ष स्थान पर देखूं। जम्मू-कश्मीर में ओलंपिक में जलक्रीड़ा और शीतकालीन खेलों में भारत का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने की क्षमता है क्योंकि हमारे पास प्राकृतिक संसाधन होने के साथ-साथ आवश्यक प्रतिभा भी है, जिसे बस निखारने की आवश्यकता है।'

### सीनियर ओपन: भारतीय खिलाड़ियों की तालिका में शीर्ष पर अटवाल



**सनिंगडेल (ब्रिटेन)।** अर्जुन अटवाल आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन गोल्फ के तीसरे दौर में 1-अंडर 69 का स्कोर करने के बाद संयुक्त 29वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में तालिका में शीर्ष पर है। सीनियर्स टूर पर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे अटवाल ने शुरुआती दो दौर में 67 और 72 के कार्ड खेले थे। 54 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर का है। ज्योति रंधावा (70-71-70) एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 50वें स्थान पर है, जबकि जीव मिल्खा सिंह (71-69-74) पांच-ओवर के स्कोर साथ संयुक्त 69वें स्थान पर है।




### चौथा टेस्ट: राहुल-शुभमन और वाशिंगटन-रवींद्र की अटूट साझेदारी

# गिल-सुंदर और जडेजा की ऐतिहासिक पारी, इंग्लैंड टीम हताश, मैनचेस्टर टेस्ट ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ मैनचेस्टर

कप्तान शुभमन गिल की साहसिक शतकीय पारी के बाद रविंद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर की शतकीय पारियों से इंग्लैंड के खिलाफ भारत पांच मैचों की श्रृंखला का चौथा टेस्ट में रविवार को ड्रॉ कराने में सफल रहा। पहली पारी में 311 रन के बड़े अंतर से पिछड़ने वाली भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बिना खाता खोले दो विकेट गंवाने के बावजूद चार विकेट पर 425 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल (103) और लोकेश राहुल (90) के बीच तीसरे विकेट के लिए 188 रन की साझेदारी के बाद रविंद्र जडेजा (नाबाद 107) और वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 101) ने पांचवें विकेट के लिए 203 रन की अटूट साझेदारी कर इंग्लैंड को मैच में वापसी का मौका नहीं दिया। इंग्लैंड हालांकि श्रृंखला में 2-1 से आगे है। इसका आखिरी मैच 31 जुलाई से द ओवल मैदान पर खेला जाएगा।

### अंग्रेजों के घर में जडेजा का कारनामा

जडेजा ने इंग्लैंड में टेस्ट मैच खेलते हुए 1000 रन पूरे कर लिए हैं। ऐसा करने वाले वे 7वें एशियाई खिलाड़ी बन गए हैं। इसके अलावा जडेजा इंग्लैंड में 30 से ज्यादा विकेट ले चुके हैं। ऐसा भी 18 एशियाई खिलाड़ी इंग्लैंड की धरती पर कर चुके हैं। लेकिन आज तक कोई खिलाड़ी ऐसा नहीं आया, जिसने इंग्लैंड में 30 से ज्यादा विकेट भी लिए हों और 1000 से ज्यादा रन भी बनाए हों। लेकिन रवींद्र जडेजा ने अंग्रेजों के घर में ये कारनामा कर दिया है।



### कप्तान के रूप में एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक शतक

वहीं शुभमन गिल अब कप्तान के रूप में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से विश्व के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। गिल से पहले सर डॉन ब्रैडमैन भारत के खिलाफ कप्तानी करते हुए चार शतक लगा चुके हैं। वहीं भारत के सुनील गावस्कर ने कप्तान रहते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में चार शतक ठोक दिए थे।

- 4 - सर डॉन ब्रैडमैन बनाम भारत, 1947/48 (घरेलू)
- 4 - सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, 1978/79 (घरेलू)
- 4 - शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, 2025 (विदेशी)**

### गावस्कर-कोहली क्लब में शामिल हुए गिल

इसके साथ ही शुभमन गिल ने किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में गिल ने चौथा शतक जड़ा है। भारत के लिए एक टेस्ट में सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से सुनील गावस्कर और विराट कोहली के नाम है। गावस्कर ने दो बार वेस्टइंडीज के खिलाफ एक सीरीज में चार शतक लगाए हैं। वहीं विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार सेंचुरी ठोकी थीं।

**एक टेस्ट सीरीज में भारत के लिए सर्वाधिक शतक**

- 4 - सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, 1971 (विदेश में)
- 4 - सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज, 1978/79 (घरेलू)
- 4 - विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2014/15 (विदेश में)
- 4 - शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, 2025 (विदेश में)**

### विदेशी सरजमीं पर दो भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए 500 रन से अधिक



टेस्ट इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ, जब विदेशी सरजमीं पर एक ही टेस्ट सीरीज में दो भारतीय बल्लेबाजों ने 500+ रन बनाए। इंग्लैंड के विरुद्ध इस टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने चार मुकाबलों की आठ पारियों में 99.57 की औसत के साथ 697 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरी तरफ केएल राहुल चार मुकाबलों की आठ पारियों में 72.57 की औसत के साथ 508 रन जोड़े हैं। पहली बार यह कारनामा भारतीय बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की सरजमीं पर 1970-71 में खेली गई टेस्ट सीरीज में किया था। सुनील गावस्कर ने उस सीरीज में 774 रन बनाए थे, जबकि दिलीप सरदेसाई ने 642 रन जोड़े।

## डीसी ओपन: फाइनल में पहुंची लेलाह फर्नांडिज और अन्ना कालिन्सकाया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया। कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं।



### फाइनल में दूसरी बार पहुंचे मनोर

पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अब उनकी भिड़ंत स्पेन के 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगी। फोकिना ने सेमीफाइनल में चौथे वरीय बेन शेल्टन को 6-2, 7-5 से हराया।

### टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने के लिए व्यवस्था की जरूरत



**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है। शरत ने बताया, 'हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है, जो लगातार चैंपियन तैयार करे।' उन्होंने कहा, 'युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की है। जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे।' भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते, जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला। पेरिस ओलंपिक में महिला टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की रोमानियाई टीम को हराया।

## ग्रीन और इंग्लिस का अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से दी मात

एजेंसी ▶▶ बासेटेरे (सेंट किट्स)

कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बना ली। वेस्टइंडीज के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ग्रीन (नाबाद 55, 35 गेंद, 3 छक्के, 3 चौके) और इंग्लिस (51 रन, 30 गेंद, 10 चौके, 1 छक्का) की पारियों की बदौलत 19.2 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की ओर से जेडिया ब्लेड्स ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

- आस्ट्रेलिया ने 5 मैच की टी20 श्रृंखला में बनाई 4-0 की बढ़त



### वेस्टइंडीज ने बनाए 205 रन

वेस्टइंडीज ने इससे पहले 9 विकेट पर 205 रन बनाए लेकिन उसकी तरफ से कोई बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने 20 रन के आंकड़े को पार किया, जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, और सीन एबट ने दो-दो जबकि एडम जंपा ने तीन विकेट चटकाए।

### विश्व विश्वविद्यालय खेल: भारत ने स्पर्धा में जीते दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक

# अंकिता ने 3 हजार मीटर स्टीपलचेज में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶ राइन रूहर (जर्मनी)

भारत की स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के अंतिम दिन 9:31.99 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता।

रविवार को कई भारतीय एथलीट ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) के मिली सेकेंड से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।



### भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक

रिले स्पर्धाओं में भारत पारंपरिक रूप से मजबूत है, जो पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर और चार गुणा 100 मीटर तथा महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धाओं में पदकों की संख्या को और बेहतर करने की कोशिश करेगा। भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोई भी पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाया। हालांकि कुछ ने व्यक्तिगत या सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

### अंकिता ने हीट 1 में हासिल किया था शीर्ष स्थान हासिल

अंकिता ने 9:54.79 सेकेंड का समय निकालकर हीट 1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। सुबह के सत्र में अंकिता के पदक जीतने के साथ भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपने पदकों की संख्या दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी है। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, लेकिन यह पदक के लिए पर्याप्त नहीं था।

### तीरंदाज साहिल जाधव को स्वर्ण त्रिकूद में चित्रावेल ने जीता रजत

साहिल जाधव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले परनीत कौर महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन दोनों के अलावा भारत ने कंपाउंड तीरंदाजों ने मिश्रित टीम स्वर्ण, पुरुषों की टीम रजत, महिलाओं की टीम कांस्य के साथ रिकर्व तीरंदाजों के निराशाजनक प्रदर्शन की काफी हद तक भरपाई भी कर दी। वहीं भारत के 24 वर्षीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने अपने दूसरे प्रयास में 16.66 मीटर की शानदार छलांग लगाकर त्रिकूद में रजत पदक जीता। भुवनेश्वर ऑस्ट्रेलिया के कॉनर मर्फी से पीछे रहा, जिन्होंने 16.77 मीटर की इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई।

## विश्व तैराकी चैंपियनशिप में आर्यन-लिखित का सफर खत्म

एजेंसी ▶▶ सिंगापुर

भारतीय तैराक आर्यन नेहरा विश्व एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए जबकि एसपी लिखित भी अपनी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पुरुषों के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे नेहरा चार मिनट 00.39 सेकेंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) में सातवें और कुल मिलाकर 37वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ तैराक फाइनल में पहुंचे।

ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल शॉर्ट ने तीन मिनट 42.07 सेकेंड के सबसे कम समय के साथ हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर लिखित ने पुरुषों की 100 मीटर



ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 1.99 सेकेंड का समय लेकर कुल मिलाकर 40वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तुर्की के नुसरत अल्लाहवर्दी एक मिनट 1.11 सेकेंड के समय के साथ हीट में सबसे तेज तैराक रहे।

दुनियाभर में लोग शहरों का रुख करते हैं, ताकि वे अपनी जिंदगी को खुलकर जी सकें. सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कई चुनौतियां होती हैं, वहीं शहरों में लग्जरी लाइफ की रंगीनियत साफ-साफ दिखाई देती है। लेकिन, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिनका मन शहरों से भर जाता है और वे निर्जन जगहों पर जाकर बसने का ख्वाब देखने लगते हैं।

# 6 लोगों के साथ निर्जन आइलैंड पर रहती है महिला, कभी शहर में जीती थी लग्जरी लाइफ

एजेंसी ⏭ लंदन

आज हम आपको एक ऐसी ही महिला से मिलवाने जा रहे हैं, जिसने ब्रिटेन की शहरी ज़िंदगी और वहां की रंगीन लाइफ को छोड़ दिया और न्यूजीलैंड के एक ऐसे निर्जन आइलैंड पर रहने लगी, जहां कुल 6 लोग ही रहते हैं। लेकिन इस महिला ने ये अजीब फैसला क्यों लिया? दरअसल, इस महिला को शहरों की भागमभाग जिंदगी की जगह शांतिपूर्ण जीवन पसंद था। इस महिला का नाम कैटरिन है, जो 22 साल की हैं। कैटरिन को घूमने का बेहद शौक है। ऐसे में साल 2023 में उन्होंने वेल्स में अपना घर छोड़कर न्यूजीलैंड के ऑकलैंड तट से 11,000 मील दूर स्थित मोटुटापु द्वीप पर रहने का फैसला किया।

## हलचल भरी जिंदगी से हटकर शांति और सादगी की तलाश






### अद्भुत नज़ारों से भरा है आइलैंड

यह एक छोटा सा द्वीप है, जिसकी आबादी सिर्फ छह लोगों की है। माओरी भाषा में मोटुटापु का अर्थ पवित्र है। यह आइलैंड अद्भुत नज़ारों से भरा है और यहां की जैव-विविधता भी लाजवाब है। कैटरिन ने नौ महीने यहां रहकर एक आउटडोर एंटरटेनमेंट सेंटर में काम किया और अपनी वेबसाइट पर इस रिमोट जगह पर रहने के फायदे और नुकसान के बारे में बताया। कैटरिन के इस अजीब फैसले के पीछे शहरों की रंगीन पर थका देने वाली ज़िंदगी से इतर शांतिपूर्ण जीवन की तलाश थी. ऐसे में वो मोटुटापु पहुंच गईं, जहां शांति ही शांति थी और वहां पक्षियों का चहचहाना ही सुनाई देता है, जो उन्हें बेहद पसंद आया।

### सुरक्षा की चिंता भी नहीं सताती

इतना ही नहीं, रात में रोशनी कम होती थी, जिससे आसमान में हजारों तारे साफ दिखाई देते हैं। इसके अलावा उन्हें इस आइलैंड पर सुरक्षा की चिंता भी नहीं सताती। यहां रात में भी वो आराम से बाहर निकल जाती हैं और दरवाजे भी खुले रहते हैं। सबसे अहम, आइलैंड पर कोई दुकानें या पब न होने के कारण उन्हें पैसे बचाने में मदद मिली, जो शहरी जीवन में मुश्किल था। बता दें कि कैटरिन सोलो ट्रैवलर हैं और अकेले ही घूमने निकल जाती हैं।



### लेकिन, कई मुश्किलें भी आईं!

कैटरिन यूं तो अपने इस नई लाइफ से बेहद खुश हैं, लेकिन इस निर्जन आइलैंड पर रहते हुए उनके सामने कुछ चुनौतियां भी आईं। इस आइलैंड पर कोई दुकान या रेस्टोरेंट नहीं होने के कारण खाने से जुड़ी परेशानियां आईं। ऐसे में उन्हें मेनलैंड तक जाने के लिए फेरी का इंतजार करना पड़ता था। सीमित आबादी (केवल 5 अन्य लोग) और नाइटलाइफ की कमी के कारण उन्हें कभी-कभी जिंदगी उबाऊ लगती थी। कैटरिन ने महसूस किया कि लगातार एक ही जगह, एक ही दृश्य और एक ही लोगों के साथ रहने से कभी-कभी बेचैनी महसूस होने लगती थी। हालांकि, कैटरिन की कहानी उन लोगों के लिए प्रेरणा है, जो हलचल भरी जिंदगी से हटकर शांति और सादगी की तलाश में हैं।

---

## रोचक खबरें

## एक अक्षर की गलती ने छीन लिया सुख-चैन 22 दिन की जेल, 17 साल चला मुकदमा



मैनपुरी। राजवीर सिंह यादव वो शख्स नहीं थे, जिसे पुलिस गिरफ्तार करना चाहती थी। पुलिस उनके भाई रामवीर को पकड़ना चाहती थी, लेकिन एक अक्षर की गलती ने पूरा केस ही पलट दिया। टाइपिंग एरर की वजह से नाम बदला और राजवीर को 22 दिनों के लिए जेल जाना पड़ा। हालांकि, पुलिस ने कुछ ही हफ्तों में अपनी गलती मान ली, गलती करना नहीं छोड़ा। मामला अदालत में 17 साल तक चला।इससे एक निर्दोष की रोजी-रोटी, उसके बच्चों की शिक्षा और उनकी मानसिक शांति छिन गई। अब 55 साल की उम्र में राजवीर को आखिरकार बरी कर दिया गया है। अदालत ने राजवीर सिंह यादव को निर्दोष करार दिया और उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया, जिनकी घोर लापरवाही के कारण उन्हें करीब दो दशकों तक यातनाएं झेलनी पड़ीं।


**अपराधिक इतिहास भी झूठा :** हैरान कर देने वाला ये मामला मैनपुरी का है। घटना 31 अगस्त 2008 की है। शहर कोतवाली के तत्कालीन इंस्पेक्टर ओमप्रकाश ने नगला भंत के रहने वाले मनोज यादव, प्रवेश यादव, भोला और राजवीर के खिलाफ गिरोहबंद अपराध का केस दर्ज कराया। मुकदमे की विवेचना दन्नाहार थाना पुलिस को दी गई।

### लापरवाही और अनदेखी बनी आफत

विवेचक ने यहां फिर कांड कर दिया. राजवीर का नाम हटाकर उसके भाई रामवीर का नाम जोड़ने के बजाय प्रवेश, भोला, मनोज सहित राजवीर के खिलाफ ही चार्जशीट कोर्ट में फाइल कर दी। 2012 में मुकदमा ट्रायल पर आया। फाइनल वर्डिक्ट में राजवीर के अधिवक्ता ने बताया कि 17 साल बाद एडीजे विशेष गैंगस्टर एक्ट स्वप्नदीप सिंघल ने साक्ष्यों के आधार पर राजवीर को 17 साल बाद मुकदमे से बरी कर दिया है।

## ऑनलाइन गेम की लत से वाइस प्रिंसिपल बन गई चोर, बुर्का पहन की लाखों की चोरी

अहमदाबाद। कभी-कभी ऐसी खबरें पढ़ने और सुनने को मिलती हैं, जो लोगों को हैरान कर देती हैं। अब इसी तरह की एक खबर सामने आई है, जिसने लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। दरअसल, अहमदाबाद के मेघानीनगर स्थित एक नर्सिंग कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल को आठ लाख रुपए की चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। वाइस प्रिंसिपल की दाहिनी आंख के पास एक तिल से पुलिस को सुराग मिला। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज में बुर्का पहने एक महिला को चोरी-छिपे कॉलेज की तिजोरी से नकदी निकालते देखा गया और तिल से उनकी पहचान उजागर हो गई। वाइस प्रिंसिपल शाहिबाग की रहने वाली है, जिसकी उम्र 42 साल है। उसने पुलिस को बताया कि उसे ऑनलाइन गेम रमी की लत लग गई थी और वह कर्ज के जाल में फंस गई। इस कर्ज से उबरने और खेल जारी रखने के लिए उसने कॉलेज की तिजोरी से पैसे चुराने की योजना बनाई। उसने 22 जुलाई की सुबह 6 बजे तिजोरी से 500 रुपए के नोटों की गड्डी चुरा ली जिसमें कुल 8 लाख रुपए थे। कॉलेज के प्राचार्य ने सुबह तिजोरी खाली, तो मामले का खुलासा हुआ है।



## 1 महीने खाया सिर्फ मीट, शरीर में आया ऐसा बदलाव, खुद का चेहरा पहचानना हुआ मुश्किल!

न्यूयार्क। हर कोई समझदार होता है, लोगों को खाने-पीने से जुड़ी राय देता है। कोई वेजीटेरियन बन जाता है तो कोई वेज और नॉन-वेज दोनों प्रकार का खाना खाता है। पर क्या आपने कभी सुना है कि कोई व्यक्ति 1 महीने सिर्फ मांस ही खाए? एक महिला ने ऐसा ही किया और 1 महीने तक सिर्फ मीट खाया. शरीर में ऐसा बदलाव आया कि वो अब जब खुद का चेहरा शीशे में देखती है तो उसे पहचान पाना मुश्किल हो जाता है। कैलिफोर्निया की रहने वाली 30 वर्षीय महिला जानिस लुइज़े रोचा लीट्स ने दावा किया है कि उन्होंने सिर्फ मांसाहारी खाना खाकर न केवल 1 महीने में 9 किलो वजन घटा लिया, बल्कि उनकी त्वचा में भी ऐसा निखार आया जैसे उन्होंने बोटॉक्स करवा लिया हो। जानिस पहले शाकाहारी थीं और उन्होंने लगभग दो साल तक शाकाहारी डाइट का पालन किया। हालांकि, इस दौरान उन्हें ऊर्जा की कमी, बाल झड़ने और चेहरे पर लाल छोटे-छोटे दाने जैसी समस्याएं झेलनी पड़ीं। जब एक दोस्त ने उन्हें कार्निवोर डाइट (जिसमें केवल मांस, नमक और पानी का सेवन होता है) अपनाने की सलाह दी, तो उन्होंने 30 दिन का यह प्रयोग किया। नतीजा चौंकाने वाला था, उनका वजन कम हुआ, मासिक धर्म नियमित हुआ और त्वचा पूरी तरह साफ हो गई। जानिस का कहना है कि यह डाइट उन्हें गर्भवती होने में भी मददगार साबित हुई। जनवरी 2025 में वह गर्भवती हुईं और उन्हें लगता है कि इसमें इस डाइट की भूमिका रही है, हालांकि वैज्ञानिक रूप से इस दावे की पुष्टि नहीं हुई है।



---


## खोज

## यह अनोखा जीव जहर खाकर उगलता है 24 कैरेट सोना

प्रदूषित धातुओं से भरी मिट्टी में पाया जाता है

लंदन। दुनिया के सबसे खतरनाक और विषैले वातावरण, जहां पर कोई भी जीव रहने की हिम्मत नहीं कर सकता। वहां पर एक ऐसा विचित्र सूक्ष्म जीव रहता है, जो सोना उगलता है। आप हैरान न हों, यह एकदम सच है। यह जीव भारी और प्रदूषित धातुओं से भरी मिट्टी में पाया जाता है। यह जीव उन प्रदूषित धातुओं को धीरे-धीरे खा जाता है और फिर 24 कैरेट सोने के महीन टुकड़ों के रूप में परिवर्तित कर उन्हें बाहर निकाल देता है।

**चलता-फिरता सोने का कारखाना :** खाने के बाद वह अपने शरीर में एक रसायन को सक्रिय करता है। ऐसा करने पर उसकी सतह पर ठोस सोना बनने लगता है। यह सोना बेहद महीन आकार में होता है। लेकिन, अगर उसे इकट्ठा किया जाए तो बड़ी मात्रा में ठोस सोना बनाया जा सकता है।



### कैसे हुई सोना बनाने वाले बैक्टीरियम की खोज?

वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह बैक्टीरियम पहली बार 1976 में बेल्जियम के एक धातु-प्रसंस्करण कारखाने के औद्योगिक कचरे में खोजा गया था। यह उन जहरीले वातावरण में पनपता है, जो अन्य जीवों के जीने के लिए विषाक्त होते हैं। जैसे कि खनन अपशिष्ट, धातु-प्रदूषित मिट्टी और औद्योगिक अपशिष्ट स्थल आदि. यह एक लगभग एक ग्राम वजनी रॉड-आकार का बैक्टीरियम है, जो भारी धातुओं (जैसे तांबा, जस्ता, कैडमियम, पारा, और सोना) के प्रति प्रतिरोध के लिए जाना जाता है। यानी कि यह इन सभी धातुओं को खाकर सोने के रूप में बदल सकता है।

### बेहद हाई होता है बैक्टीरियम का मेटाबॉलिज्म

रिसर्च में पता चला है कि इस अनोखे जीव का मेटाबॉलिज्म लेवल बेहद हाई होता है, जिसकी वजह से यह ठोस धातुओं को भी खा जाता है। इसका शरीर प्राकृतिक रूप से डिटॉक्सिफाई मैकेनिज्म से बना है, जिससे इस पर पदार्थों के विषाक्तता का भी कोई असर नहीं होता है। मिट्टी में घुले हानिकारक स्वर्ण आयनों के संपर्क में आने पर यह यह कोप ए और कूप ए जैसे एंजाइम उत्सर्जित करता है। ये एंजाइम विषाक्त यौगिक निष्क्रिय करके उन्हें पचाने में मदद करता है। इसके बाद नैनोकणों के रूप में 24 कैरेट गोल्ड को यह बाहर उगल देता है।



### सोना उगलने वाले अनोखे जीव का नाम क्या है?

इस अनोखे जीव का नाम क्यूप्रियाविडस मेटालिड्यूरांस है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी की टीम ने एक खोज में इस जीव का पता लगाया है। रिसर्च में पता चला है कि यह जीवाणु मिट्टी में दबी सोने और तांबे जैसी विषैली भारी धातुओं से निपटने के लिए अपनी प्राकृतिक रक्षा प्रणाली का उपयोग करता है। वह उन ठोस पदार्थों को धीरे-धीरे खाने लगता है।

---

## क्या आपका अगला बच्चा भी लड़का या लड़की ही होगा? वैज्ञानिकों ने तोड़ा 50-50 का मिथ



लंदन। साइंस एडवांसेज पत्रिका में छपी एक नई रिसर्च ने सारी सोच को ही बदल कर रख दिया है। अब तक माना जाता था कि गर्भावस्था में लड़का या लड़की होने की संभावना बराबर होती है। लेकिन, अभी हुए इस नए शोध से सामने आया है कि ऐसा नहीं है। क्या आपके पास एक ही लिंग के बच्चे हैं और आप चाहते हैं कि अलग बच्चा दूसरे जेंडर का हो? शायद इसकी संभावना उतनी नहीं है, जितना आप सोचते हैं। एक नए अध्ययन में ये सामने आया है कि बच्चे का जेंडर तय करने में मां के जेनेटिक कैसे असर डालते हैं।

**क्या होता है 50-50 चांस :** साइंस एडवांसेज पत्रिका में छपे इस शोध ने एक पुरानी विचारधारा को गलत साबित कर दिया है। पहले ऐसा माना जाता था कि बच्चे का जन्म रैंडम होता है, इसका मतलब की लड़का या लड़की होने की संभावना हमेशा 50-50 प्रतिशत रहती है। इस नए अध्ययन में बहुत ही चौंकाने वाले नतीजे सामने आए हैं।

**क्या आया शोध का रिजल्ट :** आपको बता दें कि जिन परिवारों में पहले से 3 लड़के हैं, वहां अगला बच्चा लड़का होने की संभावना 61 प्रतिशत तक होती है। वहीं, जिन परिवारों में तीन लड़कियां हैं, वहां लड़की होने की संभावना 58 प्रतिशत तक होती है। ये नतीजे 1956 से 2015 के बीच 58 हजार से ज्यादा महिलाओं के आंकड़ों को एनालाइज करके निकाले गए हैं, जिन्होंने 2 या फिर दो से अधिक बच्चों को जन्म दिया।

### कैसे तय होती है संभावना?

शोधकर्ताओं ने बच्चे के लिंग और मां के जेनेटिक्स के असर पर भी खासा गौर किया, उन्होंने पाया कि जिन महिलाओं के बच्चे 28 साल की उम्र के बाद हुए उनमें एक ही जेंडर के बच्चे पैदा करने की संभावना ज्यादा थी। अध्ययन के मुख्य लेखक जॉर्ज चावरो ने बताया कि, हमें नहीं पता था कि ये जीन बच्चे के लिंग से क्यों जुड़े हैं?

---

## पूर्ण चंद्र ग्रहण : 7 सितंबर को आकाश में लाल रंग का नजर आएगा चंद्रमा

बीजिंग। खगोल विज्ञान में दिलचस्पी रखने वालों को जल्दी ही आसमान में चंद्र ग्रहण देखने का मौका मिलने जा रहा है। इस साल 7 सितंबर को पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा। भारत, चीन, रूस, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, पूर्वी अफ्रीका और अरब देशों के रहने वाले लोगों को ये पूर्ण चंद्रग्र ग्रहण सबसे अच्छे से देखने को मिलेगा, जिसे ब्लड मून भी कहा जाता है। चांद का रंग इस दौरान पूरी तरह से बदल जाता है। 7 सितंबर, 2025 को लगने वाला यह चंद्र ग्रहण उत्तरी अमेरिका में दिखाई नहीं देगा। अलास्का के पश्चिमी भाग में आंशिक चंद्र ग्रहण देखा जा सकेगा। ब्रिटेन और पश्चिमी यूरोप में रहने वालों के लिए चंद्रमा के उदय होते ही इसका कुछ अंश देखने का मौका होगा। भारत में ग्रहण रात 08:58 बजे शुरू होकर 01:25 तक चलेगा। इस दौरान लाल या नारंगी रंग का चंद्रमा (ब्लड मून) देखा जा सकेगा।



**चंद्र ग्रहण कब होता है :** पूर्ण चंद्र ग्रहण तब होता है, जब पृथ्वी की छाया पूरी तरह से चांद की सतह पर पड़ती है। सूर्य का प्रकाश चंद्रमा की पूरी डिस्क को प्रकाशित करता है, लेकिन बीच में पृथ्वी के होने से सूर्य के प्रकाश को चंद्रमा तक पहुंचने से पहले पृथ्वी के वायुमंडल से होकर गुजरना पड़ता है।



### 2027 में होगा सूर्य ग्रहण

सूरज और चंद्र ग्रहण खगोल विज्ञान में रूचि रखने वालों को रोमांचित करता रहा है। 2022 के बाद मौजूदा साल यानी 2025 में पूर्ण चंद्र ग्रहण होने जा रहा है। ऐसे में इसे देखने के लिए लोगों में उत्साह है। इसके बाद अगस्त, 2027 में आसमान में एक अनोखी घटना होगी, जब छह मिनट के लिए दुनिया के बड़े हिस्से पर अंधेरा छा जाएगा।

---

## दावा

### धरती की तरफ आ रहा एलियंस का तश्तरी जैसा प्लेन

## नवंबर में पृथ्वी पर स्पेस से होगा अटैक!

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

एलियंस अभी-भी इंसानों के लिए एक रहस्य और पहेली बने हुए हैं। हालांकि, उनके होने को लेकर कई तरह की रिसर्च की जा चुकी हैं, जिनमें हैरान कर देने वाली चीजें सामने आई हैं। हाल ही में वैज्ञानिकों ने एलियंस को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने बताया कि नवंबर में एलियंस धरती से टकरा सकते हैं।

वैज्ञानिकों ने वॉर्निंग देते हुए बतायाक कि मैनहट्टन के आकार का एक रहस्यमय अंतरिक्ष पिंड जमीन की तरफ तेजी से आ रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ऑब्जेक्ट 3I/एलट्स जिसे पहले ए11पी13जेड के तौर पर जाना जाता था, वो एक एलियन तकनीक हो सकती है। यह तेजी के साथ जमीन की तरफ बढ़ रही है और इसके नवंबर 2025 में टकराने की संभावना है।



### कौन हैं दावा करने वाले वैज्ञानिक एवी लोएब?

यह दावा एक नए अध्ययन में किया गया है, जिसे हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के मशहूर वैज्ञानिक एवी लोएब और उनकी टीम ने तैयार किया है। एवी लोएब वही वैज्ञानिक हैं जिन्होंने 2017 में देखे गए इंटरस्टेलर ऑब्जेक्ट 'ओउमुआमुआ' को भी एलियन यान बताया था. उन्होंने बताया कि यह नवंबर के आखिर में सूरज के सबसे करीब आ जाएगा और उस समय जमीन से छिप जाएगा। इसके लिए यही वह समय हो सकता है जब वो खुफिया तौर पर जमीन पर तेज हमला कर सकता है।

---

## पुराना जहाज तलाश रहे थे खोजकर्ता, समुद्र में मिली चीज़ देखकर फटी रह गई आंखें!

एथेंस। पुराने में पानी के जहाजों से खजानों सहित कई बार कीमती चीज़े भी ले जाई जाती थीं। लूट से मिले बहुत सारे खजाने को दूर अपने देश में ले जाने का यूरोपीय लोगों के पास समुद्री जहाज ही जरिया हुआ करते थे। ऐसे में कई बार जहाज डूबने से बहुत ही अनमोल चीजें भी डूब जाती थीं जो समय के साथ ऐसी कहानियां बन जाती थीं, जो किसी फंतासी फसाने से कम नहीं लगती हैं। कई लेखक भी ऐसी कहानियों के हिस्से को अपने उपन्यास आदि में इस्तेमाल करते थे. हाल ही में खोजकर्ताओं को पहली शताब्दी ईसा पूर्व में यूनान के एक द्वीप के पास डूबे जहाज़ एंटीकिथेरा से जुड़ी कुछ हैरान करने वाली चीज़ें मिली हैं। इनमें से एक विश्व का पहला एनालॉग कंप्यूटर माना जाने वाला एंटीकिथेरा तंत्र भी बताया जा रहा है।

**क्या है ये एंटीकिथेरा तंत्र :** एंटीकिथेरा तंत्र लगभग 2000 साल पुराना है, एक जटिल उपकरण था, जिसका उपयोग ग्रहण, चंद्रमा के चरणों और शायद ग्रहों की गति की भविष्यवाणी के लिए किया जाता था। इसकी खोज 1900 में कैप्टन दिमित्रियोस कोंडोस और उनकी साइमी द्वीप की गोताखोर टीम ने की थी। यह तंत्र इतना महत्वपूर्ण है कि इसने हॉलीवुड फिल्म 'इंडियाना जोन्स एंड द डायल ऑफ डेस्टिनी' के कुछ हिस्सों को प्रेरित किया।

एंटीकिथेरा जहाज़ अपने आप में एक अनमोल खजाना था। इसमें विश्व का पहला एनालॉग कंप्यूटर माना जाने वाला एंटीकिथेरा तंत्र भी था। लेकिन, अब लगता है कि कहानी कुछ और है। अब एंटीकिथेरा से जुड़े मिले नए अवशेषों ने पुरातत्वविदों के सामने एक नया रहस्य खड़ा कर दिया है। इस जहाज़ के साथ एक और जहाज़ के अवशेष मिले हैं, जो शायद उसी समय समुद्र की गहराइयों में डूब गया था और इसमें मिले नए अवशेष में दुनिया का असली पहला एनालॉग कंप्यूटर लगता है। नई खोज ने काफी जानकारी बदल कर रख दी है। इसने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। नए मिले लकड़ी के अवशेषों ने शोधकर्ताओं को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या यह जहाज़ अकेला नहीं था? उससे भी अहम सवाल, क्या दुनिया का पहला एनालॉग कंप्यूटर, जो समझा जा रहा था, वह नहीं था? क्या नया मिला अवशेष ही असली एंटीकिथेरा तंत्र है?



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com